# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक – 2 । नर्मदापुरम, रविवार 30 मार्च 2025 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 2.00 रुपए



कुल्हाड़ी से हमला करने वाले को 5 वर्ष की सजा — पृष्ठ 2

- सुर से प्यार करने वाला इंसान बड़ी खूबियों का हासिल होता है
- बनने और बनाने का सीजन — पृष्ठ 4

- कलेक्टर बोले, प्रयास सराहनीय, बेहतर से बेहतर करें काम — पृष्ठ 5

नव संवत्सर सभी के जीवन में सुख समृद्धि का भाव लाए : डॉ. यादव — पृष्ठ 8


छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों को मिली एक और कामयाबी

# सुकमा में 17 नक्सली ढेर



## नक्सली लीडर जगदीश उर्फ बुधरा को मार गिराया, 25 लाख का था इनाम

**सुकमा, देशबन्धु।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच जारी मुठभेड़ में एक बड़ी सफलता हासिल हुई है। सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के प्रमुख लीडर जगदीश उर्फ बुधरा को मार गिराया, इसके बाद मारे गए नक्सलियों की संख्या 17 तक पहुंच गई है। जगदीश उर्फ बुधरा दरभा डिवीज़न का इंचार्ज था और उसके ऊपर 25 लाख रुपए का इनाम था। वह सुकमा जिले के ग्राम पिट्टेडब्बा, थाना कूकानार, और ग्राम पाउरगुडेम, थाना पामेड़ का निवासी था। लगभग 40 साल की उम्र में बुधरा नक्सली संगठन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा था। वह झीरम हत्याकांड में भी शामिल था, जो एक बड़ा राजनीतिक हिंसा का मामला था। इसके अलावा, वह 2023 में सुकमा जिले के अरणपुर में हुई उस घटना का भी हिस्सा था, जिसमें डीआरजी (डिस्ट्रीक्ट रिजर्व गार्ड) के जवान शहीद हो गए थे। डीआरजी और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने 28 मार्च को नक्सलियों की उपस्थिति के बारे में जानकारी मिलने के बाद ऑपरेशन शुरू किया था। यह कार्रवाई उप्पमपल्ली ग्राम के पास हुई, जहां नक्सली राशन लेने के लिए पहुंचे थे। सुरक्षाबलों ने इसके एक दिन पहले से इलाके में तलाशी और फायरिंग शुरू कर दी थी, इसके बाद यह बड़ी मुठभेड़ हुई।

## नक्सलवाद खत्म करने को संकल्पित : शाह

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि हमारी सुरक्षा एजेंसियों ने सुकमा में एक अभियान में 17 नक्सलियों को ढेर कर दिया है। ऑटोमेटिक हथियारों का एक बड़ा जखीरा बरामद किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम 31 मार्च 2026 से पहले नक्सलवाद को खत्म करने के लिए संकल्पित हैं। शाह ने कहा कि हथियार और हिंसा से बदलाव नहीं आ सकता, केवल शांति और विकास से ही बदलाव लाया जा सकता है। नक्सलियों से हथियार छोड़कर सरेंडर करने की अपील की गई है।

## जवानों को मिली कामयाबी सराहनीय : साय

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि नक्सलवाद के नासूर को खत्म करने की दिशा में छत्तीसगढ़ ने कदम बढ़ा दिए हैं। सुरक्षाबलों के जवान नक्सलियों की मांद में घुसकर उनको जड़ से खत्म करने का काम कर रहे हैं। जवानों को मिली यह कामयाबी सराहनीय है, उनकी बहादुरी को नमन करता हूं।

म्यांमार के कई क्षेत्रों में आपातकाल की घोषणा, खोज और बचाव अभियान जारी

# भूकंप से अब तक 1 हजार लोगों की मौत

- बैंकॉक में भी 30 मंजिला इमारत गिरी, 10 मरे
- भूकंप में 24 सौ से ज्यादा लोग हुए घायल
- 1 करोड़ से अधिक लोगों को सहायता की जरूरत
- 10 हजार से अधिक लोगों की मौत की आशंका



**यांगून, एजेंसी।** शुक्रवार को 7.7 तीव्रता के भूकंप के बाद म्यांमार में भारी तबाही हुई है। भूकंप के झटके थाईलैंड, बांग्लादेश, चीन और भारत तक महसूस किए गए थे। रॉयटर्स के मुताबिक म्यांमार की सैन्य सरकार ने कहा है कि मरने वालों का आंकड़ा 1,002 हो चुका है, जबकि 2400 से ज्यादा लोग घायल हैं। उधर, थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में एक 30 मंजिला इमारत गिर गई है। इसमें 10 लोगों की मौत हुई है।

रेड क्रॉस के अनुसार, म्यांमार में 1.9 करोड़ से अधिक लोगों को मानवीय सहायता की तत्काल आवश्यकता है, जिनमें से अनेक लोग विस्थापित हैं, खाद्य असुरक्षा का सामना कर रहे हैं तथा संघर्ष के कारण स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में कमी से पीड़ित हैं। भूकंप की तीव्रता और गहराई के आधार पर पूर्वानुमानात्मक विश्लेषण करते हुए अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने अनुमान लगाया है कि 10,000 से अधिक लोगों की मौत की आशंका है। नुकसान देश के सकल घरेलू उत्पाद से भी अधिक हो सकता है। म्यांमार की सैन्य सरकार ने मांडले और राजधानी नेपीडॉ सहित कई क्षेत्रों में आपातकाल की घोषणा की और कहा है कि सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में खोज और बचाव अभियान जारी है।

## भारत ने मानवीय सहायता की पहली खेप भेजी

नई दिल्ली। भारत ने भूकंप से बुरी तरह प्रभावित म्यांमार के लोगों के लिए मानवीय सहायता की पहली खेप भेजी है। विदेश मंत्री डॉक्टर एस जयशंकर ने शनिवार को यह जानकारी दी। डॉ जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर अपने पोस्ट में लिखा, वायु सेना का सी–130 विमान कंबल, तिरपाल, स्वच्छता किट, स्लीपिंग बैग, सोलर लैंप, भोजन के पैकेट और रसोई सेट लेकर जा रहा है। इस उड़ान के साथ एक खोज और बचाव दल और चिकित्सा दल भी है। हम घटनाक्रम पर नज़र रखना जारी रखेंगे और आगे और सहायता भेजी जाएगी।

## जस्टिस वर्मा के खिलाफ वकीलों का प्रदर्शन

**वाराणसी, एजेंसी।** केंद्र सरकार द्वारा दिल्ली हाई कोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के इलाहाबाद हाई कोर्ट में ट्रांसफर की मंजूरी के बाद वाराणसी में वकीलों ने शनिवार को विरोध प्रदर्शन किया। वाराणसी सेंट्रल बार के अध्यक्ष मंगलेश दुबे ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के पास एक मौका था, जिसमें वह दिखाते कि भ्रष्टाचार के खिलाफ उनकी जीरो टॉलरेंस की नीति है। लेकिन, जस्टिस यशवंत वर्मा के मामले में ऐसा देखने को नहीं मिला। कोई स्टैंड लेने के बजाय, सर्वोच्च न्यायालय अपने फैसले पर अड़े रहा और दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा को इलाहाबाद हाईकोर्ट ट्रांसफर कर दिया गया। लोकतांत्रिक प्रणाली में वकीलों के अधिकार छीन लिए गए। उन्होंने कहा कि हम भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन कर रहे हैं और इसलिए आज काम नहीं होगा। इस दौरान वाराणसी कचहरी में वकीलों ने जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की।

एटीएम निकासी शुल्क बढ़ाना जनविरोधी कदम

# सरकार ने बैंकों को कलेक्शन एजेंट बनाया



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एटीएम से पैसे निकालने पर शुल्क बढ़ाने के सरकार के निर्णय को जन विरोधी करार देते हुए कहा है कि सरकार बैंकों के माध्यम से देश की जनता को लूटने का काम कर रही है।

श्री खड़गे ने कहा कि बैंक एटीएम, केवाईसी, व्हाट्सएप पर निकासी तथा जमा संबंधी संदेश देने, ग्राहक का अपने खाते का विवरण हासिल करने आदि पर पैसे वसूल कर आम लोगों को लूटने में लगी है। पहले बैंक इसका डाटा देते थे, लेकिन अब सरकार यह कहते हुए डाटा देने से इनकार कर दिया कि रिजर्व बैंक डाटा नहीं रखता है। उन्होंने एटीएम पर शुल्क बढ़ाने को दुर्भाग्यपूर्ण करार देते हुए कहा, दुर्भाग्य से मोदी सरकार ने हमारे बैंकों को 'कलेक्शन एजेंट' बना दिया है। एटीएम निकासी शुल्क महंगा होगा। मोदी सरकार ने 2018 से 2024 के बीच बचत खातों और जन धन खातों से न्यूनतम शेष राशि न रखने के कारण कम से कम 43,500 करोड़ रुपए निकाले हैं। श्री खरगे ने बैंकों पर नागरिकों को लूटने का आरोप लगाते हुए उन्होंने बैंकों द्वारा वसूले जाने वाले शुल्कों का विवरण देते हुए ने कहा, बैंकों को सालाना निष्क्रियता शुल्क 100–200 रुपए है।

## कुप्रबंधन ने बैंकिंग क्षेत्र को बर्बाद किया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि नियामक कुप्रबंधन तथा सरकार के नजदीकी पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने वाले कदमों के कारण देश के बैंकिंग सिस्टम को बर्बाद कर दिया है और बैंक गंभीर संकट में आ गए हैं। श्री गांधी ने कहा कि बैंकों में भाई–भतीजावाद चल रहा है और सरकार के करीबी उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए उनका ऋण माफ किया जा रहा है। संसद परिसर में उनसे मिलने आए आईसीआईसीआई बैंक के प्रतिनिधियों से हुई बातचीत में उनकी शिकायतों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों की कीमत कर्मचारियों को चुकानी पड़ रही है और उनका शोषण तथा उत्पीड़न हो रहा है। उन्होंने शोषण का शिकार लोगों से उनसे मिलकर अपनी पीड़ा व्यक्त करने भी आग्रह किया है।

मुख्यमंत्री उज्जैन से करेंगे जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ

# क्षिप्रा तट से होगी प्रदेशव्यापी जल संरक्षण अभियान की शुरुआत

## 30 जून तक चलेगा अभियान



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश में वर्षा जल की बूंद–बूंद बचाने का जल गंगा संवर्धन महा अभियान गुड़ी पड़वा के दिन 30 मार्च से शुरू होने जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन स्थित क्षिप्रा तट पर वरुण (जल देवता) पूजन और जलाभिषेक के साथ जल गंगा संवर्धन अभियान का विधिवत शुभारंभ करेंगे। यह प्रदेशव्यापी अभियान ग्रीष्म ऋतु में 30 जून तक 90 दिन से अधिक समय तक लगातार चलेगा। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव हर दिन एक छोटी–बड़ी जल संरचना को लोकार्पित करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जल संरक्षण अभियान देशभर में एक व्यापक जन–आंदोलन बना है। राज्य सरकार भी खेत का पानी खेत में–गांव का पानी गांव में के सिद्धांत पर जल संरक्षण की दिशा में अभियान चला रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान में जल संरक्षण को प्रोत्साहित करने के लिए वर्षा जल संचयन, जल स्त्रोतों का पुनर्जीवन और जल संरक्षण तकनीकों को अपनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि वे जल संरक्षण से जुड़ी योजनाओं को प्राथमिकता देकर अधिक से अधिक लोगों को अभियान से जोड़ें। उन्होंने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान, प्रदेश में जल की प्रचुर उपलब्धता और भावी पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षा सुनिश्चित करने में मील का पत्थर सिद्ध होगा।

## एक दर्जन से अधिक विभाग करेंगे जल संरचनाओं का जीर्णोद्धार

प्रदेशव्यापी जल संवर्धन अभियान में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के जल संसाधन, नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण, पर्यावरण विभाग, नगरीय विकास एवं आवास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, स्कूल शिक्षा, उद्यानिकी एवं कृषि सहित 12 से अधिक अन्य विभाग साथ मिलकर जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार के कार्य करेंगे। अभियान की थीम जन सहभागिता से जल स्त्रोतों का संवर्धन एवं संरक्षण रखी गई है।

# कुणाल कामरा पर 3 नए मामले दर्ज

## कल पूछताछ के लिए बुलाया

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई के खार पुलिस स्टेशन में कॉमेडियन कुणाल कामरा के खिलाफ तीन अलग–अलग मामले दर्ज किए गए हैं। इन तीनों मामलों में महाराष्ट्र के विभिन्न स्थानों से जीरो एफआईआर के तहत शिकायतें मुंबई के खार पुलिस स्टेशन में ट्रांसफर की गई हैं। यह एफआईआर बुलढाना, नाशिक और ठाणे जिलों से दर्ज की गई थीं और अब इनकी जांच मुंबई के खार पुलिस स्टेशन द्वारा की जा रही है। मुंबई पुलिस के अनुसार इन मामलों में कामरा पर आरोप है कि उन्होंने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां की थीं।

खार पुलिस इन मामलों की जांच कर रही है, और पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वे इस मामले में उचित कानूनी कार्रवाई करेंगे। इस संबंध में कुणाल कामरा को दो बार पूछताछ के लिए बुलाया जा चुका है, लेकिन वो पुलिस स्टेशन में उपस्थित नहीं हुए हैं। पुलिस ने उन्हें 31 मार्च तक पूछताछ के लिए हाजिर होने का निर्देश दिया है।






कई राज्यों में बदला मौसम का मिजाज

# तेज हवाओं व बारिश ने दिलाई गर्मी से राहत

## मध्य प्रदेश में भी हल्की बारिश के आसार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली समेत देशभर के कई राज्यों में एक बार फिर मौसम का मिजाज बदल गया है। एक और जहां मार्च महीने में गर्मी ने पिछले रेकॉर्ड तोड़ दिए, तो वहीं अब महीने के अंत में तेज हवाओं ने एक बार फिर तापमान कम कर दिया है। मौसम विभाग ने पूर्वानुमान जारी किया है। पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव उत्तरी भारत में बना रहेगा, जबकि दक्षिण और पूर्वी क्षेत्रों में गर्मी और उमस का असर रहेगा। आईएमडी ने तेज हवाओं, हल्की बारिश और कुछ इलाकों में बर्फबारी की भविष्यवाणी की है। जानिए कल कहां कैसा मौसम रहेगा। मध्य प्रदेश में कल पश्चिमी क्षेत्रों में हल्की बारिश की संभावना है, जबकि पूर्वी हिस्सों में बादल छाए रहेंगे। अधिकतम तापमान 35–37 डिग्री और न्यूनतम 18–20 डिग्री रहेगा। तेज हवाएं चलेंगी, जिससे मौसम में कुछ राहत मिलेगी। हिमाचल प्रदेश में कल पश्चिमी विक्षोभ का असर साफ दिखेगा।

# शहादत देने में जम्मू कश्मीर पुलिस सबसे आगे

• सुरेश एस डुग्गर

- 1989 से अब तक 1709 अफसरों-जवानों को गंवा चुकी
- गैर सरकारी तौर पर संख्या 1850 से ज्यादा

**जम्मू, देशबन्धु।** देश में जब शहादत देने की बात आती है तो जम्मू कश्मीर पुलिस को भूला नहीं जा सकता। वर्ष 1989 से लेकर अभी तक प्रदेश में 1709 पुलिसकर्मी मारे भी जा चुके हैं। गैर सरकारी तौर पर मरने वाले पुलिसकर्मियों की संख्या 1850 से ज्यादा है।

आधिकारिक आंकड़ों के बकौल, कश्मीर में आतंकी हिंसा में मृत पुलिसकर्मियों में सबसे अधिक कांस्टेबल हैं जिनकी संख्या 593 है तो उसके बाद दूसरा स्थान एसपीओ अर्थात विशेष पुलिस अधिकारियों का आता है। आंकड़ों के मुताबिक, 566 एसपीओ इस अवधि में जान गंवा चुके हैं। जम्मू कश्मीर पुलिस की शहादत की शोर्यगाथाएं भी अपना एक मुकाम रखती हैं। तभी तो इन शहादतों के लिए वे कई बार कई पदकों से नवाजी जा चुकी है। इन शहादतों के लिए उसे अभी तक एक अशोक चक्र, दो कीर्ति चक्र, 18 शौर्य चक्र, 1672 प्रेसिडेंट पुलिस गैलेंटरी अवार्ड तथा 1822 जम्मू कश्मीर पुलिस मेडल फार गैलेंटरी भी प्राप्त हुए हैं।

कश्मीर में फैले आतंकवाद की तस्वीर का एक पहलू यह है कि जम्मू कश्मीर पुलिस कभी सिर्फ लाशें गिनने वाली फोर्स बन रह गई थी पर अब वह सबसे आगे रहकर आतंकवाद का खात्मा करने की ओर अग्रसर है। आतंकी हमलों, चेतावनियों और धमकियों के बावजूद कश्मीर में मारे जाने वाले हजारों आतंकियों में से आधे की मौत में जम्मू कश्मीर पुलिस की प्रमुख भूमिका रही है।

## 22 डीएसपी, 28 इंस्पेक्टर हो चुके शहीद

कश्मीर में 37 सालों से फैले आतंकवाद के दौर में जम्मू कश्मीर पुलिस एक डीआईजी, एक एसपी, 22 डीएसपी, 28 इंस्पेक्टर, 39 सब इंस्पेक्टर और 70 एएसआई रैंक के अधिकारियों को भी खो चुकी है। यही नहीं 153 हेड कांस्टेबल, 191 सीनियर ग्रेड कांस्टेबल तथा 26 फालोअर्स भी आतंकी हिंसा में शहादत पा चुके हैं।

## सार-समाचार

### घर में लगी आग, सामान खाक



**सांची, देशबन्धु।** सलामतपुर चौराहे पर गौरीशंकर काल के घर में आग लग गई इसमे आभूषण सहित घरेलू सामान जलकर राख हो गया। आग का कारण शार्ट सर्किट से लगना बताया जा रहा है। सूचना मिलते ही हंड्रेड डायल पुलिस एवं फायर बिग्रेड तत्काल मौके पर पहुंच गई एवं आग की लपटें व धुआं जबरदस्त था सांची हंड्रेड डायल पुलिस एवं फायर ने कडी मशक्कत करते हुए आग पर काबू पाया। बताया जाता है इस आग से घर मे रखा पूरा सामान खाक हो गया एवं सोने चांदी के जेवरात भी झुलसे दिखाई दिये ।इन गर्मी के दिनों में लगातार आग की घटनाएं सामने आ रही है इस अग्निकांड से लगभग एक लाख रुपए का नुकसान होने का अनुमान लगाया गया है।

### आवासीय विद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन



**बुधनी, देशबन्धु।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीहोर के अध्यक्ष सतीश चंद शर्मा, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय के मार्गदर्शन में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बासापुर बुदनी में आयोजित विधिक जागरूकता शिविर में वैभव विकास शर्मा, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति बुदनी द्वारा विधिक सहायता के प्रावधानों, विधिक सहायता के गठन व स्थापना सविधान में उल्लेखित मौलिक अधिकार मौलिक कर्तव्यों ट्रैफिक नियम, किशोर न्याय बोर्ड अधिनियम एवं पॉक्सो एक्ट से संबंधित कानूनों के संबंधित में सारगर्मित रूप से जानकारी दी गयी तथा कार्याक्रम में उपस्थित छात्रों को प्रश्नोत्तर के माध्यम से भी जानकारी दी। उक्त कार्यक्रम में संस्था प्रभारी प्राचार्य आशुतोष मिश्रा एवं समस्त शाला स्टाफ एवं छात्र एक छात्राएं उपस्थित रहे।

### पहली कक्षा में प्रवेश लेने वाले बच्चों के लिए दी सामग्री



**सिरोंज, देशबन्धु।** 1 अप्रैल से प्रारंभ होने वाले नवीन शैक्षणिक सत्र के लिए प्रायोजित शाला में पहला कदम अभियान में शासकीय विद्यालय में कक्षा एक में प्रवेश लेने वाले छात्र–छात्राओं को 51 किट का वितरण हेतु थोक अनाज तिलहन व्यापार संघ ने बी आर सी सी कार्यालय जाकर राशि प्रदान की। इस दौरान प्रभारी ओमप्रकाश रघुवंशी, समीर भार्गव,राजेश मित्तल शिवकुमार साहू,प्रियांक जैन,शैलेश जैन लोकेश जैन आदि मौजूद रहे।

### `जल गंगा संवर्धन अभियान

**रायसेन, देशबन्धु।** प्रदेश के साथ ही रायसेन जिले में भी सभी निकायों और ग्राम पंचायतों में वर्षा जल के संरक्षण और संवर्धन के उद्देश्य के साथ 30 मार्च से जल गंगा संवर्धन अभियान प्रारंभ किया जा रहा है। कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा द्वारा जिले में अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु प्रत्येक स्तर पर दल गठित किए गए हैं।

विद्युत वितरण कंपनी की टीम ने बिजली चोरी के खिलाफ की कार्रवाई

# अवैध रूप से चल रही थी मोटर, विद्युत विभाग ने बनाया प्रकरण



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** विद्युत वितरण कंपनी की टीम ने बिजली चोरी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक प्रकरण बनाया है। विद्युत वितरण कंपनी नटेरन की विजिलेंस टीम ने बिजली चोरी की जांच के लिए नटेरन तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम बमूरिया, ग्राम फूफैर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में निरीक्षण किया। इस दौरान, उन ग्रामीणों की जांच की गई जो बिना विद्युत कनेक्शन के चोरी से बिजली का उपयोग कर रहे थे।

ग्राम फूफैर में रघुवीर सिंह राजपूत को बिना कनेक्शन के मोटर की सहायता से खेत में सिंचाई के लिए चोरी से बिजली का उपयोग करते हुए पाए गए। टीम ने मौके पर पहुंचकर विद्युत केबल लाइन जब्त की और बिजली चोरी का प्रकरण बनाया गया है। इस मामले में जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी। यह भी जानकारी मिली है कि ग्राम फूफैर में लगभग एक दर्जन ग्रामीण घरों और बगीचों में कई सालों से बिना कनेक्शन के मोटर चलाकर बिजली की चोरी कर रहे हैं। जिससे विद्युत वितरण कंपनी को प्रतिमाह हजारों रुपए के राजस्व की हानि हो रही है। नटेरन जेई पंकज गोहटे के अनुसार, विद्युत कंपनी की विजिलेंस टीम बिजली चोरी और अनियमित उपयोग के मामलों की नियमित जांच कर रही है और यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। बिजली चोरी एक कानूनी अपराध है, और इसके लिए दोषी व्यक्तियों को जेल की सजा व जुर्माना भुगतना पड़ सकता है।

## सतना से रेस्क्यू कर लाए विशेष प्रजाति के गिद्ध को सरार बीट में छोड़ा



**रायसेन, देशबन्धु।** वन मंडल रायसेन अंतर्गत बीट सरार के कक्ष क्रमांक आरएफ 3 में शनिवार को एक यूरेशियन वल्चर (गिद्ध की प्रजाति) को छोड़ा गया। इस वल्चर को सतना वन मंडल से रेस्क्यू किया गया था, मुकुंदपुर रेस्क्यू सेंटर और वन विहार में उपचार उपरांत आज सुरक्षित इसे सरार बीट में छोड़ा गया। इस क्षेत्र में गिद्ध के लिए अनुकूल परिस्थिति, वातावरण और गिद्धों की अधिक संख्या को ध्यान में रखते हुए इस स्थान में वल्चर को रिलीज किया गया है। इस अवसर पर वन बल प्रमुख मध्य प्रदेश असीम श्रीवास्तव, मुख्य वन प्राणी अभिरक्षक मध्यप्रदेश शुभ रंजन सेन, डब्लूडब्लूएफ की टीम, एनजीओ बीएनएचएस की टीम के साथ ही मुख्य वन संरक्षक भोपाल, वन मंडल अधिकारी रायसेन और विदिशा, उपवनमण्डल अधिकारी रायसेन और दोनों रायसेन, विदिशा वनमण्डल का स्टाफ मौजूद रहा।

## राणा सांगा टिप्पणी विवाद में भारतीय क्षत्रिय महासभा ने ज्ञापन सौपा



**सीहोर, देशबन्धु।** भारतीय क्षत्रिय महासभा सीहोर द्वारा प्रधानमंत्री के नाम कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंच ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया है कि देश के महान राष्ट्र भक्त राणा सांगा वीर योद्धा पर समाजवादी पार्टी के रा'यसभा सासंद रामजी लाल सुमन द्वारा अशोभनीय, आमर्यादित, अभद्र, अपमानजनक टिप्पणी कि गयीं ।इससे समस्त क्षत्रिय राजपूत समाज आहत हैं। यह टिप्पणी मात्र नहीं बल्कि इतिहास को तोड़–मरोड़ कर अपने अनूकूल राजनीति करने वाला साधन बनाने का प्रयास हैं। यह वक्तव्य उन शूरवीरों को नीचा दिखाने का प्रयास है। साथ ही देश में एक दूसरी जातियों को लड़ाने का ,भाईचारे को मिटाने की सोची समझी साजिश है। समस्त क्षत्रिय राजपूतों मे नाराजगी है, ऐसे लोगों को कभी माफ नहीं करेंगे।

ज्ञापन कलेक्टर कि ओर से संयुक्त कलेक्टर वदंना राजपूत को अखिल भारतीय समाज के अध्यक्ष गणेश सिंह चौहान द्वारा दिया गया। साथ में विजय सिंह तोमर, शिवशंकर सिंह, इंद्रपाल सिंह, मुकेश दरबार, नरेन्द्र सिंह चौहान, गोपाल सिंह, राजेंद्र सिंह सिकरवार, शैलेन्द्र सिंह चंदेल, महेंद्र सिंह चौहान, जितेन्द्र सिंह राठौड़, अजीत सिदंल, ईश्वर सिंह चौहान करणी सेना अध्यक्ष, शैलेंद्र सिंह सोलंकी, अंकित चौहान, सौरभ सिसोदिया, लाखनसिंह गौर, सुरेंद्र सिंह ठाकुर, वीरेन्द्र सिंह भाटी आष्टा, सुनील सिकरवार, रविंद्र सिंह राजपूत, जितेंद्र सिंह ठाकुर, विजोरी, राजेश गौर, और अन्य राजपूत बंधु मौजूद थे।

## हथियारों से मारपीट करने वाले आरोपितों को 7-7 वर्ष का कारावास

**गंजबासौदा, देशबन्धु।** दो युवकों के साथ हथियारों से मारपीट करने वाले आरोपितों को द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश हर प्रसाद वंशकार के न्यायालय ने 29मार्च शनिवार को सात–सात वर्ष का कारावास एवं साढे छह हजार रुपए के अर्थ दंड से दंडित किया है। अतिरिक्त लोक अभियोजक नरेंद्र कुमार व्यास ने बताया कि 8 फरवरी 2022 को फरियादी संकेत प्रजापति को सोनू रघुवंशी मोटरसाइकिल से बैतोली उसके घर छोड़ने जा रहा था। उसी समय हरी नगर पुलिया के पास घात लगाए बैठे आरोपित रंजीत यादव, नरेंद्र यादव, लाल अहिरवार ने मोटरसाइकिल से पीछे आए बाइक में टक्कर मारी और दोनों के गिरने के बाद धार दार हथियार से ताबड़तोड़ हमला कर लहूलुहान कर दिया मृत समझ कर छोड़कर मौके से फरार हो गए घायलों को परिवार द्वारा अस्पताल लाया गया फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने भारतीय दंड विधान की धारा 307, 323 एवं 25 आयुध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर शहर पुलिस द्वारा न्यायालय में पेश किया गया। द्वितीय पर सत्र न्यायाधीश हर प्रसाद बंशकार ने साक्ष्य गवाहों एवं अतिरिक्त लोक अभियोजक नरेंद्र व्यास के तर्कों के आधार पर आरोपित नारेद्र सिंह यादव, लाल सिंह उर्फ लाल अहिरवार को सात–सात वर्ष का कारावास एवं 6ऽ30 हजार रुपए के अर्थ दंड से दंडित किया है। मामले को न्यायालय में विचरण दौरान एक आरोपित रणजीत सिंह की पूर्व में ही मृत्यु हो चुकी थी।

## दिन में घर के बाहर रखा लोहे का सामान चोरी



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** नगर में जगह–जगह छोटे छोटे बच्चे के अलावा महिला पुरुष कुछ कंजर जाति के लोग पन्नी बीनते दिखाई दिए, लेकिन अब इनसे सावधान रहने की आवश्यकता है, क्योंकि वह दिन दहाड़े चोरी करते भी दिखाई दे रहे हैं। हम ऐसे ही यह बात नहीं कह रहे शनिवार की सुबह करीब 10 बजकर 46 मिनट पर रेल्वे स्टेशन के समीप जले मिल परिसर में बने एक घर के बाहर रखा अनुपयोगी लोहे का सामान यह पन्नी बीनने वाले ले गए। जिसमें नाबालिग भी शामिल हैं। यह पूरी घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई। परिजनों ने इस घटना की सूचना पुलिस को भी दी। नगर में यह कंजर जाति के लोग जगह जगह रेल्वे स्टेशन के समीप, दमयंती धर्मकांटे पुलिया के समीप, चक्क हनुमान मंदिर के समीप सहित अनेक स्थानों पर डेरा जमाए रहते हैं और कभी सामग्री बेचने ओर कभी पन्नी बीनने के रोजगार करने की बात कहते हैं। पूर्व में प्राचीन मील माता मंदिर सहित ऐसी अनेक चोरी शहर में भी हुई जिनमें पुलिस को भी इन कंजर व पारदी जाति के लोगों के शामिल होने का संदेह हुआ।

## सिंजारा पूजन के साथ गणगौर पर्व का समापन



**भेरूंदा, देशबन्धु।** नगर शहर सहित आस–पास के स्थानों में हर साल की तरह इस साल भी गणगौर का पर्व आस्था और उत्साह के साथ मनाया गया है महिलाओं–युवतियों ने शनिवार को सिंजारा मनाया। महिलाओं और युवतियों ने हाथों में मेहंदी लगाई और विशेष श्रंगार किया। भगवान शंकर–पार्वती के रूप में ईसर–गणगौर का पूजन किया जाएगा। बड़ी संख्या में महिलाओं ने शहर के शास्त्री कॉलोनी जैन मंदिर में, छोटा बाजार स्थित मारवाड़ी वैश्य धर्मशाला में सिंजारा पूजन पूर्ण–विधि विधान से की। धर्मशाला, गुड बाजार, सरवर कॉलोनी मामा कॉलोनी बबीता अग्रवाल के घर में भव्य रूप से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सामूहिक रूप से मारवाड़ी वैश्य धर्मशाला, शास्त्री कॉलोनी जैन मंदिर, बबीता अग्रवाल के घर में झाले दिए गए। अग्रवाल समाज, वैश्य महा सम्मेलन, वैश्य समाज महिला मंडल के संयुक्त रूप से किया गया शनिवार को सौभाग्य सुंदरी व्रत के पावन अवसर पर पर्व का समापन किया गया। काल हाई स्कूल ग्राउंड तक भव्य चल समारोह निकाला जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष एवं वैश्य समाज अध्यक्ष श्रीमती ज्योति अग्रवाल ने बताया की संगीता अग्रवाल, उमा मांगीलाल खंडेलवाल, रमा शिशिर, सीमा धामनी, डांली सोनी, दीक्षा अग्रवाल, रीना अग्रवाल, रानी अग्रवाल, विनीता खंडेलवाल, पूजा बैरागी, राधिका जेमनी, शिखा खंडेलवाल, प्रीति खंडेलवाल, ज्योति खंडेलवाल, अलका चौहान, सारिका लोया, सपना खंडेलवाल, शिल्पा खंडेलवाल, गरिमा खंडेलवाल, के मार्गदर्शन में गणगौर का पर्व महिलाओं के द्वारा पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। उन्होंने बताया कि पीहर में आकर गणगौर पूजन करने वाली नव विवाहिताओं अथवा शीघ्र वैवाहिक जीवन में बंधने वाली युवतियों ने सिंजारा मनाया। इसके तहत उनके ससुराल से विशेष रूप से घेवर, मेवा, आभूषण, साडियां, सोलह श्रंगार की सामग्री भेजी गई। कई इलाकों में महिलाओं और युवतियों ने मेहंदी लगाकर विशेष श्रंगार किया। सिंजारे पर गीत–संगीत के कार्यक्रम हुए। 16 दिन तक मनाया जाने वाले यह पर्व होली के बाद प्रारंभ हो जाता है और महिलाएं व बालिकाएं घर पर मिट्टी के ईसर–पार्वती बनाकर प्रतिदिन सुबह पूजन व शाम को आरती करती है और झाले लेने के साथ भजन–कीर्तन करती है ।

## त्यौहारों पर न बिके मांस, विहिप ने सौंपा ज्ञापन



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** शनिवार को विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के तत्वावधान में कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा गया। जिसमें मांग की गई है कि आगामी 30 मार्च से 12 अप्रैल तक हिंदू समाज के पावन पर्व नवरात्रि, श्री रामनवमी, श्री महावीर जयंती, श्री हनुमान जन्मोत्सव पर्व हैं। इन सभी त्यौहारों को बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। इसका देखते हुए इन पर्वों के समय हिंदू जनमानस आस्था के साथ अपने धार्मिक स्थान मंदिरों पर पूजा पाठ के लिए अधिक संख्या में पहुंचते हैं पूजन में स्वच्छता का विशेष महत्व है एवं महावीर जयंती अहिंसा का पर्व है इसलिए इन पर्वों के दौरान मांसाहार को प्रतिबंधित किया जाये जिससे हिन्दू समाज अपने त्यौहार स्वच्छता, पवित्रता और आस्था के साथ मना सकें।

**मंदिरों में जल चढ़ाने पहुंचेगी महिलाएं:** इसके अतिरिक्त ज्ञापन में बताया गया कि नवरात्रि पर्व में महिलाएं प्रातः काल 4 बजे से ही मंदिरों में जल चढ़ाने हेतु निकलतीं हैं एवं देर रात्रि तक श्रद्धालुगण मंदिरों में पहुंचते हैं इस दौरान मंदिरों में असमाजिक तत्व सक्रिय हो जाते हैं इसलिए नवरात्रि के दौरान प्रात- एवं शायं मंदिरों के पास पुलिस बल बढ़ाया जाये एवं असमाजिक तत्वों पर उचित कार्रवाई की जावे अन्यथा बजरंग दल स्वयं माता, बहनों की सुरक्षा के लिए तत्पर रहेगा इस दौरान बड़ी संख्या में विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ विद्यार्थियों ने आयोजित किया विदाई समारोह



**आष्टा, देशबन्धु।** जीवन के सफर में मंजिल की तरफ बढ़ते कदमों के साथ–साथ पुराने पड़ाव छूटते चले जाते हैं ऐसा ही विद्यार्थी जीवन में विद्यार्थियों के स्कूली जीवन में भी होता है जब स्कूली शिक्षा को पूरा करने पर महाविद्यालय उच्च शिक्षा अध्ययन हेतु आगे बढ़ते हैं ।इसी संदर्भ स्थानीय टैलेंट इनोवेटिव हायर सेकेंडरी स्कूल में विदाई समारोह का गरिमामय आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर मां सरस्वती व संस्था के प्रेरणा पुंज स्वर्गीय बद्रीलाल जायसवाल के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। समारोह में कक्षा बारहवीं के के छात्र छात्राओं को तिलक लगाकर व पुष्प गु' छ देकर उनका स्वागत किया गया एवं रंगारंग कार्यक्रमों से विदाई दी गई साथ में उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई संस्था के प्राचार्य सुदीप जायसवाल ने कहा कि शिक्षा का एक पड़ाव पूरा हो गया है तो दूसरा पड़ाव अब सामने है इस पड़ाव को भी मेहनत लगन व ईमानदारी के साथ पूरा कर छात्र–छात्राएं अपने लक्ष्य तक पहुंचे तथा समाज व देश के विकास में योगदान करें साथ ही उन्होंने कहा कि जीवन में सीखते रहने की प्रक्रिया और उत्साह को निरंतर बनाए रखें तो जीवन में मुश्किल से मुश्किल लक्ष्य को भी आसानी से प्राप्त किया जा सकता है ।कक्षा के 12वीं के छात्र छात्राओं ने भी अपने अनुभव साझा किए उन्होंने मूवी ,स्कूल के दिन देखे अपनी स्कूल की यादों को ताजा किया। कक्षा 11वीं के छात्र छात्राओं ने अपने सीनियर साथियों के स मान में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया साथ ही मनोरंजक खेलों का आयोजन भी किया मिस्टर व मिस टैलेंट प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र रही साथ ही बेस्ट कॉस्ट्यूम ब्वॉय व गर्ल के भी पुरस्कार ,प्रतीक चिन्ह,अन्य गि ट छात्र–छात्राओं को वितरित किए गए ।इस अवसर समस्त शिक्षक गण सहयोगी व स मानित अभिभावक भी उपस्थित रहे अंत में सभी के प्रति कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों ने

## सुराणा से मिलेगी नेत्रदान की प्रेरणा



**आष्टा, देशबन्धु।** पिछले दिनों सेवा निवृत्त डाक सहायक स्व. अशोक कुमार सुराणा जैन का लंबे समय तक अस्वस्थ रहने के बाद दु:खद निधन हो गया था। उनके निधन के बाद उनकी पत्नी भाग्यलता सुराणा पुत्र अतुल, अश्विन सुराणा द्वारा उनके नेत्रदान का निर्णय लिया गया और नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अतुल उपाध्याय के सहयोग से उनका नेत्रदान करवाया गया था। यह स्थानीय स्तर पर नगर मे हुआ पहला नेत्रदान था। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अतुल उपाध्याय, डॉ. विजय जैन कोचर, डॉ. कैलाश शर्मा और जैन श्वेतांबर समाज के सह सचिव कुलदीप कोचर की उपस्थिति में ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. जी.डी. सोनी द्वारा स्व. अशोक कुमार जैन (सुराणा) के नेत्र दान का प्रमाण – पत्र सुराणा परिवार को प्रदान किया गया। डॉ. सोनी ने स्व. सुराणा को श्रृद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि इससे अन्य सभी को मरणोपरांत नेत्रदान करने की प्रेरणा मिलेगी। अभी तक तो उनके नेत्र 2 व्यक्तियों के जीवन मे रोशनी भर चुके होंगे। पुत्र कवि अतुल जैन सुराणा ने अपने पिता को याद करते हुये कहा कि मेरे पिता जीवित न होते हुए भी उन व्यक्तियों की आंखों में रोशन रहेंगे जिन्हें उनके नेत्र मिले हैं।

## 20 लाख से अधिक निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन



**सीहोर, देशबन्धु।** वार्ड क्रमांक 2 के अंतर्गत शनिवार को 2 स्थानों पर भूमि पूजन का कार्य यहां पर मातृशक्तियों के द्वारा किया गया, इस मौके पर करीब 20 लाख से बनाई जाने वाली दो नालियों के निर्माण से क्षेत्रवासियों को गंदगी से मुक्ति मिलेगी। नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर के सानिध्य में पार्षद और नगर पालिका उपाध्यक्ष विपिन सास्त सहित अन्य पार्षदों और क्षेत्रवासियों ने वार्ड के इंद्रानगर शासकीय स्कूल से नाले तक बनाई जाने वाली नाली निर्माण होने से बारिश से जमा होने वाले पानी से मुक्ति मिलेगी।

इस मौके पर नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री सास्ता ने कहाकि नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने बजट बैठक के दौरान रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम निर्माणधीन मकानों के लिए अनिवार्य करने पर जोर दिया है। इस तरह के सिस्टम से पानी का दोहन भी थम जाएगा। रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के तहत वर्षा जल को छत या फिर विशेष रूप से बनाए गए क्षेत्र में इकट्ठा किया जाता है। इसमें दो तरह के गड्ढे बनाए जाते हैं। एक गड्ढा जिसमें दैनिक उपयोग के लिए जल संचय किया जाता है। इसका निर्माण सीमेंट और ईंट से किया जाता है। गड्ढे को पाइप द्वारा छत की नालियों व टोटियों से जोड़ दिया जाता है, ताकि वर्षा का पानी सीधे इसमें पहुंच सके। दूसरे गड्ढे को क'चा रखा जाता है, ताकि बारिश का पानी भूमि के अंदर पुन लौट जाए और भूगर्भ जल स्तर बना रहे।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि वार्ड क्रमांक 2 का क्षेत्र काफी बड़ा है और इसमें अनेक कालोनियों का निर्माण चल रहा है। अनेक कालोनियों में रोड और नालियों का निर्माण भी नहीं हो पाया है। इसके लिए नपाध्यक्ष श्री राठौर का नालियों के साथ सड़कों के निर्माण की पहल से क्षेत्रवासियों में हर्ष व्याप्त है। क्षेत्रवासी अंकित का कहना है कि सड़क पर फैली गंदगी को पार कर लोगों का आना–जाना करना पड़ रहा था, यहां नालियों का अभाव है। गंदा पानी सड़कों पर फैल रहा है, लेकिन नपाध्यक्ष श्री राठौर की पहल से गंदगी से मुक्ति मिलेगी। भूमि पूजन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पार्षद राजेश मांझी, कमलेश राठौर, प्रदीप गौतम, मांगीलाल मालवीय, कमलेश कुशवाहा और लोकेन्द्र वर्मा के अलावा अन्य क्षेत्रवासी शामिल थे।

# विकसित मध्यप्रदेश 2047 के लिए नागरिक सर्वेक्षण प्रारंभ

**नर्मदापुरम,देशबन्धु।** मध्यप्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश को समावेशी और सर्वांगीण विकास की दिशा में अग्रसर करने एवं वर्ष 2047 तक विकसित राज्य बनाने के उद्देश्य से %विकसित मध्यप्रदेश ॿ2047% विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया जा रहा है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा %विकसित मध्यप्रदेश 2047 नागरिक सर्वेक्षण% का शुभारंभ किया गया है।

यह सर्वेक्षण प्रदेश के नागरिकों को अपनी आकांक्षाओं और सुझावों को साझा करने का अवसर प्रदान करता है, जिससे सरकार उनकी आवश्यकताओं को समझकर विकास नीतियों में सम्मिलित कर सके। प्राप्त सुझावों का गहन अध्ययन कर उन्हें दीर्घकालिक विकास योजनाओं का हिस्सा बनाया जाएगा।

● **सर्वेक्षण में भाग लेने की प्रक्रिया** – राज्य के नागरिक लिंक पर जाकर अपने विचार और सुझाव साझा कर सकते हैं। यह सर्वेक्षण 31 मार्च 2025 तक खुला रहेगा, जिसमें नागरिक हिंदी या अंग्रेजी में अपने सुझाव प्रस्तुत कर सकते हैं। जिले के समस?त नागरिक भी इस महत्वपूर्ण सर्वेक्षण में भाग लेकर अपने सुझाव देकर मध्यप्रदेश को एक विकसित और समृद्ध राज्य बनाने में योगदान दे सकते हैं।

## नर्मदा नियरे

### सार-समाचार

## जिले में गेहूं खरीदी कार्य सुचारू रूप से जारी

### ● 390 किसानों से 4019 मीट्रिक टन गेहूं का हुआ उपार्जन

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** शासन के निर्देशानुसार रबी विपणन वर्ष 2025ङ्ग26 में 15 मार्च से जिले के ई उपार्जन पोर्टल पर पंजीकृत 62973 किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य किया जा रहा है। आज दिनांक को 947 किसानों द्वारा स्लॉट बुक किया गया एवं 713 मे.टी स्कंद का उपार्जन हुआ।

जिला आपूर्ति अधिकारी रश्मि साहू ने यह जानकारी देते हुए बताया कि जिले में स्थापित 165 उपार्जन केन्द्रो पर आज दिनांक तक कुल 4697 किसानों के द्वारा अपना स्लॉट बुक किया गया है तथा 390 किसानों से 4019 मीट्रिक टन की खरीदी की जा चुकी है। जिसकी भुगतान योग्य राशि 9.98 करोड़ है। उन्होंने बताया कि परिवहन व्यवस्था को भी सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है, जिसमें कुल उपार्जित स्कंद के विरुद्ध 2988 मीट्रिक टन (82.82त्र) मात्रा का परिवहन किया जा चुका है। वर्तमान में 2447 मीट्रिक टन उपज की मात्रा स्वीकृत हो चुकी है और ॾ।क्र (वेयरहाउस रसीद) के अंतर्गत 2447 मीट्रिक टन संग्रहित की गई है।

## केन्द्रीय जेल में मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**नर्मदापुरम,देशबन्धु।** अधीक्षक केंद्रीय जेल नर्मदापुरम ने बताया कि केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम खण्ड अ में निरूद्ध बंदियों हेतु जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम द्वारा एक दिवसीय मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर में जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम से सुश्री नाजिया सिद्धिकी (क्लीनिकल सॉयक्लोजिस्ट), श्रीमती गीता चौधरी नर्सिंग ऑफिसर द्वारा अवसाद एवं मानसिक रोग से पीडित जेल में निरूद्ध पुरुष बंदी 23 एवं 09. महिला बंदियों का परीक्षण किया गया एवं परामर्श दिया गया।शिविर के दौरान श्री प्रहलाद सिंह बरकडे उप अधीक्षक, श्री हितेश बंडिया-जेल स्टाफ जेल स्टाफ उपस्थित अष्टकोण अधिकारी, डॉ. कुणाल राठौर, श्रीमती इंदुराज साहु (मेलनर्स) एवं जेल स्टाफ रहे।

## पुस्तक एवं गणवेश मेले का आयोजन 30 एवं 31 मार्च को

**नर्मदापुरम,देशबन्धु।** नर्मदापुरम जिला मुख्यालय पर 30 और 31 मार्च 2025 को पुस्तक एवं गणवेश मेले का आयोजन किया जाएगा। यह मेला शासकीय नर्मदा महाविद्यालय स्थित खेल प्रशाल (डोम) में आयोजित होगा। जिला शिक्षा अधिकारी श्री एसपीएस बिसेन ने जानकारी देते हुए बताया कि मेले में अशासकीय / प्रायवेट विद्यालयों में संचालित पुस्तकों एवं गणवेश की उपलब्धता कराई जाएगी। इसके अलावा, मेले में विद्यार्थियों के लिए केरियर काउंसलिंग सेशन का भी आयोजन किया जाएगा। इस सेशन के माध्यम से विद्यार्थियों की शंकाओं का समाधान किया जाएगा तथा उन्हें उच्च शिक्षा और करियर से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की जाएंगी। जिला शिक्षा अधिकारी ने अशासकीय स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के अभिभावकों को आमंत्रित करते हुए अपील की है कि वे इस मेले में अवश्य शामिल हों और इसका लाभ उठाएँ।

## विक्रमोत्सव आज नर्मदापुरम जिले में आयोजित होंगे विभिन्न कार्यक्रम

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** संस्कृति विभाग मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार विक्रमोत्सव 2025 के भव्य आयोजन के लिए 30 मार्च 2025 को नर्मदापुरम जिले में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर प्रात: कालीन सूर्य उपासना एवं ब्रम्हध्वज फहराने का आयोजन सेठानी घाट, नर्मदापुरम में होगा। साथ ही, जिले के प्रमुख मंदिरों एवं शासकीय भवनों पर भी ब्रम्हध्वज स्थापित किया जाएगा। संयुक्त कलेक्टर जिला नर्मदापुरम ने बताया कि सूर्य उपासना के उपरांत प्रात: 10 बजे से सम्राट विक्रमादित्य नाट्य प्रस्तुति का मंचन शासकीय नर्मदा महाविद्यालय, नर्मदापुरम के ऑडिटोरियम में किया जाएगा। आयोजन के दौरान भारत का नववर्ष विक्रम संवत पुस्तिका का व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार किया जाएगा, जिससे जनमानस को भारतीय नववर्ष की महत्ता से अवगत कराया जा सके। इस आयोजन में अधिक से अधिक युवाओं, विद्यार्थियों, प्रबुद्ध नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों की सहभागिता भी रहेगी। विक्रमोत्सव 2025 के सफल संचालन हेतु कार्यक्रम के लिए जिला मुख्यालय पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नर्मदापुरम को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, तथा मुख्य नगरपालिका अधिकारी को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उक्त अधिकारी कार्यक्रम का भव्य और सफल आयोजन सुनिश्चित करेंगे।

## उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल आज हरदा आएंगे

**हरदा, देशबन्धु।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग राजेंद्र शुक्ल 30 मार्च, रविवार को हरदा आएंगे तथा "विक्रमोत्सव-2025" कार्यक्रम के तहत ब्रह्म ध्वज स्थापना कार्यक्रम में शामिल होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल रविवार 30 मार्च को हरदा आएंगे। श्री शुक्ला दोपहर 1:30 बजे जबलपुर से कार द्वारा प्रस्थान कर शाम 6 बजे हरदा सर्किट हाउस पहुंचेंगे। उपमुख्यमंत्री श्री शुक्ला रात्रि 7 बजे हरदा के कृषि उपज मंडी प्रांगण में आयोजित "विक्रमोत्सव-2025" के तहत ब्रह्म ध्वज स्थापना कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद रात्रि 7:15 बजे उपमुख्यमंत्री श्री शुक्ला हरदा के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में आयोजित "कैथ लैब शुभारंभ" कार्यक्रम में भी शामिल होंगे और रात्रि 8:30 बजे हरदा से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत अधिकारियों का प्रशिक्षण सम्पन्न

### जिला पंचायत सीईओ की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित हुई



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** शनिवार को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री सौजान सिंह रावत की अध्यक्षता में जल गंगा संवर्धन अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु समीक्षा बैठक एवं प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस बैठक में समस्त जनपद सीईओ, सहायक यंत्री, उपयंत्री तथा जनपद के अन्य संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया।

बैठक के दौरान प्रशिक्षण में उपस्थित जनपद सीईओ तथा स्टाफ को जल गंगा संवर्धन अभियान की महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराया गया। इस प्रशिक्षण के अंतर्गत पीपीटी (प्रेजेंटेशन) के माध्यम से अभियान की आवश्यकताओं, लक्ष्यों एवं क्रियान्वयन की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया गया।

समीक्षा बैठक में अभियान की सफलता सुनिश्चित करने के लिए की जा रही तैयारियों की विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सौजान सिंह रावत ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे इस अभियान को प्रभावी रूप से लागू करें और जल संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए ठोस कदम उठाएं। बैठक के दौरान समस्त जनपद पंचायत सीईओ सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## सनफ्लॉवर इंग्लिश मीडियम हायर सेकेण्डरी स्कूल में कक्षा नर्सरी से ग्यारहवीं कक्षा तक के छात्र छात्राओं का परीक्षा परिणाम घोषित

**हरदा, देशबन्धु।,** सनफ्लॉवर इंग्लिश मीडियम हायर सेकेण्डरी स्कूल में कक्षा नर्सरी से ग्यारहवीं कक्षा तक के छात्र छात्राओं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। शिक्षण विकास समिति अध्यक्ष रविशंकर अग्रवाल, उपाध्यक्ष संजय जैन, कोषाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, सचिव सुरेश अग्रवाल व सहसचिव मनदीप सिंह सलूजा ने सभी उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को बधाइयां दी।

इस अवसर पर विभिन्न श्रेणी में आए नर्सरी व प्राथमिक कक्षाओं के छात्र छात्राओं ने स्कूल प्रागंण में बनाए गए सेल्फी प्वाइंट पर हर्ष के साथ फोटो निकलवाए।



## जिला विधिक सहायता अधिकारी को दी विदाई

**हरदा,देशबन्धु।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हरदा में पदस्थ श्रीमती अपर्णा लोधी, जो जिला विधिक सहायता अधिकारी के पद पर विगत 03 वर्षों से पदस्थ थी। म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार, उनका स्थानांतरण जिला मंदसौर, हो जाने से एडीआर भवन में दिनांक 29.03.2025 को विदाई समारोह आयोजित किया गया।



श्रीमती लोधी को पुष्पगुच्छ और अधिवक्ता श्रीमती रागिनी द्वारा उनकी पेंसिल पेंटिग, बनाकर उपहार स्वरूप प्रदान किया गया और उनके द्वारा किये गये कार्य और कार्यालय के विकास में प्रदान किये गये सहयोग की सराहना की गई। श्रीमती लोधी की, जिला हरदा प्रथम पदस्थापना रही है। श्रीमती अपर्णा लोधी ने उनके कार्यकाल के दौरान, सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और अधिवक्तागण के द्वारा किये गये सहयोग के लिए धन्यवाद किया गया।

कार्यक्रम में श्रीमती तृप्ति शर्मा, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हरदा, समस्त न्यायाधीशगण, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजय शाडिण्ल, उपाध्यक्ष चंदन सिंह राजपूत,बार की कार्यकारिणी, अधिवक्ता क्रांति कुमार जैसानी एवं अन्य अधिवक्तागण, लीगल डिफेंस काउंसिल्स, कर्मचारीगण, पैनल लॉयर, पैरालीगल वॉलेंटियर्स उपस्थित रहे। मंच का संचालन अधिवक्ता दिलीप मिश्रा ने किया।

## ऑर्डिनेंस फैक्ट्री इटारसी में तेंदुए की मृत्यु की घटना पर वन विभाग की कार्रवाई

**नर्मदापुरम,देशबन्धु। वन** मण्डल अधिकारी नर्मदापुरम ने बताया कि गत दिवस ऑर्डिनेंस फैक्ट्री इटारसी में सुरक्षा अधिकारी द्वारा ऑर्डनेंस फैक्ट्री में मैगजीन क्षेत्र में एक तेंदुए की मृत्यु की सूचना 12ः00 बजे दोपहर को दी गई।

सूचना प्राप्त होने पर मुख्य वन संरक्षक नर्मदापुरम एवं वनमंडल अधिकारी नर्मदापुरम के दिशा निर्देशन में उपवन मंडल अधिकारी नर्मदापुरम वन परीक्षेत्र अधिकारी इटारसी एव वन अमला तत्काल ऑर्डिनेंस फैक्ट्री के मैगजीन क्षेत्र घटनास्थल पर पहुंचे। तत्पशचात अमले द्वारा घटनास्थल पर पहुंचकर मौका मुआयना किया गया। एस ओ पी का पालन करते हुए रस्सी से घेरा बनाकर सुरक्षित किया गया। मृत तेंदुआ की उम्र लगभग ढाई से 3 वर्ष पाई गई सतपुड़ा टाइगर रिजर्व से डाग स्कायड लाकर सर्च कराया गया। शाम होने के कारण पुन: 29.03.2025 को डॉग स्काड द्वारा सर्चिंग कराया गया। अपराध के साक्ष्य प्राप्त नहीं हुए।

प्रथम दृष्टया कुछ जगह करंट से जलने के साक्ष पाए गए हैं पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त होने पर मृत्यु की स्थिति स्पष्ट होगी। प्रारंभिक विवेचना जारी है। मृत्यु के कारण पता चलते ही कार्रवाई की जावेगी। मृत मादा तेंदुए का शव परीक्षण सतपुड़ा टाइगर रिजर्व एवं वाइल्डलाइफ कंजर्वेशन ट्रस्ट भोपाल एवं स्थानीय पशु चिकित्सा अधिकारी इटारसी की चार सदस्य टीम द्वारा शव परीक्षण उपरांत वन चौकी बागदेव में वन मंडल अधिकारी नर्मदा पुरम तहसीलदार इटारसी एवं एस.ओ.पी के सदस्यों की उपस्थिति में दाह संस्कार किया गया।

## ई-पंजीकरण और ई-स्टाम्पिंग के लिए केवल संपदा 2.0 प्रणाली का किया जाएगा उपयोग

**नर्मदापुरम,देशबन्धु।** वरिष्ठ जिला पंजीयक नर्मदापुरम ने बताया कि मध्यप्रदेश में 1 अप्रैल 2025 से ई-पंजीकरण और ई-स्टाम्पिंग के लिए केवल संपदा 2.0 प्रणाली का उपयोग किया जाएगा। संपदा 1.0 का संचालन बंद कर दिया जाएगा।

## आज मनाया जाएगा "विक्रमोत्सव-2025"

### पॉलिटेक्निक कॉलेज में आयोजित होगा जिला स्तरीय कार्यक्रम

**हरदा, देशबन्धु।** नववर्ष प्रतिपदा, विक्रम सम्वत् 2082 के शुभारंभ अवसर पर रविवार 30 मार्च को पूर्वान्ह में प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर सूर्य उपासना संबंधी कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इस अवसर पर जिला मुख्यालय पर सूर्य उपासना कार्यक्रम 30 मार्च को प्रात: 10 बजे से शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज हरदा में आयोजित होगा। कलेक्टर आदित्य सिंह ने इस कार्यक्रम के लिये जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती सविता झानिया को नोडल अधिकारी तथा जनपद पंचायत हरदा के सीईओ व मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरदा को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। उल्लेखनीय है कि सृष्टि आरंभ दिवस, नववर्ष प्रतिपदा, विक्रम सम्वत् 2082 के शुभारंभ अवसर पर आगामी 30 मार्च को पूर्वान्ह में प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर सूर्य उपासना संबंधी कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। जिला स्तरीय कार्यक्रम में "भारत का नववर्ष विक्रम संवत" पुस्तिका का वितरण किया जायेगा। संस्कृति विभाग द्वारा जारी निर्देश अनुसार जिले के प्रमुख मंदिरों एवं स्थलों पर ब्रम्हध्वज स्थापित किये जायेंगे।

## जिले में बिजली कटौती और वोल्टेज समस्या पर प्रशासन ध्यान दे, अन्यथा कांग्रेस करेगी आंदोलन

**हरदा, देशबन्धु।** जिले में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती और वोल्टेज की समस्या से आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस भीषण गर्मी में बिजली की अनियमित आपूर्ति के कारण लोग परेशान हैं, व्यवसाय प्रभावित हो रहे हैं, और छात्रों की पढ़ाई भी बाधित हो रही है। वर्तमान में मूंग की फसल के लिए खेतों में पानी दिया जा रहा है, लेकिन किसानों को पर्याप्त बिजली नहीं मिलने के कारण उनकी फसल प्रभावित हो रही है। यदि समय पर बिजली उपलब्ध नहीं कराई गई, तो किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। कांग्रेस पार्टी ने मांग की कि किसानों को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए ताकि वे अपनी फसल बचा सकें।

कांग्रेस पार्टी ने प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो कांग्रेस जनहित में एक बड़ा आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। प्रशासन तुरंत आवश्यक कदम उठाए और किसानों एवं जनता को राहत प्रदान करे।

## जुबेर ईरानी से पुलिस ने कॉलेज के पीछे से जब्त किया गांजा

**इटारसी, देशबन्धु।** सिटी पुलिस ने जुबेर अली पिता राज अली ईरानी 30 वर्ष से 680 ग्राम गांजा जब्त किया है। यह कार्रवाई एमजीएम कॉलेज के पीछे स्थित माता मंदिर अस्पताल रोड पर की है। पुलिस के अनुसार आरोपी से मुखबिर की सूचना पर अवैध मादक पदार्थ गांजा 680 ग्राम जब्त किया। जब्त गांजे की कीमत 16250 रुपए बतायी गई है। बता दें कि ईरानी डेरा से हर रोज बड़ी मात्रा में गांजा बेचा जाता है, बावजूद इसके पुलिस के हाथ इन तक नहीं पहुंच पाते हैं। जुबेर के पास गांजा मिलना ही अपने आप में प्रमाण है कि ईरानी डेरा के कुछ परिवार इस धंधे में लिप्त हैं।

## जमीन विवाद के चलते पूर्व सरपंच की पुत्री ने बड़े पिता और उनके बेटे पर दर्ज कराया मामला

**बनखेड़ी,देशबन्धु।** बनखेड़ी थाना पुलिस ने शनिवार को एक जमीन विवाद को लेकर पिता- पुत्र पर मामला दर्ज किया है। प्रधान आरक्षक बद्री प्रसाद ने रिपोर्ट के अनुसार बताया कि पूर्व सरपंच स्व.राधेलाल पटेल की 30 वर्षीय बेटी दीक्षा पटेल ने बड़े पापा मंशाराम पटेल और उनके बेटे श्रीमंत पटेल के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। दीक्षा पटेल ने रिपोर्ट में बताया कि पिता के देहांत उपरांत बड़े पापा मंशाराम पटेल व उनका लड़का श्रीमंत पटेल मेरे पिता के नाम की कुल 9.5 एकड़ जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं। जमीन पर लगी मूंग की फसल को काटने के दौरान मुझ पर व मेरे मौसी का लड़का आयुष पटेल से हाथापाई की थी। पारिवारिक विवाद के कारण उस समय हमने रिपोर्ट दर्ज नहीं की थी। लेकिन 12 मार्च को फिर से मंशाराम गंदी गंदी गालियां देते हुये बोले कि तुम लोग इस घर पर नहीं रह पाओगे। मैंने उन्हें मना किया तो उनका लड़का श्रीमंत पटेल भी आ गया और दोनों ने डरा धमका कर घर से निकल जाओ नहीं तो तुम्हें जान से खत्म कर देंगे। फिर भी पारिवारिक विवाद के चलते हमने उसे समय रिपोर्ट नहीं की थी, लेकिन मानसिक प्रताड़ित और ताना देने से परेशान हो गए जिस कारण रिपोर्ट दर्ज कराई है। दीक्षा पटेल ने रिपोर्ट में बताया कि मेरी बुआ कलाबाई व हेमवतीबाई द्वारा एसडीएम कार्यालय पिपरिया में जमीन का केस लगाया। इस कारण बड़े पापा मंशाराम व उनके लड़के द्वारा मुझे व मेरे परिवार को परेशान कर मानसिक प्रताड़ित किया जाता है।

## दुकान के सामने गाड़ी खड़ी करने पर हुआ था विवाद

### कुल्हाड़ी से हमला करने वाले को पांच वर्ष की सजा

**इटारसी,देशबन्धु।** करीब तीन वर्ष पूर्व एक दुकान के सामने गाड़ी खड़ी करने की पुरानी बात पर दो लोगों के बीच झगड़े में एक व्यक्ति के सिर पर कुल्हाड़ी से हमला करने वाले आरोपी को कोर्ट ने पांच वर्ष का कारावास और पांच सौ रुपए अर्थदंड से दंडित किया है। आज द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश ने इस मामले के अपना फैसला सुनाते हुये आरोपी को 5 वर्ष का कारावास एवं 500 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

अतिरिक्त लोक अभियोजक भूरे सिंह भदौरिया ने न्यायालय में आरोपी विनोद चौधरी को सजा दिलाने 43 दस्तावेज एवं 18 गवाह पेश कर दंडित कराया। भूरेसिंह भदौरिया ने बताया कि पथरोटा थाना अंतर्गत अ क 200/22 शासन बनाम विनोद चौधरी के प्रकरण में न्यायलय द्वारा धारा 307 आईपीसी में 5 वर्ष का सश्रम कारावास और 500 रुपये के जुर्माना से दंडित किया। अति जिला लोक अभियोजक इटारसी भूरे सिंह भदौरिया ने बताया कि 18 फरवरी 2022 को आरोपी विनोद चौधरी निवासी देहरी ने गांव के ही शैलेन्द्र चौधरी पर हत्या करने के आशय से कुल्हाड़ी से सिर पर हमला कर दिया था। आरोपी विनोद की चाय पान का टप पर घटना दिनांक को रात 9 बजे चाय की दुकान के सामने पुरानी बात गाड़ी खड़ी करने को लेकर विवाद हो गया गाली गलौच हुआ तो संजीव चौधरी और विजय चौधरी ने दोनों को समझाकर अलग कर दिया।

उसके बाद शैलेन्द्र घर जाने के लिए पलटा तो आरोपी विनोद ने अपनी दुकान में रखी कुल्हाड़ी से जान से मारने की नीयत से शैलेन्द्र चौधरी के सिर पर दो बार हमला किया जिससे शैलेन्द्र गिर गया और खून निकलने लगा। आरोपी विनोद मौके से कुल्हाड़ी लेकर फरार हो गया। शैलेन्द्र के घर वालों को सूचना दी और उसे इलाज हेतु नर्मदा अस्पताल नर्मदापुरम में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चला और संजीव चौधरी की शिकायत पर थाना पथरोटा में आरोपी विनोद के खिलाफ धारा 307,294 का अपराध दर्ज किया। आरोपी के खिलाफ दिव्तीय अपर सत्र न्यायालय इटारसी के कोर्ट में सुनवाई हुई एजीपी भूरेसिंह भदौरिया ने बताया कि प्रकरण में कुल 18 अभियोजन की ओर से गवाह और 43 दस्तावेज प्रस्तुत किये गए।

इस प्रकरण में आहत शेलेन्द्र चौधरी के मरणानसन्न कथन भी दर्ज किये थे। प्रकरण की विवेचना तात्कालिक थाना प्रभारी प्रवीण चौहान ने की थी। न्यायालय ने आरोपी विनोद चौधरी को उक्त प्रकरण में दोषी पाते हुए धारा 307 आईपीसी में 5 वर्ष का सश्रम कारावास और 500 जुर्माने से दंडित किया। शासन की ओर से पैरवी अति जिला लोक अभियोजक भूरे सिंह भदौरिया और राजीव शुक्ला ने की।

## बचपन और एएचपी स्कूल में त्योहारों की रंग बिरंगी छंटा बिखेरी






**इटारसी, देशबन्धु।** आज बचपन स्कूल और एकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में नौनिहालों ने नवरात्रि, गुड़ी पड़वा, ईद और चैतीचांद जैसे त्योहारों की रंगबिरंगी छंटा बिखेरी। इन पर्वों के माध्यम से स्कूल प्रबंधन ने बच्चों के मन को आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया।

ईद मनाते समय शिक्षिका रजिया और रेशमा खान ने दुआ की। टीचर्स ने रमजान और ईद के विषय में बच्चों को जानकारी देकर दादी का चिमटा द्वारा बच्चों को हामिद के प्रेम और अपनापन का संदेश दिया इस मौके पर मुस्लिम समाज के बच्चों ने दस्तरखान पर बैठकर मिठाई खाकर स्वच्छता का नया पाठ पढ़ाया। बच्चों ने आपस में गले मिलकर सामाजिक सद्भाव का परिचय दिया। इस त्योहार से बच्चों में भाईचारे की भावना का संचार हुआ। चैती चांद और नवरात्रि के विषय में टीचर द्वारा बच्चों को जानकारी दी गई। एलकेजी क्लास की बालिकाओं द्वारा अंगना पधारो महारानी पर डांस किया गया। इसी तरह गुड़ी पड़वा पर्व के विषय में जानकारी देते हुए गुड़ी क्यों और कैसे बांधी जाती है, इसे रश्मि खरे ने बच्चों को बताया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों ने मिलकर मिठाई खाई। संचालन महिमा मेहतो ने किया।


## बानापुरा में तीन ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग, नियमित रेल यात्री महासंघ ने लिखा पत्र

**इटारसी, देशबन्धु।** नियमित रेल यात्री महासंघ के अध्यक्ष विनीत राठी ने बानापुरा रेलवे स्टेशन पर तीन ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग की है। राठी ने इस मामले में सांसद दर्शन सिंह चौधरी और राज्यसभा सदस्य माया नारोलिया से पहल करने की मांग करते हुए बताया कि हैदराबाद-जयपुर एक्सप्रेस, ताप्ती गंगा एक्सप्रेस एवं कामायनी एक्सप्रेस का यहां हाल्ट दिया जाना चाहिए।

बानापुरा स्टेशन अमृत भारत स्टेशन में चयनित किया है। भविष्य में यहां भव्य स्टेशन तो बनेगा, लेकिन जो ट्रेन पहले ठहरती थी, उनको भी बंद कर दिया है। बानापुर स्टेशन से बड़ी संख्या में रैक लोड होते हैं। इससे रेलवे को लाखों रुपए की कमाई है, लेकिन यहां ट्रेनों की सुविधाओं की कमी है। आसपास क्षेत्र से करीब 50 गांव के ग्रामीणों को भी रेल सुविधा की कमी महसूस हो रही है। पूर्व में नागपुर-भुसावल पैसेंजर चलती थी, उसे भी बंद कर दिया है। ट्रेनों का समय बदलने से रेलवे यात्रियों को इन ट्रेनों का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जैसे पूर्व में जनता एक्सप्रेस सुबह 11 बजे आती थी वह ट्रेन अब रात 3 बजे आ रही है। रात में ट्रेन होने के कारण यात्रियों को इसका लाभ नहीं मिलता। दादर-अमृतसर एक्सप्रेस के टाइम टेबल में भी परिवर्तन किया है।

राठी ने कहा बानापुरा कृषि प्रधान क्षेत्र है, यहां किसान परिवार ज्यादा मात्रा में निवास करते हैं। ट्रेन रुकने से लगभग 50 गांव के किसानों को इसका लाभ मिलेगा। रेलवे ने बानापुरा स्टेशन पर ट्रेन बढ़ाने की अपेक्षा कम कर दी है, कोरोना कॉल के बाद यहां की कई सुविधा छीन गई है। राठी ने मांग की है कि हैदराबाद-जयपुर एक्सप्रेस, ताप्ती-गंगा एक्सप्रेस एवं कामायनी एक्सप्रेस का स्टॉपेज बानापुरा स्टेशन पर किया जाना चाहिए।

## एमजीएम कॉलेज में व्यवस्था सुधार करने विद्यार्थी परिषद ने दिया प्रिंसिपल के नाम ज्ञापन



**इटारसी, देशबन्धु।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इटारसी इकाई ने महात्मा गांधी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राकेश मेहता के नाम पांच सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने कॉलेज में विद्यार्थियों को हो रही समस्याओं को लेकर प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया। नगर मंत्री कुणाल सराठे ने बताया, बीकॉम कम्प्यूटर का विद्यार्थी केवल कोर्स में कम्प्यूटर जुड़े होने के कारण लगभग 5 गुना फीस अतिरिक्त देता है और उसके बाद भी उसे प्रेक्टिकल अध्ययन की सुविधा प्राप्त नहीं हो पाती है। महाविद्यालय के वाणिज्य संकाय को बने लगभग तीन वर्ष हो गए हैं, इसके बाद भी वहां पर विद्यार्थियों के अध्ययन के लिए एक भी कम्प्यूटर की उपलब्धता नहीं है। विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है। यदि हमारी मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया, तो विद्यार्थी परिषद आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान विद्यार्थी परिषद नगर सह मंत्री काजल बस्तवार, हिमांशु काजले, सीमा कोरी, अनमोल, पीयूष शुक्ला, मयंक मालवीय, दीपांशु यादव, सिद्धार्थ साहू, अभिषेक सराठे, ईशान सदेले, अंकित बरखने, अंजू बरखने, ऋजुत, आर्यन कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**ज्ञापन में प्रमुख मांगें** – महाविद्यालय में कंप्यूटर की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। बाहरी असामाजिक तत्वों के प्रवेश को रोकने के लिए उचित सुरक्षा व्यवस्था की जाए। महाविद्यालय की सुरक्षा व्यवस्था को सख्त किया जाए। महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता और शौचालयों की स्थिति सुधारी जाए। शिक्षकों की अनुपस्थिति की समस्या को हल किया जाए।

# साहित्य

## 2 अप्रैल, उस्ताद बड़े ग़ुलाम अली ख़ाँ का जन्मदिवस

# सुर से प्यार करने वाला इंसान बड़ी खूबियों का हासिल होता है

■ ज़ाहिद ख़ान

भारतीय शास्त्रीय संगीत में उस्ताद बड़े ग़ुलाम अली ख़ाँ की पहचान एक दिग्गज गायक के रूप में है। महान सितारवादक पंडित रविशंकर ने अपनी आत्मकथा 'राग अनुराग' में ग़ुलाम अली ख़ाँ की गायकी की अज़्मत को बयां करते हुए एक जगह लिखा है, ''उन जैसा, ठीक उन जैसा और कोई मुझे कभी नहीं लगा। रबीन्द्रनाथ के शब्दों में सभाभंग के काशीनाथ के समान सिर्फ़ सात सुर ही नहीं, बारहों सुर भी उनके पालतू पक्षी थे। स्वरों पर इस तरह का कंट्रोल किसी के कंठ में आज तक मैंने नहीं देखा है महाशय !'' (किताब-'राग अनुराग', लेखक-पं. रविशंकर, प्रकाशक-राजकमल प्रकाशन नई दिल्ली, पेज-125) अपने स्वरों पर वाक़ई उनका अद्भुत नियंत्रण था। पटियाला घराने की ख़ासियत जो द्रुत तैयारी के साथ तान है, उसे उन जैसा आज तक कोई नहीं गा सका है।

ग़ुलाम अली ख़ाँ, मुल्क के एक मशहूर मौसीक़ी घराने, पटियाला घराने से तअल्लुक़ रखते थे। बीसवीं सदी के आग़ाज़ 2 अप्रैल, 1901 को अविभाजित भारत के कसूर में, जो कि अब पाकिस्तान में है, उस्ताद बड़े ग़ुलाम अली ख़ाँ साहब की पैदाइश हुई। उस ज़माने में कसूर मौसीक़ी, आर्ट और तहज़ीब के लिए पूरे देश में मशहूर था। ख़ाँ साहब ने पांच बरस की उम्र से अपने वालिद अली बख़्श ख़ाँ और अपने चचा फ़तेह अली ख़ाँ, काले ख़ाँ से सारंगी व ख़्याल गायकी की इब्तिदाई तालीम ली और शुरुआत के पहलू-ताल, अंतरे और स्थाइयाँ सीखीं। वे घंटो इसका रियाज़ करते। ग़ुलाम अली ख़ाँ ने ज़ल्द ही ख़्याल गायकी पर महारथ हासिल कर ली। और शास्त्रीय संगीत के पटियाला घराने की परंपरा को मुल्क में आगे बढ़ाया। उन्होंने मालकौंस, जयजयवंती, कमोद, केदार, भैरवी और पहाड़ी जैसे रागों को अलग आयाम और नये मायने दिए।

उन्होंने ख़्याल गायन को इतना ज़बरदस्त और ख़ूबसूरत बनाया कि लोग उनके गायन के दीवाने हो गए। शास्त्रीय संगीत, ठहराव मांगता है। इसको सुनने के लिए श्रोताओं के पास न सिर्फ़ समय और धैर्य होना चाहिए, बल्कि संगीत की एक समझ भी लाज़िमी है। जबकि ग़ुलाम अली ख़ाँ इस बात को लेकर रज़ामंद थे कि ''शास्त्रीय संगीत की सुंदरता उसके तात्कालिक प्रदर्शन में है, लेकिन परंपरा के विपरीत उनका मानना था कि श्रोता ज़रूरत से ज़्यादा लंबी प्रस्तुतियों को पसंद नहीं करेंगे।'' (किताब-सुर के सितारे, लेखक-अमजद अली ख़ान, प्रकाशक-पेंगुइन बुक्स गुड़गाँव, पेज-14) यही वजह है कि श्रोताओं की पसंद को ध्यान में रखकर, उन्होंने हर राग की अवधि और प्रस्तुतिकरण का फ़ैसला किया। अलबत्ता उनके इस फ़ैसले की सभी ने हिमायत नहीं की। ख़ास तौर से शास्त्रीय संगीत के शौक़ीनों को लगता था कि उन्हें इस राग को सुनने के लिए जो तृप्ति मिलना चाहिए, वह नहीं मिली। जबकि ग़ुलाम अली ख़ाँ उस राग को लंबे समय तक गा सकते थे, लेकिन गाते नहीं थे। ग़ुलाम अली ख़ाँ का तक़रीबन सारा संगीत रिकॉर्ड है। उनकी तीन-तीन मिनट की छोटी-छोटी रिकॉर्डिंग उपलब्ध हैं, जिसमें उन्होंने बड़ी ही तल्लीनता से मुख़्तलिफ़ रागों को गाया है।

उस्ताद बड़े ग़ुलाम अली ख़ाँ ने ख़्याल गायन को वह ऊंचाईयां प्रदान की कि अपने समय में हर एक उनकी गायकी का दीवाना था। यहां तक की राष्ट्रपिता महात्मा गांधी भी उनकी गायकी के मद्दाह थे। आज़ादी के बाद हुए एक सार्वजनिक आयोजन में ग़ुलाम अली ख़ाँ साहब के गायन को सुनने के बाद, गांधी जी ने न सिर्फ़ उनकी उस वक़्त खुलकर तारीफ़ की, बल्कि बाद में उन्हें एक प्रशंसा भरा ख़त भी लिखा। गोहर जान के बाद उस्ताद बड़े ग़ुलाम अली ख़ाँ, देश में दूसरे ऐसे गायक थे, जिन्होंने अपने गायन की रिकॉर्डिंग कराईं। शास्त्रीय संगीत से उन्होंने आम लोगों को इस तरह वाक़िफ़ कराया, जैसे कि वह लोकप्रिय संगीत हो। ग़ुलाम अली ख़ाँ की ठुमरी, दादरा बेमिसाल थी। ठुमरी को उन्होंने एक नई पहचान दी। वे जब एक बेहतरीन अंदाज़ में ठुमरी पेश करते, तो लोग मंत्रमुग्ध हो जाते थे।

'तोरी तिरछी नज़रिया के बाण', 'प्रभु मोरी नैया पार करो', 'का करूँ सजनी आये न बालम', 'जमुना के तीर', 'याद पिया की आये', 'अब न मानत श्याम', 'नैना मोरे तरस गए आजा बलम' और 'रस के भरे तोरे नयना' उस्ताद ग़ुलाम अली ख़ाँ की गायी हुई कुछ बेमिसाल ठुमरियाँ हैं, जो आज भी बड़े चाव से सुनी जाती हैं। यही नहीं उन्होंने भजन भी गाये। राग पहाड़ी में गाया हुआ उनका एक भजन 'हरिओम तित सत जपा कर' ख़ूब मक़बूल हुआ।

फ़िल्मी दुनिया ने भी कई मर्तबा उनके सामने फ़िल्मों में गाने के लिए पेशकश की, लेकिन वे इसे ठुकराते रहे। के.आसिफ़ की क्लासिक फ़िल्म 'मुग़ल-ए-आज़म' में उन्होंने अपनी शर्तों पर दो ठुमरी 'प्रेम जोगन बन के' और 'शुभ दिन आयो राज दुलारा' गायीं, जो आज भी लोगों के ज़ेहन में बसी हुई हैं। राग सोहनी और रागेश्वरी में गायीं इन ठुमरियों का कोई जवाब नहीं। इन ठुमरियों को सुनो, तो ऐसा लगता है कि ख़ुद तानसेन इन्हें गा रहे हैं।हमारी नई पीढ़ी को शायद ही इस बात की जानकारी हो कि बंटवारे के बाद उस्ताद बड़े ग़ुलाम अली ख़ाँ पाकिस्तान में ही रह गए थे। क्योंकि वो लाहौर को ख़ूब पसंद करते थे, लेकिन जब उन्होंने पाकिस्तान में शास्त्रीय संगीत से छेड़छाड़ और कलाकारों के साथ बुरा बर्ताव देखा, तो साल 1953 में वे भारत चले आए। हिंदुस्तानी हुकूमत ने भी अविभाजित भारत के इस महान कलाकार के प्रति अपना पूरा सम्मान प्रकट करते हुए, उन्हें तुरंत भारतीय नागरिकता प्रदान कर दी। ग़ुलाम अली ख़ाँ भारत आ गए, तो पाकिस्तान रेडियो ने उन पर अघोषित पाबंदी लगा दी। तक़रीबन आधी सदी तक पाकिस्तान रेडियो पर उनकी गायी हुई राग-रागनियों पर पाबंदी रही। साल 2009 में जाकर, यह पाबंदी हटी। बावजूद इसके ग़ुलाम अली ख़ाँ साहब, पूरे उपमहाद्वीप के महबूब गायक बने रहे।



उस्ताद बड़े ग़ुलाम अली ख़ाँ साहब को अपनी बेजोड़ गायकी के लिए कई सम्मानों और पुरस्कारों से नवाज़ा गया। जिनमें से कुछ ख़ास सम्मान हैं-'संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार'(साल 1962), 'संगीत नाटक अकादेमी फेलो.' (साल 1967) 'सुर देवता', 'आफ़ताब-ए-मौसीक़ी', 'संगीत सम्राट', 'शहंशाह-ए-मौसीक़ी', राष्ट्रपति सम्मान और डॉक्टरेट की मानद उपाधि। भारत सरकार ने ग़ुलाम अली ख़ाँ की गायकी को सराहते हुए, साल 1961 में उन्हें अपने शीर्ष नागरिक सम्मानों में से एक 'पद्म भूषण' से सम्मानित किया। साल 2003 में उन पर एक डाक टिकट जारी भी किया गया। दीगर शास्त्रीय गायक और संगीतकारों की ही तरह उस्ताद ग़ुलाम अली ख़ाँ भी संगीत को इबादत मानते थे। उनकी नज़र में इंसान की ज़िंदगी में संगीत की अहमियत इसलिए है कि ''सुर से प्यार करने वाला इंसान बड़ी ख़ूबियों का हासिल होता है। मतलब, दिल को दुखाने से गुरेज़ करेगा, ज़ालिम न होगा...।'' आज दुनिया भर में जब एक-दूसरे समुदाय के प्रति नफ़रत और दिलों के बीच दूरियां बढ़ी हैं, तब उस्ताद बड़े ग़ुलाम अली ख़ाँ के इस मुहब्बत भरे पैग़ाम को हर एक तक पहुंचाया जाना चाहिए। ताकि दुनिया में अमन और भाईचारा क़ायम हो।

महल कॉलोनी, शिवपुरी-473551 (म.प्र.)
मो. 94254 89944

---

प्रेरक कथा

## सपने में देखा

■ रबी आरोन लीब

उस रात सपने में मैं स्वर्ग के फाटक पर खड़ा था. तभी एक धर्माचार्य आया और स्वर्ग के द्वाररक्षक फरिश्ते से बोला- 'मुझे स्वर्ग में प्रवेश मिलना चाहिए. मैं दिन-रात धर्मग्रंथों का स्वाध्याय करता रहा हूं.' उसे उत्तर मिला- 'ठहरो, हम पहले इसकी जांच करेंगे कि तुमने धर्मप्रेम के कारण स्वाध्याय किया, या केवल इसलिए कि वह तुम्हारा पेशा था.' फिर आया एक कर्मकांडी, बोला- 'मैंने बहुत व्रत किये हैं.' उत्तर मिला- 'ठहरो, पहले हम इसकी जांच करेंगे कि तुमने व्रत किस नीयत से किये थे.' अंत में आया एक भटियारा. बोला- 'महाराज, जो कोई गरीब थकाहारा राहगीर आता था, उसे मैं सराय में मुफ्त में ठहरा लेता था, दो रोटियां भी दे देता था.' फरिश्ता चुपचाप उठा और उसने स्वर्ग के फाटक भटियारे के लिए खोल दिये.

---

हास्य-व्यंग्य

# बनने और बनाने का सीजन

■ विनोद कुमार विक्की

अमूमन आम जन द्वारा कैलेंडर वर्ष में सभी विशेष दिवसों को हर्षोल्लास से मनाया जाता है, लेकिन अप्रैल माह का प्रथम दिन मनाने की बजाय बनाने का होता है। आपको बता दें, हमारा देश शिल्पकारों और निर्माताओं का देश है।

यहाँ का प्रत्येक नागरिक मनाने और बनाने में सिद्धहस्त होता है। संसार के अन्य स्थानों पर यूँ तो सिर्फ फर्स्ट अप्रैल के सुअवसर पर ही एक-दूसरे को मूर्ख बनाया जाता है या बनाने का अघोषित प्रावधान है, किंतु आर्यावर्त भूखंड पर फूल बनने और बनाने का परंपरागत महोत्सव किसी भी सीजन,किसी भी समय और किसी भी अवसर पर संपूर्ण विधि-विधान के साथ मनाया जाता है। इस पर्व में बनने वाले को मामू/गधा/फूल/अप्रैल फूल की संज्ञा दी जाती है, तो बनाने वाला स्याना/शाना/डेढ़ शाना के नाम से जाना जाता है।

इस भूखंड पर हर कोई एक-दूसरे को बनाने के लिए आतुर दिखाई देता है। दशकों से वोट की लालसा में लोक लुभावन वायदों से माननीय नेताजी जनता को मामू बनाते आ रहे हैं, जबकि महंगाई और बेरोज़गारी से प्रभावित आम जन मुफ़्त राशन, मुफ़्त पानी, मुफ्त बिजली की आस में खादी मानव की सरकार बनाती आ रही है।

एक ओर बॉस अथवा बड़े साहब अधीनस्थ कर्मचारियों को कार्यों के अतिरिक्त बोझ से गधा बनाने का प्रयास कर रहें है, तो दूसरी ओर काम नहीं करने अथवा कार्यों के ससमय निष्पादन से बचने के लिए चतुर कर्मचारी चाटुकारिता द्वारा बॉस/वरीय पदाधिकारियों को खुश करते हुए उनका हीमोग्लोबिन स्तर बढ़ा कर उन्हें ऐड़ा बनाने की जुगत में लगा हुआ है। सायबर अरेस्ट, हनी ट्रैप आदि के माध्यम से सायबर ठग लोगों को ठगी का शिकार बनाने में तल्लीन है। आन-लाइन गेम कंपनियां युवाओं को जुआरी-सह-खिलाड़ी बनाने में लगा हुआ है ।पादरी,बाबा और मौलाना पापियों और पथभ्रष्ट भक्तों को अजब-गजब तकनीक से सात्विक और पवित्र बनाने में महती भूमिका निभा रहे है।

कोई ब्लॉग बना रहा है, तो कोई ठुमका लगा कर अथवा जीवन दांव पर लगा रील बना कर सोशल मीडिया पर फॉलोअर्स बना रहा है।

सरकारी बाबू कार्य नहीं करने के एवज में मासिक वेतन बना रहा है, तो कुछ सरकारी मुलाजिम सरकारी सेवा को चाय-पानी अर्थात् ऊपरी कमाई का साधन बना रहा है।

खरीद-फरोख्त की व्यवसायिक राजनीति के तहत राजनीतिक पार्टियां चुनाव से पहले टिकट बेचकर कस्टमर को अपना उम्मीदवार बनाते हैं, तो चुनाव पश्चात दूसरे पार्टी के कस्टमर स्वरूप विधायक अथवा सांसद को खरीद कर सरकार बना लेती है।

> सरकारी बाबू कार्य नहीं करने के एवज में मासिक वेतन बना रहा है, तो कुछ सरकारी मुलाजिम सरकारी सेवा को चाय-पानी अर्थात् ऊपरी कमाई का साधन बना रहा है। खरीद-फरोख्त की व्यवसायिक राजनीति के तहत राजनीतिक पार्टियां चुनाव से पहले टिकट बेचकर कस्टमर को अपना उम्मीदवार बनाते हैं, तो चुनाव पश्चात दूसरे पार्टी के कस्टमर स्वरूप विधायक अथवा सांसद को खरीद कर सरकार बना लेती है।

भारतीय भूमि पर बनना और बनाना एक सतत प्रक्रिया है। इस होड़ में प्रदेश के मुखिया रोजगार का साधन उपलब्ध नहीं करा सकने की स्थिति में प्रदेश के कामगारों को प्रवासी मजदूर और शिक्षित युवाओं को बेरोजगार बनाने में अतुलनीय योगदान दे रहे हैं। व्हाट्सएप्प विवि बिना प्रमाणिक तथ्यों वाले डाटा से सोशल मीडिया सेवी को कथित तौर पर विद्वान बना रहा है। साझा संकलन की आड़ में पैसे लेकर प्रकाशक अथवा कापी-पेस्ट में घोर आस्था रखने वाले संपादक साहित्यिक ज्ञान से पैदल व्यक्तियों को भी लेखक अथवा साहित्यकार बना रहे हैं।

बनने और बनाने के दौड़ तथा दौर में जनप्रतिनिधि अपनी अवैध संपत्ति बनाने में भिड़ा हुआ है, तो तथाकथित मासूम जनता रील और शार्ट वीडियो बनाने में लगी हुई है।

ऐसा नहीं है कि सिर्फ सबल, शिक्षित और अमीर व्यक्ति ही मनाने और बनाने में सक्षम हैं। हमारा देश लोकतांत्रिक व्यवस्था वाला राष्ट्र है। यहाँ गरीब से गरीब व्यक्ति भी अपने मत से अपनी जाति और बिरादरी का मुखिया, विधायक से लेकर सांसद बनाने का माद्दा रखता है।

कहने को तो इस भूखंड पर शासन की लोकप्रिय पद्धति लोकतंत्रात्मक है लेकिन अब्राहम लिंकन के %लोकतंत्र जनता का, जनता के लिए, जनता द्वारा...% सिद्धांतों वाला नहीं अपितु शेक्सपियर के कथन %प्रजातंत्र मूर्खों का शासन% वाला, क्योंकि वर्तमान लोकतंत्र का आधार जाति, क्षेत्र और धर्म की बुनियाद पर टिका हुआ है।

यहाँ के विवेक शील प्राणियों के सद्कृत्य एवं कारनामें ऐसे-ऐसे होते हैं कि जिसे देखकर प्राकृतिक मूर्ख भी शरमा जाए। मासूम जनता हो अथवा मोबाइल धारक मानव, वर्ष के 365 दिन छः घंटे तक सभी जन कुछ न कुछ मनाने अथवा कुछ न कुछ बनाने में लगा भिड़ा रहता है।

मजे की बात है कि विविधताओं से भरे हमारे देश में अप्रैल फूल बनने और बनाने के लिए अप्रैल माह का इंतजार नहीं करना पड़ता है, यहां स्थिति और परिस्थिति के अनुसार मामू बनाओ महोत्सव बारहमासी होता है। इस महोत्सव को जन से जननायक द्वारा सोद्देश्य मनाया भी जाता है।

मो. 7765954969

---

# ख़ैबर दर्रा




### ख़ैबर दर्रा'- पाठकों को बाँधने वाली अद्भुत क़िस्सागोई भी और चिंतन सूत्र भी

'ख़ैबर दर्रा' कथाकार, ग़ज़लकार, व्यंग्यकार और संपादक पंकज सुबीर का सद्यः प्रकाशित कहानी संग्रह है। इससे पहले उनके 'ईस्ट इंडिया कंपनी', 'महुआ घटवारिन और अन्य कहानियाँ', 'कसाब डॉट गांधी एट यरवदा डॉट इन', 'चौपड़े की चुड़ैल', 'होली', 'प्रेम', रिश्ते, 'जोया देसाई कॉटेज', हमेशा देर कर देता हुई मैं' कहानी संग्रह आ चुके हैं। 'ये वो सहर तो नहीं', 'अकाल में उत्सव', 'जिन्हें जुर्म-ए-इश्क़ पे नाज़ था' और 'रूदादे सफ़र' उनके उपन्यास हैं। 'बुद्धिजीवी सम्मेलन' उनका व्यंग्य संग्रह है। 'अभी तुम इश्क़ में हो' गजल संग्रह है।

'ख़ैबर दर्रा' जिसकी टैग लाइन- 'हर क़स्बे हर शहर में होना चाहिए' है, में उनकी नौ कहानियाँ संकलित हैं- 'एक थे मटरू मियाँ एक थी रज्जो', 'हरे तीन की छत', 'ख़ैबर दर्रा', 'वीरबहूटियाँ चली गई', 'देह धरे का दंड', 'निर्लिंग', 'आसमाँ कैसे कैसे', 'कबीर माया पापणी', 'इजाज़त ञघोड़ाडोंगरी'।

प्रथम कहानी 'एक थे मटरू मियाँ एक थी रज्जो' 'वनमाली' पत्रिका के सितंबर अक्तूबर संयुक्तांक 2024 में प्रकाशित हुई। यह 25-26 पृष्ठों की लंबी कहानी देश के वर्तमान स्नेरियों का पटाक्षेप करती है। कहानी में कुल चार पात्र हैं। व्यंग्य की पैनी धार कहानी में अनेक स्तरों पर प्रवाहित हो रही है। प्रमुख पात्र दुर्गादास त्रिपाठी के चरित्र में पत्रकार/ नेता के गुणों का पूरा एजेंडा खुला पड़ा है। वह जो तोड़-फोड़, मार-पीट, झगड़े-टंटे यानी नकारात्मक और ध्वंसात्मक कामों में सबसे आगे रह चुका हो, हत्याओं का सहयोगी या समर्थक हो, जेल यात्रा कर चुका हो। राजनेता वही है, जो पार्टी के हार जाने पर दल बदल ले, सत्तारूढ़ पार्टी में चला आए। अपने ऊँचे संपर्कों का झूठ बोलने में निष्णात हो। अपनी प्रशंसा के लिए भक्त मंडली पाले हो। नेता वही, जो शतरंज-सी चालें चलनी जानता हो। नायक मटरू देश का आम आदमी- आधा अधूरा- पढ़ाई के नाम पर आठवीं तक, पेशे के नाम पर अख़बार के दफ़्तर के मामूली काम, पार्टी वर्कर, आका दुर्गादास त्रिपाठी का वफ़ादार। दामोदर इस पपेट शो का अदना-सा खिलाड़ी है। रजनी महत्त्वाकांक्षी, अवसरवादी, चुस्त युवती है। हर संपर्क का फ़ायदा उठाना उसे आता है। वह जानती है कि समय क़लम वाले पत्रकार का नहीं, कैमरे वाले पत्रकारों का है। अपने प्रशिक्षण और संपर्कों का फ़ायदा उठा वह राजधानी पहुँच जाती है। त्रासद और कारुणिक दृश्य यह है कि जर्जर पार्टी कार्यालय के नीचे आकार मटरू की मृत्यु हो जाती है और रजनी-मटरू की पत्रकार बेटी कैमरा मैन के साथ इस ख़बर का प्रसारण करती है, बिना यह जाने कि यह उसका बाप है। देश की प्रगति पर व्यंग्य यह भी है कि बस्तियों के लोग नहीं जानते कि स्कूल क्या चीज़ होती है, वे कभी स्कूल गए ही नहीं और छोटी बस्तियों में बाल श्रम कानून भी लागू नहीं होता। होश में आते ही बच्चे श्रमिक बन जाते हैं।

'हरे टीन की छत' मीरा और अर्जुन के किशोर प्रेम की, रागबोध की, प्राकृतिक छटा और सान्निध्य की कहानी है। काव्य पंक्तियाँ और सूत्र वाक्य प्राण तत्व बन कर आए हैं। जैसे- 'एक गहरी सी धुंध में पूरी पचमढ़ी समाई हुई है। दूर सतपुड़ा की चोटियों पर कुछ बादल लुढ़क-पुढ़क होने के बाद साँस लेने के लिए रुके हुये हैं। जैसे कोई रुई का गोला पहाड़ से लुढकते हुये पहाड़ पर लगे दरख्त में उलझ कर रुक गया हो।' पृष्ठ 35

'हरापन भी यादों की तरह ही होता है, फुरसत के पलों की बरसात का स्पर्श पाते ही एकदम खिल उठता है।' पृष्ठ 38

'किसी की स्मृतियों को हमेशा सुंदर बनाए रखना चाहते हैं तो उसके पास लौटिए मत, लौटकर आने से स्मृतियों में बनी सुंदरता नष्ट हो जाती है।'

'ख़ैबर दर्रा' के कथ्य ने, कथागत मोड़ों ने, तभी एक सारा आकाश रच दिया था, जब पहली बार मैंने इसे 'हंस' के अक्तूबर 2024 अंक में पढ़ा था। दर्रे के दोनों ओर अलग-अलग संप्रदाय के लोग रहते हैं और एक दिन सांप्रदायिक आग भड़क जाती है, अनियंत्रित हो जाती है। कहानी मज़हब और इंसानियत के दुश्मनों की, सांप्रदायिकता और दंगों की, नेतागिरी और गुंडागर्दी की, अस्तित्व और संघर्ष की ही नहीं, अपितु मूल्यवत्ता और हृदय परिवर्तन की, संवेदनशीलता और मानवीयता की, धर्म और नैतिकता की है। अपाहिज पिता और कर्तव्यनिष्ठ बेटी की सदाशयता कुटिल युवक की दुर्भावनाओं को सद्भावनाओं में, दुश्मनी को आत्मीयता में, नकारात्मता को साकारात्मकता में परिवर्तित कर देती हैं और दिमाग में छाए कुविचार, अश्लील भाव कुछ ऐसे धुलते हैं कि वह उनका वेलविशर बन जाता है।

'वीरबहूटियाँ चली गई' भी पंकज सुबीर की लंबी कहानी है। यह प्रथमतः अक्तूबर 2024 में 'जानकीपुल डॉट कॉम' में प्रकाशित हुई थी। कहानी पाठक को तुलसी की रामायण और जायसी के पद्मावत मे वर्णित वीरबहूटियों की यादों को ताज़ा कर जाती है। कहानी आज की वस्तुवादी, बुद्धिवादी एप्रोच को चुनौती देती पाठक को वन्य प्रकृति के नैसर्गिक लोक की यात्रा पर ले जाती है। यह मनुष्य और प्रकृति के अंतः सम्बन्धों की कहानी है। बालमन के अबोध प्रेम की कहानी है। लोक विश्वास और प्रकृति प्रदत्त स्वास्थ्य सूत्रों की कहानी है। वन सौंदर्य की भिन्न छवियों की कहानी है। रूप, रस, गंध की कहानी है। बाल मन के दो अबोध/ मासूम झूठों की कहानी है। पर्यावरण से दूरी बना रहे आज के मनुष्य की त्रासदी की कहानी है। कहानी की अनाम बालिका बीमार होने के कारण पर्यावरण की गोद में आई है। इमली और नींबू के पेड़, रंगीन क्रीपर की बेल, बोगनबेलिया, गुलमोहर, नींबू का पेड़, पीला कनेर, मेहंदी की झाड़ियाँ, मनी प्लांट, खजूर के पत्ते, झूले, फाख्ता पक्षी, झींगुर, गिरगिट, पगडंडियाँ, सियारों की आवाज़ें- देखती महसूसती वह नाव के आकार की कुर्सी पर कुछ देर बैठी रहती है। यहाँ पगडंडी से रोज़ एक बालक निकलता है, वह अक्सर उसके लिए बेकरी से कुछ लाता है और बताता है कि चिरमी के बीज, मख़मल जैसी वीरबहूटियाँ शारीरिक मानसिक सारी बीमारियाँ सोख लेती हैं। अगले परिच्छेद में वे बरसों बाद मिलते हैं, लेकिन अब यहाँ न इमली-नींबू के पेड़ हैं, न रंगून क्रीपर की बेल, न बोगनबेलिया, न गुलमोहर, पीला कनेर, मेहंदी की झाड़ियाँ, खजूर के पत्ते, फाख्ता पक्षी, झींगुर, गिरगिट, पगडंडियाँ, सियार। अब वन प्रदेश दो मंज़िला घरों, लोहे, पत्थर, ईंटों में बदल चुका है। अब शारीरिक मानसिक सारी बीमारियों को सोखने वाले चिरमी के बीज, मखमल जैसी वीरबहूटियाँ नहीं हैं। कुछ सूत्रात्मक पंक्तियाँ भी मिलती हैं-

'माँ अपने बच्चों को जल्दी-जल्दी बड़ा करना चाहती है, मगर दादियाँ-नानियाँ बच्चों को ज़िंदगी भर बच्चा बनाकर रखना चाहती हैं।' पृष्ठ 85

'ज़मीन और नदी एक सी होती हैं, सब कुछ अपने अंदर सोख लेती हैं।' पृष्ठ 96

'आसमाँ कैसे कैसे' में उस समय का वर्णन है, जब लोग ज़ुबान के पक्के होते थे। राजेश को अपने मित्र दिलीप की दुकान खरीदनी है, बेटा विनय एग्रीमेंट बनवा कर लाता है और राजेश उस अतीत में खो जाता है, जब आदमी भले ही मर जाये, पर उसकी मृत्यु के बाद भी परिवार सब तरह के लालचों के प्रति अनासक्त होकर अपनी ज़ुबान पर अडिग रहता था।

'कबीर माया पापिणी' कहानी कहती है कि पैसा सर्वोपरि है- मज़दूर के लिए भी और ऑफ़िसर के लिए भी। एक तुलनात्मक चित्र प्रस्तुत करते पंकज सुबीर लिखते हैं कि फ़ैक्टरी कर्मचारी की काम के दौरान दुर्घटना मृत्यु हो जाती है और माँ-बाप दाह संस्कार करने की बजाय सरकार से, फ़ैक्टरी मालिक से, बीमा कंपनी से मुआवजा लेने के लिए धरना दिये बैठे हैं। दूसरी ओर ज़िला कलेक्टर अरुण सिंह की माँ मृत्यु शैय्या पर है और वे आबकारी और शराब के ठेके से मिलने वाली एक करोड़ रिश्वत राशि के चक्कर में संवेदनाशून्य हो चुके हैं। माँ की मृत्यु हो जाति है, पर उनकी आँखों से एक आँसू तक नहीं गिरता, लेकिन जाना पड़ेगा और एक करोड़ का नुकसान हो जाएगा, सोचकर वे फूट-फूट कर रो देते हैं।

'देह धरे का दंड' होमोसेक्सुयालिटी की सोडोम वृति पर है। यह दो युवकों की कहानी नहीं, पूरे समाज में चल रहे दुराचारों का लेखा-जोखा है। स्कूल के अधिकांश अध्यापक, समाज के सम्मानित धर्मगुरु- सब इन युवकों के साथ दुराचार करते हैं। इन्हें तो पता ही नहीं था कि होमो सेक्सुएलिटी होती क्या है। यहाँ जलकर आत्महत्या करने का कारण समाज है। कानून ने भले ही होमो युवकों को साथ रहने की इजाज़त दे दी हो, समाज को यह कदाचित् स्वीकार नहीं। कहानी सरकारी अस्पतालों की जर्जर अवस्था के बहुमुखी चित्र भी लिए है। 'निर्लिंग' में भी थर्डजेंडर की उन वेदनाओं, यातनाओं और शारीरिक शोषण का धारावाहिक सिलसिला है, जो अंततः आत्महत्या के लिए विवश करते हैं। ऐसे तुच्छ और क्षुद्र, महत्त्वहीन, कीड़े-मकोड़ों जैसे जीवन से तो मर जाना ही बेहतर है। समाज शारीरिक अंगों की बाकी कमियों को तो स्वीकार लेता है, लेकिन जननांग की कमी घृणा का, शोषण का कारण है। यह आत्महत्या नहीं, समाज द्वारा की गई हत्या ही है।

अंतिम कहानी 'इजाज़तञ घोड़ाडोंगरी' में धरा, ध्रुव और रवि के माध्यम से स्त्री पुरुष सम्बन्धों का, देह और प्रेम का दांपत्य के धरातल पर लेखा-जोखा मिलता है। ध्रुव उच्च जाति का सुंदर पुरुष है, लेकिन अपने सौंदर्य-सजग व्यक्तित्व के कारण, चेतन-अचेतन में समाये अतिरिक्त अभिमान के कारण वह धरा के जीवन का वह भाग नहीं बन पाता, जो एक आदिवासी रवि बन जाता है। लेखक ने धरा की तुलना करते हुये गुलज़ार की 'इजाज़त' फिल्म की बात की है, जिसमें रेखा पति नसीरूद्दीन शाह के पैर छूने के बाद शशि कपूर के साथ चली जाती है। ऐसा ही धरा ने किया, क्योंकि उसे ध्रुव तारे की नहीं, आसमान पर चमकते रवि की चाह है, उस रवि की जिसके पास प्रकाश, ऊर्जा और ऊष्मा- सब एक साथ हैं।

इन कहानियों में अवसरवादी राजनेता भी हैं, मृत मानवीय संवेदना वाले अफसर-मज़दूर भी तथा ईमानदार विश्वसनीय सच्चे और सुच्चे मनुष्य भी। होमो का बहुमुखी शोषण भी है और हृदयविदारक चीत्कार भी। किशोर प्रेम भी, दाम्पत्य जीवन के मानदंड और गलियारे भी। पाठकों को बाँधने वाली अद्भुत क़िस्सागोई भी और चिंतन सूत्र भी।

**पुस्तक समीक्षा**

समीक्षक- डॉ. मधु संधु (पूर्व अध्यक्ष, हिन्दी विभाग, गुरु नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर)
प्रकाशक- राजपाल एंड सन्ज़, नयी दिल्ली
मूल्य- 325 रुपये
पृष्ठ- 176

---

## दो ग़ज़लें

■ माजिद अली काविश

ग़म से न आँसुओं से न दीवानगी से हम
वाक़िफ़ नहीं थे आप से पहले किसी से हम

ज़िंदा रखीं बुज़ुर्गों की हम ने रिवायतें
दुश्मन से भी मिले तो मिले आजिज़ी से हम

सब सर-फिरी हवाओं को दुश्मन बना लिया
रौशन हुए थे लड़ने को इक तीरगी से हम

साँसें महक रही हैं निगाहों में नूर है
फिर आज मिल के आए हैं इक आदमी से हम

सूरज तो सिर्फ़ दिन के उजाले का है इमाम
हम हैं चराग़ लड़ते हैं तीरा-शबी से हम

बदनाम हो रहा है मुक़द्दर तो बे-सबब
बर्बाद हैं ख़ुद अपने अमल की कमी से हम

----

बेवफ़ा है बा-वफ़ा है फ़ैसला होता नहीं
उस से मिल कर भी हक़ीक़त का पता होता नहीं

जब चमकती शाहराहें सामने मौजूद हों
मुझ से फिर पगडंडियों पर इक्तिफ़ा होता नहीं

दर्द के रिश्तों की अपनी इक अलग है दास्ताँ
फ़ासला होता है फिर भी फ़ासला होता नहीं

पेशा-वर लोगों से क्या लें ज़िंदगी पर तब्सिरा
नींद और ख़्वाबों से उन का वास्ता होता नहीं

गहमा-गहमी ज़िंदगी की उफ़ ये रफ़्तार-ए-जहाँ
बीते लम्हों को दोबारा सोचना होता नहीं

## सार समाचार

### मंदिरों के रास्ते से मीट-अंडे की दुकानें हटाने को दिया ज्ञापन



**गुना, देशबन्धु।** चैत्र नवरात्रि पर्व के दौरान मंदिरों के रास्ते पर लगने वाली मीट, अंडा की दुकानों को बंद कराने के लिए विश्व हिंदू परिषद ने गुना कलेक्टर को ज्ञापन दिया है।

विश्व हिंदू परिषद की गुना इकाई ने बताया कि 30 मार्च से 12 अप्रैल तक हिंदू धर्म के विभिन्न त्यौहार नवरात्रि, श्री रामनवमी, श्री महावीर जयंती, श्री हनुमान जयंती आदि मनाए जाएंगे। इसके लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिरों में जाते है और पूजा-पाठ करते है। लेकिन कई मंदिरों के आसपास सरकारी आदेश जारी होने के बावजूद अंडा, मांस का विक्रय किया जा रहा है। जो कि गलत है, विश्व हिंदू परिषद ने मांग की है कि जब तक त्यौहारों का सिलसिला जारी है तब तक मंदिरों के रास्ते में मीट, अंडा की दुकानों और ठेलों को पूरी तरह से हटाया जाए।

### म्याना के 9 छात्रों का हुआ नवोदय विद्यालय में चयन

**गुना, देशबन्धु।** म्याना क्षेत्र के 9 छात्र-छात्राओं का चयन पीएम श्री नवोदय विद्यालय के लिए हो गया है। क्षेत्र के बच्चों की इस उपलब्धि के बाद लोगों में उत्साह और खुशी की लहर दौड़ गई है।

जानकारी के मुताबिक म्याना क्षेत्र के छात्र मयंक कुशवाहा, रोहित कुशवाह, शिव जादौन, कार्तिक साहू, राजा जाटव, जय धाकड़, रौनक जाटव, अनिकेत जाटव और वैशाली लोधा नवोदय विद्यालय की परीक्षा देने के बाद सफल हो गए हैं। सभी छात्र-छात्राओं को विद्यालय में एडमिशन मिल गया है। छात्र-छात्राओं की उपलब्धि पर एक समारोह आयोजित किया गया। जिसमें सरपंच जयनारायण सोनी, कोचिंग के संचालक वरुण अग्रवाल ने बच्चों का साफा बांधकर स्वागत और सम्मान किया। बच्चों की उपलब्धि पर अभिभावक भी खासे खुश नजर आए। इस मौके पर छात्र और अभिभावकों ने म्याना में पुस्तकालय खुलवाने की मांग की, जिस पर सरपंच जयनारायण सोनी ने जल्द से जल्द कार्रवाई करने की बात कही है।

## नपा ने रचा इतिहास, किए 400 नामांतरण एक साथ

# कलेक्टर बोले, प्रयास सराहनीय, बेहतर से बेहतर करें काम





- अच्छे काम करने वालों को हमेशा याद किया जाता है
- पार्षदों को दिया अपने वार्ड को स्वच्छ बनाने का टास्क

**गुना, देशबन्धु।** नगरपालिका ने शनिवार को 400 से ज्यादा लंबित आवेदनों के स्वीकृति पत्र आवेदकों को वितरित कर दिए है। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में गुना कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल मौजूद रहे। उन्होंने नगरपालिका के प्रयासों की सराहना की और बेहतर से बेहतर काम करने के लिए प्रोत्साहित भी किया। नगरपालिका ने दावा किया है कि जितने भी निर्विवाद नामांतरण कार्यालय में लंबित हैं, 15 अप्रैल तक उनका निराकरण कर स्वीकृति पत्र आवेदकों को वितरित कर दिए जाएंगे।

गौरतलब है कि बीते सोमवार को नगरपालिका परिषद का साधारण सम्मेलन बुलाया गया था। इस दौरान सबसे ज्यादा गहमागहमी लंबित नामांतरण प्रकरणों को लेकर ही सामने आई थी। बैठक में नामांतरण के प्रकरणों को स्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष को दे दिया गया। इसके बाद नगरपालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने अगले ही दिन ऐलान किया कि उनकी परिषद 400 से ज्यादा नामांतरण एक साथ स्वीकृत कर आवेदकों तक पहुंचाएगी। अध्यक्ष की घोषणा के मुताबिक शनिवार को नगरपालिका कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर किशोर कन्याल ने कई आवेदकों को उनके स्वीकृति पत्रक सौंपे है। कलेक्टर ने नगरपालिका के प्रयास को सराहनीय बताया और कर्मचारियों को भी प्रोत्साहित किया। उन्होंने दो टूक कहा कि शासकीय अमला अच्छे काम करेगा तो स्मृतियां भी अच्छी रहेंगी और उनका नाम भी होगा। कलेक्टर ने नगरपालिका के पार्षदों को अपने-अपने वार्डो में रुचि लेकर काम करने के लिए कहा है। कलेक्टर ने उनका उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि पार्षदों में सबसे स्वच्छ वार्ड बनाने की होड़ होनी चाहिए। इसके अलावा पार्षदों का भी यह दायित्व है कि वे अपने वार्ड में निकाय के करों की वसूली भी ज्यादा से ज्यादा करवाएं। वहीं नगरपालिका को भी प्रयोग करना चाहिए कि ज्यादा राजस्व वसूली वाले वार्ड में ज्यादा से ज्यादा काम कराए जाएं।

**यह परिषद की बैठक नहीं है...:** कलेक्टर अपनी बात पूरी भी नहीं कर सके थे कि एक बार फिर वार्ड क्रमांक 16 के पार्षद दिनेश शर्मा ने लंबित नामांतरणों का मुद्दा उठाते हुए बताया कि कई प्रकरण तो 8 सालों से लंबित हैं। कलेक्टर ने दिनेश शर्मा की बात सुनी, लेकिन मजाकिया लहजे में यह भी कि फिलहाल यह परिषद की बैठक नहीं है। इसके बाद पार्षद अपनी जगह पर बैठ गए। कुछ और पार्षदों ने अपनी बात रखने का प्रयास किया, कलेक्टर ने धैर्य पूर्वक सुनकर कहा कि एक अच्छे काम की शुरुआत हुई। भविष्य में यह सिलसिला जारी रहना चाहिए।

**15 अप्रैल तक निबटाएं जाएंगे सभी प्रकरण :** नामांतरण प्रकरणों के वितरण कार्यक्रम के दौरान नगरपालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने कहा कि वार्डवासियों को किसी को एक रुपया देने की आवश्यकता नहीं है। अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अगर कोई दलाल या बिचौलिया सामने आता है तो तुरंत अध्यक्ष को बताया जाए। इसीलिए नगरपालिका द्वारा 400 से ज्यादा नामांतरण प्रकरणों को वितरण करने से पहले उनकी सूचना मोबाइल पर आवेदकों को दी गई है। नगरपालिका अध्यक्ष के मुताबिक सूचना देने के बावजूद आवेदक अपना स्वीकृत पत्रक लेने नहीं पहुंचते हैं तो उनके घर पर नगरपालिका आदेश पहुंचाएगी। लेकिन सभी निर्विवाद प्रकरणों का निबटारा जल्द से जल्द किया जाएगा।

## अंधेरे का फायदा उठाकर घर में घुसे बदमाश

# सेंध लगाकर 20 हजार नगद, बर्तन, जेवर, चोरों ने किए पार



- पिपरौदा खुर्द में हुई वारदात

**गुना, देशबन्धु।** कैंट थाना क्षेत्र के पिपरौदाखुर्द गांव में एक बुजुर्ग दम्पत्ति के घर में बदमाशों ने सेंध लगाई और 20 हजार रुपए नगदी सहित बर्तन सहित गृहस्थी का सामान पार कर चोरी कर ले गए । घटना की एक वजह गांव में बिजली नहीं होना भी बताया जा रहा है। बदमाशों ने अंधेरे का फायदा उठाया और आराम से वारदात को अंजाम देकर भाग निकले।

जानकारी के मुताबिक पिपरौदाखुर्द में रहने वाले मुन्नीबाई और नारायण के कच्चे घर में बदमाशों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। घटना के समय मुन्नीबाई अंधेरे की वजह से गांव में ही कुछ दूरी पर एक रिश्तेदार के घर रात में सोने के लिए चली गई थी। नारायण प्रसाद कुशवाह अपना उपचार कराने के लिए बाहर गए थे। दम्पत्ति के बच्चे मजदूरी के सिलसिले में इंदौर रहते है। इसी का फायदा उठाकर बदमाशों ने 28-29 मार्च की रात में घर के एक नहीं बल्कि 5 ताले चटकाए और एक बक्से में रखे 20 हजार रुपए, सोने का मंगलसूत्र, घर में रखी पानी की मोटर, पीतल के कुछ बर्तन सहित तमाम जरूरी सामान समेटकर चले गए है।

बदमाशों ने मोटर चोरी करने के लिए चाकू का इस्तेमाल किया, जिसे वे अपने साथ लेकर आए थे लेकिन आनन-फानन में वारदात वाली जगह छोड़कर भाग गए। इस घटना के बाद दम्पत्ति का रो-रोककर बुरा हाल है। दरअसल, मुन्नीबाई ने दूसरों के खेतों पर फसल काटकर, घरों में काम करके 20 हजार रुपए एकत्रित किए थे, जो चोरी हो गए है।

परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद खराब है। पीड़ित परिवार ने कैंट पुलिस को वारदात की सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने मौका मुआयना किया है और बदमाशों की तलाश शुरु कर दी है।

## अतिक्रमण हटवाने के लिए भटक रहे रिटायर प्रधान आरक्षक

**गुना, देशबन्धु।** जिले में भू-माफियाओं के हौंसले इतने बढ़ गए है कि वे पुलिस के रिटायर प्रधान आरक्षक को भी परेशान और प्रताड़ित करने से बाज नहीं आ रहे है। वहीं प्रशासनिक व्यवस्था के तो कहने ही क्या कि रिटायर प्रधान आरक्षक को भी महीनों से चक्कर काटने के लिए मजबूर किया जा रहा है।

पूरा वाकया गुना तहसील के ग्राम पाटई क्षेत्र का है। यहां सेवानिवृत्त प्रधान आरक्षक मोहम्मद समीम का पुश्तैनी खेत है। इसके बाद एक रास्ता है, जिसे ट्रैक्टर, हार्वेस्टर सहित आम लोगों के आवागमन के लिए इस्तेमाल किया जाता रहा है। कुछ महीने पहले गांव के ही कुछ लोगों ने इस रास्ते पर कब्जा करने की नीयत से मुरम डाल दी और एक गुमठी भी रख ली है। आवेदक मोहम्मद समीम ने इस मामले की शिकायत सबसे पहले ऊमरी चौकी और म्याना थाने में की। लेकिन सुनवाई नहीं हुई तो समीम ने नियमानुसार नायब तहसीलदार कार्यालय में आवेदन दिया। इस मामले में नायब तहसीलदार ने पटवारी को रिपोर्ट लाने के लिए कह दिया और भूल गए। अब पटवारी शिकायत पर संज्ञान नहीं ले रहे थे तो समीम ने सीएम हेल्पलाइन में शिकायत कर दी। मामला यहीं बिगड़ गया है और अब पटवारी ने मोहम्मद समीम को चेतावनी दे दी है कि जब सीएम हेल्पलाइन में शिकायत कर दी गई है तो निराकरण भी वहीं से करा लें। कुल मिलाकर पीड़ित होने के बावजूद रिटायर प्रधान आरक्षक कभी पुलिस तो कभी राजस्व विभाग के चक्कर काट रहे हैं, वहीं प्रशासन की लचर कार्यप्रणाली के चलते भू-माफिया आम रास्ते पर लगातार अपना कब्जा मजबूत कर रहे हैं।

ऐसा लगता है कि भू-माफियाओं के खिलाफ निचला अमला आंखें बंद कर बैठा हुआ है। इक्का-दुक्का मामलों में त्वरित कार्रवाई कर प्रशासन अपनी पीठ थपथपा रहा है वहीं अधिकांश आवेदक अपने दस्तावेज और आवेदन लेकर कार्यालयों के चक्कर लगाने के लिए विवश नजर आ रहे हैं।

## बिजली कटने से बंद हुई पेयजल आपूर्ति, ग्रामीण परेशान

- पंचायत के पास नहीं है बिल भरने के पैसे



**गुना, देशबन्धु।** मार्च महीना खत्म होने वाला है। ऐसे में बिजली कम्पनी वसूली का लक्ष्य पूरा करने के लिए कुछ भी करने पर आमादा है। कम्पनी की मनमानी की वजह से जिले के कई इलाकों में पानी का संकट खड़ा हो गया है। जिन ग्राम पंचायतों में बिल बकाया है, वहां की बिजली काट दी गई है। जिसके चलते लोग पानी के लिए परेशान हो रहे है।

जिला मुख्यालय की सबसे नजदीकी ग्राम पंचायत पिपरौदा खुर्द में भी इस समय बिजली कम्पनी की दबंगई की वजह से हजारों लोगों को गंभीर पेयजल संकट से जूझना पड़ रहा है। दरअसल, ग्राम पंचायत के पास बजट उपलब्ध नहीं है और वह बिजली कम्पनी की कर्जदार हो गई है। कम्पनी ने मानवीय दृष्टिकोण न दिखाते हुए बकायदार ग्राम पंचायत का कनेक्शन ही काट दिया। जिसके बाद ग्राम पंचायत में नल-जल योजना के तहत की जाने वाली सप्लाई ठप पड़ गई है। ग्राम पंचायत में दो पानी की टंकिया हैं, लेकिन बिजली नहीं होने की वजह से सप्लाई नहीं हो पा रही है। इसके चलते हजारों लोग पेयजल संकट से परेशान हैं और दूर-दराज के इलाकों में स्थित निजी ट्यूबवेलों से किसी तरह थोड़े-बहुत पानी का इंतजाम कर रहे है। लोगों में बिजली कम्पनी के अलावा ग्राम पंचायत के रवैये को लेकर भी आक्रोश देखा जा रहा है।

बताया जा रहा है कि एक तरफ बिजली कम्पनी नरमी दिखाने के लिए तैयार नहीं है तो दूसरी ओर ग्राम पंचायत के सरपंच और सचिव ठीक तरीके से जवाब नहीं दे रहे है। कोई बताने वाला ही नहीं है कि आखिर पेयजल व्यवस्था कब बहाल होगी और लोगों को कब पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। बताया जा रहा है कि पिपरौदा में करीब 15 दिन पहले बिजली विभाग ने कनेक्शन काट दिया था। ग्राम पंचायत में जितने भी बकायादार हैं उन सभी के कनेक्शन बिजली कम्पनी ने काट दिए हैं, जिसकी वजह से अधिकांश गांव में अंधेरा पसरा हुआ है।

## कोरल वुड्स सोसायटी विधि सम्मत, दुष्प्रचार करने वालों को दी कार्रवाई की चेतावनी

**भोपाल, देशबन्धु।** राजधानी की प्रतिष्ठित कोरल वुड्स रहवासी रखरखाव सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल ने कतिपय लोगों द्वारा सोशल मीडिया पर संस्था को लेकर किए जा रहे दुष्प्रचार को भ्रामक बताया है। साथ ही संस्था के खिलाफ दुष्प्रचार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी भी दी है। सोसायटी इस संबंध में विधिक सलाह लेकर कार्यकारिणी को बदनाम करने वालों पर विधि सम्मत कार्रवाई करेगी।

सोसायटी द्वारा मीडिया को उपलब्ध जानकारी में बताया गया कि कोरल वुड्स रहवासी रखरखाव सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल का निर्वाचित विधिवत हुआ है। सोसायटी की संचालक मंडल की वर्ष 7 नवंबर 2022 को हुई बैठक में सर्वसम्मति से विमल शुक्ला सोसायटी के अध्यक्ष निर्वाचित हुए थे। इस संबंध में नियमानुसार सहकारिता विभाग को सूचित कर दिया गया था। तब से अब तक सोसायटी में किसी प्रकार का कोई भ्रष्टाचार नहीं हुआ न ही कोई गलत कार्य सोसायटी के माध्यम से हुआ। बताया गया कि सोसायटी में करीब पौने 4 करोड़ की एफडी है।

मौजूदा सोसायटी के गठन से अब तक जो भी कार्य हुए वह संचालक मंडल में पारित होने के बाद किए गए हैं। वहीं समस्त रिकार्ड अंकेक्षण के लिए सहकारिता विभाग में जमा है।

सोसायटी के ओर से जानकारी दी गई 22 जुलाई 2022 को हुए रहवासी संस्था के चुनावों में प्रफुल्ल दानी, एसके खियानी और अन्य सदस्य परास्त हुए थे। जिसके बाद से ही कमेटी के खिलाफ अर्नगल आरोप लगाए जा रहे हैं, मीडिया और सोशल मीडिया को गलत जानकारी देकर भ्रमित का प्रयास किया जा रहा है।

सोसायटी की ओर से आरोप लगाया गया कि प्रफुल्ल दानी जमीन के खरीद फरोख्त एवं फ्लैट्स को भाड़े पर उठाने की ब्रोकरेज का काम करता है और परिसर में संपत्ति खरीदने और बेचने वाले व भाड़े पर लेने वालों पर उनके और उनके सहयोगियों के माध्यम से सौदे करने का दवाब डाला जाता था, जिसके कारण उन्हें वहां से हटाया गया था।

## रेलवे स्टेशन पर मिला शव, नहीं हुई पहचान

**हरपालपुर, देशबन्धु।** नगर के रेलवे स्टेशन की टिकट विंडो के पास पर एक अधेड़ व्यक्ति का शव मिला है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा बनाया और शिनाख्त के प्रयास शुरु कर दिए हैं। पुलिस ने बताया शव पर चोट के निशान नहीं हैं। मृतक के पास पहचान संबंधी दस्तावेज भी नहीं मिले हैं। जेब से दवाइयों की पर्ची मिली है, जिससे अंदाजा लगाया गया है कि मृतक टीबी रोगी था। संभवत: वह ईलाज के लिए नौगांव जाते समय बीमारी से स्टेशन पर उसकी मौत हो गई होगी।

## रामनवमीं व रमजान को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

**घुवारा, देशबन्धु।** हिन्दू धर्म के पवित्र चैत्र मास की नवरात्रि व वर्तमान समय में चल रहे मुस्लिम समाज के रोजा को लेकर पुलिस उपथाना परिसर में बैठक का आयोजन रखा गया।

बैठक में तहसीलदार कपिल शर्मा उपथाना प्रभारी मोहर सिंह सहित नगर के गणमान्य नागरिक पत्रकार बंधु उपस्थित रहे। बैठक की शुरुआत करते हुए तहसीलदार महोदय ने आगामी नवरात्री सहित रमजान माह के समापन को लेकर चर्चा करते हुए शासन के नियमों का पालन करते हुए शांति पूर्वक त्यौहार मानने की बात कही वहीं दूसरी ओर नगर के मैन बाजार में खुले आम लगी अंडे की दुकानों को मीठ बाजार सोरखी रोड पर लगाने हेतु नगरपरिषद को निर्देश दिए वहीं दूसरी? ओर नगर में संचालित डीजे संचालकों भी समय से शासन की गाईड लाईन अनुसार डीजे बजाने की बात कही अगर उसके बाद कोई भी शासन के नियमों का उल्लंघन करता है तो उसके ऊपर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। बैठक में तहसीलदार कपिल शर्मा उपथाना प्रभारी मोहर सिंह गणमान्य नागरिक पत्रकार बंधु समस्त पुलिस स्टाप मौजूद रहा।

## प्राथमिक विद्यालयों में हुआ एफएलएन मेले का आयोजन



**छतरपुर, देशबन्धु।** मिशन अंकुर के तहत बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान को सुदृढ करने के उद्देश्य से जिला शिक्षा केंद्र द्वारा जिले के प्रत्येक प्राथमिक विद्यालय में एफएलएन मेला द्वितीय चरण का आयोजन किया गया।

डीपीसी अरुण शंकर पांडे ने बताया में जिले के समस्त प्राथमिक विद्यालयों में एफएलएन मेले के द्वितीय चरण का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य अभिभावकों को स्कूल से और बच्चो के सर्वांगीण विकास से जोड़ना है। समुदाय की सहभागिता के साथ मेले में गतिविधियां आयोजित कर बच्चों को रिपोर्ट कार्ड भी दिए गए। बच्चों एवं पालकों की सहभागिता के साथ पूर्ण मनोयोग से एफएलएन मेला प्रत्येक प्राथमिक विद्यालय में विधिवत संपन्न किया गया। मेले के आयोजन में कक्षा पहली दूसरी के बच्चे एवं अभिभावकों विशेष रूप से माताओं की सहभागिता रही। प्रत्येक प्राथमिक विद्यालय में शाला समय पर मेले का आयोजन किया गया, जिसमें 7 स्टॉल लगाए गए। 5 स्टॉल में बच्चो ने गतिविधियां कीं, जबकि एक-एक स्टॉल पंजीयन एवं फीडबैक के लिए रहे। बच्चों के प्रदर्शन को रिपोर्ट कार्ड के आधार पर बच्चों को अभिभावकों के समक्ष सम्मानित किया गया। जिला परियोजना समन्वयक अरुण शंकर पांडेय एपीसी अकादमिक नीरज खरे, डाइट प्राचार्य आरके वर्मा, प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन की ओर से मोनिका जैन एवं रोशनी यादव, डाइट के समस्त अकादमिक सदस्य, समस्त बीआरसीसी, बीएसी एवं जनशिक्षकों ने मेलों का अवलोकन करते हुए छात्रों का उत्साहवर्धन किया एवं शिक्षकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों ने स्वस्थ्य भारत स्वच्छ भारत का दिया संदेश



*छतरपुर, देशबन्धु। श्री कृष्णा विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर ईकाई एक (पुरुष वर्ग) का ग्राम छिरावल में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. महेशचंद्र अहिरवार के निर्देशन में तथा विश्वविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई दो (महिला वर्ग) की कार्यक्रम अधिकारी वर्षा यादव के निर्देशन में लगाया गया है।*

*पंचम दिवस ईकाई एक के स्वंयसेवी छात्रों ने छिरावल में स्थित मंदिर प्रांगण की साफ सफाई की एवं गली में फैले प्लास्टिक कूड़े करकट को एकत्र कर कूड़ेदान में फेंक कर ग्राम वासियों को प्लास्टिक के प्रयोग पर प्रतिबंध के बारे में अवगत कराया। बौद्धिक सत्र में इतिहास के सहा. प्राध्यापक बृजेश तिवारी एंव अंग्रेजी के सहा. प्राध्यापक हिमांशु दीक्षित उपस्थित रहे जिन्होने अपने अपने विचार रखकर शिविर में उपस्थित ग्राम वासियों एवं स्वयं सेवी विद्यार्थियों को सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दीं। वहीं विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित शिविर इकाई दो में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया गया जिसमें बौद्धिक सत्र में समाज सेवी संतोष गंगेले ने शरीर को स्वस्थ्य रखने के लिए नियमित व्यायाम करने पोषक आहार लेने के बारे में विस्तार से जानकारी दी।*

*इसके पूर्व चतुर्थ दिवस इकाई एक ने ग्राम छिरावल में जागरूकता रैली निकालकर ग्राम वासियों को मतदान शिक्षा एवं स्वस्थ्य के बारे में समझाया। बौद्धिक सत्र में डॉ.बृज किशोर विश्वकर्मा ने बीमारियों के बारे में तथा उन बीमारियों का निदान कैसे हो इसके बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। वर्तमान समय में हो रही वायरल बीमारियों में सर्दी, जुकाम, बुखार के बारे में विस्तार से समझा। इकाई दो ने विश्वविद्यालय परिसर में पक्षियों को पीने के लिए पानी की व्यवस्था हेतु सकोरा अभियान के अंतर्गत पेड़ो पर सकोरा बांधे गए। बौद्धिक सत्र में राजनीति विज्ञान की सहा. प्राध्यापक डॉ. वंदना तिवारी ने जल संरक्षण पर अपने विचार रखते हुए कहा कि जल ही जीवन है और हम सभी को व्यर्थ में जल बर्बाद नहीं करना चाहिए मिलकर जल संरक्षण का संकल्प लेते हुए यह निश्चित करें कि जितना जरूरत हो उतना ही जल का उपयोग करे।*

*बता दें 27 मार्च इकाई एक ने ग्राम छिरावल मे श्रमदान के रूप में तालाब का गहरीकरण एवं धार्मिक स्थलो की साफ सफाई की गई एवं बौद्धिक सत्र में राजनीति विज्ञान के सहायक प्राध्यापक डॉ.विजय चतुर्वेदी ने स्वयं सेवकों तथा ग्रामवासियों को अपने विचारों के माध्यम से युवाओं को आगे बढ़ने की बात कहते हुए बताया कि युवाओं को अध्यात्म के प्राचीन तौर तरीकों जैसे योगा और ध्यान को अपने जीवन में शामिल करना चाहिए। वही ईकाई दो के स्वंयसेवी छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण से संबंधित जागरूकता रैली निकाली गई तथा वृक्षारोपण भी किया। इस अवसर पर अदिति त्रिपाठी और अनुज द्विवेदी उपस्थित रहें। बौद्धिक सत्र में हिंदी की सहा. प्राध्यापक वंदना शुक्ला ने पर्यावरण संरक्षण पर अपने विचार रखें और बताया कि हमें अपने आस पास के वातावरण को स्वच्छ रखना चाहिए जिससे पर्यावरण को संरक्षित किया जा सकता है।*

# खेल जगत

## ओलंपियन अंकिता ने जीता 3000 मीटर स्टीपलचेज का खिताब



**कैलिफोर्निया।** ओलंपियन अंकिता ध्यानी ने शनिवार को अमेरिका के कैलिफोर्निया में आयोजित मैंग्रम आमंत्रण 2025 एथलेटिक्स मीट में महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज का खिताब जीता। इस इवेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए, अंकिता ने 9:44.05 सेकंड का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय निकाला, जो आगामी एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 के लिए भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के 9:48.48 के क्वालीफाइंग मार्क को आसानी से पार कर गया। पेरिस 2024 ओलंपिक में महिलाओं की 5000 मीटर दौड़ में भाग लेने वाली अंकिता ने 3000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा में भाग लिया है। 26 वर्षीय धावक ने राष्ट्रीय खेलों 2025 में दर्ज अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ 9:53.63 सेकंड से लगभग नौ सेकंड कम समय लिया। हालांकि, कोरिया गणराज्य के गुमी में इस साल होने वाली एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारतीय टीम के लिए उनका चयन एएफआई के विवेक पर निर्भर है।

### दिल्ली कैपिटल्स का सामना सनराइजर्स हैदराबाद से विशाखापत्तनम में होगा

# जीत के पटरी पर लौटना चाहेगी हैदराबाद

**विशाखापत्तनम,** 29 मार्च (एजेंसियां)। रविवार को आईपीएल 2025 डबल हेडर के पहले मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) का सामना सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) से विशाखापत्तनम में होगा। दोनों के बीच अब तक हुए 24 मुकाबले में एसआरएच को 13 जबकि डीसी को 11 मैचों में जीत मिली है। हालांकि विशाखापत्तनम में हुए दो मुकाबलों में दोनों में मेजबान टीम डीसी को ही जीत मिली है। वहीं हालिया रिकॉर्ड भी डीसी के नाम है और दोनों टीमों के बीच 2023 से हुए छह मुकाबलों में चार में डीसी को जीत मिली है। आइए डालते हैं इस मुकाबले से जुड़े ऐसे ही कुछ दिलचस्प आंकड़ों पर नजर।




**आशुतोष शर्मा को करना होगा काबू**

एसआरएच को दिल्ली के बल्लेबाज आशुतोष शर्मा को काबू करना होगा जिन्होंने पिछले मुकाबले में नाबाद 66 रन की जबरदस्त पारी खेलकर दिल्ली को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ एक विकेट से रोमांचक जीत दिलाई थी। आशुतोष ने यह पारी ऐसे समय खेली थी जब दिल्ली ने 210 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अपने पांच विकेट मात्र 65 रन पर गंवा दिए थे। क्या हेड फिर से होंगे स्टार्क का डक पर शिकार

हां, आंकड़े तो यही कहते हैं। जहां ट्रैविस हेड ने आईपीएल 2024 की तरह आईपीएल 2025 में भी अपनी आतिशी बल्लेबाजी का जलवा बिखेरना शुरू किया है, वहीं मिचेल स्टार्क इस मैच में हेड का इलाज हो सकते हैं। बाएं हाथ से गेंदबाजी करने वाले स्टार्क ने बाएं हाथ के हेड को 10 टी20 पारियों में पांच बार आउट किया है। इसमें से भी चार बार वह डक और चार में से तीन बार गोल्डन डक पर आउट हुए हैं। हेड के जोड़ीदार अभिषेक शर्मा भी दो पारियों में एक बार स्टार्क का शिकार हुए हैं, जबकि अभिषेक उन पर सिर्फ 78 के स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं। अक्षर के पास है एसआरएच के शीर्ष क्रम का तोड़

यू तो बाएं हाथ के स्पिनरों को बाएं हाथ के बल्लेबाजों के खिलाफ एक अच्छा विकल्प नहीं माना जाता है, लेकिन अक्षर पटेल के पास एसआरएच के बाएं हाथ के शीर्ष क्रम की बल्लेबाजी तिकड़ी का तोड़ है। डीसी के कप्तान ने इशान किशन और अभिषेक को दो-दो बार जबकि हेड को तीन पारियों में एक बार आउट किया है। इसमें से किशन को छोड़कर दोनों आतिशी बल्लेबाज, अक्षर के खिलाफ 100 से कम के स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं।

## राहुल दिल्ली कैपिटल्स की टीम में फिर से शामिल हुए



**विशाखापत्तनम।** भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज केएल राहुल रविवार को आईपीएल 2025 सीजन में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ होने वाले मैच से पहले शनिवार को विशाखापत्तनम में दिल्ली कैपिटल्स की टीम में शामिल हो गए। राहुल पिछले हफ्ते लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ डीसी के सीजन के पहले मैच में अपनी पत्नी अथिया शेट्टी के साथ पहले बच्चे के जन्म के कारण नहीं खेल पाए थे। अथिया ने 24 मार्च को एक बच्ची को जन्म दिया। दिल्ली कैपिटल्स ने एक्स पर जाकर राहुल के आगमन का वीडियो शेयर किया और लिखा, आप प्यारे हैं। आप हमारे हैं। आप घर पर हैं। दिल्ली में आपका स्वागत है, केएलआर। एक अन्य पोस्ट में, फ्रेंचाइजी ने डीसी की ट्रेनिंग जर्सी में राहुल की एक तस्वीर शेयर की और पोस्ट को कैप्शन दिया, खेल शुरू होने दें। राहुल के रविवार को विशाखापत्तनम में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ दिल्ली के लिए पदार्पण करने की उम्मीद है, पिछले साल की मेगा नीलामी में उन्हें 14 करोड़ रुपये में फ्रेंचाइजी ने खरीदा था। अक्षर पटेल की अगुआई वाली टीम ने राहुल की पूर्व फ्रेंचाइजी लखनऊ पर एक विकेट से रोमांचक जीत के साथ टूर्नामेंट की शुरुआत जीत के साथ की।

## केकेआर और एलएसजी के बीच मुकाबले का शेड्यूल बदला, अब 8 अप्रैल को होगा मैच

**कोलकाता,** 29 मार्च (एजेंसियां)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के शेड्यूल में बदलाव किया गया है। बीसीसीआई ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के बीच होने वाले मैच नंबर 19 की तारीख को बदल दिया है। यह मुकाबला पहले 6 अप्रैल 2025 को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेला जाना था, लेकिन अब इसे 8 अप्रैल को दोपहर 3:30 बजे के लिए रीशेड्यूल किया गया है। आईपीएल की तरफ से जारी की गई प्रेस रिलीज में इस बदलाव की वजह कोलकाता पुलिस की ओर से की गई सिफारिश को बताया गया है। पुलिस ने क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल (कैब) को सूचित किया था कि शहर में त्योहारों के कारण सुरक्षा बलों की तैनाती प्रभावित हो सकती है। इसी वजह से बीसीसीआई ने इस मैच को दो दिन आगे बढ़ाने का फैसला किया है। अब 6 अप्रैल को अब सिर्फ एक मैच खेला जाएगा, जिसमें सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) और गुजरात टाइटंस (जीटी) की टीमें शाम 7:30 बजे आमने-सामने होंगी। वहीं 8 अप्रैल को डबल हेडर होगा। पहले दोपहर 3:30 बजे कोलकाता नाइट राइडर्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच मुकाबला होगा, और फिर शाम 7: 30 बजे पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीमें न्यू चंडीगढ़ में भिड़ेंगी। गतविजेता कोलकाता नाइट राइडर्स को अपने पहले मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन दूसरे मैच में उन्होंने राजस्थान रॉयल्स (आरआर) को हराकर शानदार वापसी की।

# नूपुर श्योराण का भिवानी में जोरदार स्वागत, गोल्ड मेडल के साथ घर वापसी

**भिवानी,** 29 मार्च (एजेंसियां)। हाल ही में ग्रेटर नोएडा में आयोजित राष्ट्रीय महिला मुक्केबाजी चैंपियनशिप में हरियाणा की बेटियों ने जबरदस्त प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में कुल 10 वेट कैटेगरी थीं, जिनमें से 9 गोल्ड मेडल हरियाणा की बेटियों ने जीते और इनमें से 5 गोल्ड मेडल अकेले भिवानी की बेटियों के नाम रहे। इन विजेताओं में एक प्रमुख नाम था, नूपुर श्योराण, जिन्होंने 80+ वेट कैटेगरी में गोल्ड मेडल जीता और पांचवीं बार राष्ट्रीय चैंपियन बनीं। नूपुर श्योराण के भिवानी लौटने पर शनिवार को उनका शानदार स्वागत किया गया। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए नूपुर ने कहा कि यह मेरी पांचवीं राष्ट्रीय चैंपियनशिप है और मुझे इस उपलब्धि पर बहुत गर्व है। अब मेरी नजरें वर्ल्ड चैंपियनशिप पर हैं, जो सितंबर में इंग्लैंड में होगी। उन्होंने आगे कहा कि हरियाणा की बेटियां विशेष होती हैं, लड़ना और जीतना हमारे डीएनए में है। इस दौरान नूपुर ने सरकार द्वारा खिलाड़ियों के लिए की जा रही योजनाओं की सराहना की और कहा कि इस तरह की योजनाएं खेलों को बढ़ावा देती हैं और खिलाड़ियों को उनके सपने साकार करने का अवसर प्रदान करती हैं। वहीं, नूपुर के पिता और कोच संजय श्योराण ने कहा कि मेरे पिता, मैं और मेरी बेटी, तीन पीढ़ियां बॉक्सिंग में हैं और यह एक वर्ल्ड रिकॉर्ड है। इस चैंपियनशिप में नूपुर और उनकी दूसरी शिष्या पूजा बोहरा ने गोल्ड मेडल जीते हैं। अब नूपुर वर्ल्ड चैंपियनशिप की तैयारी में जुटेंगी। भिवानी, जिसे मिनी क्यूबा के नाम से जाना जाता है, के बॉक्सिंग खिलाड़ियों ने हमेशा से ही राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम रोशन किया है। इस बार भी भिवानी की बेटियां पूरी दुनिया में अपनी सफलता का परचम लहरा रही हैं। राष्ट्रीय महिला मुक्केबाजी चैंपियनशिप में हरियाणा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 9 गोल्ड मेडल जीते। इनमें से 5 गोल्ड मेडल अकेले भिवानी की बेटियों ने जीते हैं, जो इस इलाके की बॉक्सिंग के प्रति लगन और मेहनत को दर्शाता है। इस सफलता के बाद, नूपुर श्योराण समेत अन्य खिलाड़ियों का भव्य स्वागत किया गया।



- हरियाणा की बेटियां विशेष होती हैं, लड़ना और जीतना हमारे डीएनए में है : नूपुर श्योराण
- 9 गोल्ड 5 मेडल भिवानी की बेटियों ने जीते हैं

# आईपीएल 2025 'मेरा काम टीम पर से दबाव हटाना है' : फिल साल्ट

**चेन्नई,** 29 मार्च (एजेंसियां)। फिल साल्ट ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) में विराट कोहली के साथ अपनी साझेदारी के बारे में बात की है और खुलासा किया है कि जब फ्रेंचाइजी ने आईपीएल 2025 की नीलामी में उन्हें खरीदा था, तब वह उनकी भूमिका को लेकर बहुत स्पष्ट था।



पूर्व कप्तान फाफ डु प्लेसिस के जाने के बाद आरसीबी को कोहली के लिए एक नए ओपनिंग पार्टनर की जरूरत थी और साल्ट के रूप में टीम को एक अच्छा पार्टनर मिला। इंग्लैंड के विकेटकीपर-बल्लेबाज ने आरसीबी के शुरुआती दो मैचों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिससे दूसरे छोड़ पर कोहली भी खुलकर अपने शॉट्स खेलने में कामयाब हुए हैं। शुक्रवार को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) पर जीत के दौरान, दोनों ने सिर्फ पांच ओवरों में 45 रन जोड़े।

कोहली के शुरू में तेजी से रन बनाने में संघर्ष करने के बावजूद, साल्ट ने अपनी भूमिका को बखूबी अंजाम दिया। मैच के बाद आरसीबी बल्लेबाज फिल साल्ट ने इस बात पर जोर दिया कि उनका काम पावरप्ले का पूरा फायदा उठाकर टीम के बाकी खिलाड़ियों से दबाव हटाना है। मुझे टीम मैनेजमेंट की ओर से यह बहुत स्पष्ट रूप से बताया गया है कि मैं आरसीबी में क्यों हूं और नीलामी में विराट के साथ साझेदारी करने के लिए वे क्या चाहते थे। मैं इससे वाकिफ हूं। यदि आप शुरुआती सीम ओवरों का फायदा नहीं उठाते हैं, तो स्पिन के सामने आप मुश्किल में पड़ सकते हैं और विपक्षी टीम वास्तव में खेल पर नियंत्रण कर सकती है। चेपॉक में आरसीबी की जीत विशेष थी। क्योंकि टीम ने यहां पर आखिरी बार साल 2008 में जीत हासिल की थी। साल्ट ने चेन्नई पर मिली जीत को स्पेशल बताया है।

# मनीषा ने पहला स्वर्ण जीता, अंतिम ने वापसी पर कांस्य पदक जीता

### सीनियर एशियाई कुश्ती



- भारत के कुल पदकों की संख्या 1 स्वर्ण, 1 रजत और 5 कांस्य हो गई

**अम्मान (जॉर्डन),** 29 मार्च (एजेंसियां)। भारतीय महिला पहलवानों ने अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखा, क्योंकि मनीषा ने देश के लिए पहला स्वर्ण पदक जीता, जबकि अंतिम पंघाल ने शुक्रवार को यहां 2025 सीनियर एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा में वापसी करते हुए कांस्य पदक जीता। जॉर्डन की राजधानी में आयोजित इस प्रतियोगिता का तीसरा दिन भारतीय कुश्ती के लिए ऐतिहासिक दिन साबित हुआ, क्योंकि भारतीय महिला कुश्ती टीम ने एक स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीता, जिससे भारत के कुल पदकों की संख्या 1 स्वर्ण, 1 रजत और 5 कांस्य हो गई।

दिन का मुख्य आकर्षण मनीषा (62 किग्रा) रहीं, जिन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत को चैंपियनशिप का पहला स्वर्ण पदक दिलाया। उन्होंने कुछ सबसे कठिन प्रतिद्वंद्वियों को हराकर फाइनल तक अपना दबदबा बनाया। कजाकिस्तान की टाइनिस डुबेक (विश्व रैंकिंग 9) को 11-0 से हराने के बाद, विश्व रैंकिंग में नंबर 10 भारतीय ने कोरिया की हनबिट ली को हराया, इसके बाद 2023 एशियाई चैंपियन कलमीरा बिलिमबेकोवा को 5-1 से हराया। एक करीबी मुकाबले में, मनीषा ने डीपीआर कोरिया की ओक जे किम को 8-7 से हराकर भारत को टूर्नामेंट का पहला स्वर्ण पदक दिलाया। इस बीच, 2024 पेरिस ओलंपिक के बाद अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में वापसी कर रही अंतिम पंघाल (53 किग्रा) ने कांस्य पदक हासिल किया। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में चीन की जिन झांग (2024 विश्व चैंपियनशिप रजत पदक विजेता) पर 10-6 से जीत के साथ जोरदार शुरुआत की। हालांकि, उन्हें सेमीफाइनल में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा, जहां वह जापान की मो कियूका (विश्व चैंपियन) से 10-0 से हार गईं। डब्ल्यूएफआई के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बयान में कहा कि कल से शुरू होने वाली फ्रीस्टाइल कुश्ती प्रतियोगिता के साथ, भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) को भारतीय दल से अधिक पदक और मजबूत प्रदर्शन की उम्मीद है।

## सार संक्षेप

### स्टुअर्ट लॉ नेपाल टीम के कोच नियुक्त

**काठमांडू।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्टुअर्ट लॉ की नियुक्ति के साथ नेपाल में नए मुख्य कोच की तलाश समाप्त हो गई है।नेपाल क्रिकेट संघ ने सोशल मीडिया पर इस खबर की पुष्टि करते हुए घोषणा की कि पूर्व ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज अगले दो वर्षों के लिए टीम का नेतृत्व करेंगे। लॉ ने यूएसए पुरुष टीम के मुख्य कोच के रूप में एक यादगार भूमिका का निर्वहन किया है। लगभग सात महीनों के कार्यकाल में उन्होंने यूएसए की टीम को आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 में एक जुझारु टीम के तौर पर स्थापित करने में सफलता हासिल की। घरेलू धरती पर खेले गए टूर्नामेंट में यूएसए ने ग्रुप चरण में पाकिस्तान के खिलाफ उलटफेर किया वहीं अपने शुरुआती मैच में कनाडा पर जीत हासिल कर ली थी, जिससे वे सुपर आठ चरण में पहुंचे थे। 56 वर्षीय लॉ ने 1994 से 1999 के बीच 55 मैचों में ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व किया था। उनके पास कोचिंग का बहुत अनुभव है।

### तमीम इकबाल ने शुभचिंतकों के प्रति व्यक्त किया आभार

**ढाका।** बांग्लादेश के पूर्व कप्तान तमीम इकबाल ने उन शुभचिंतकों के प्रति आभार व्यक्त किया है जिन्होने बीमारी के मुश्किल समय में उनकी सलामती की दुआ की। तमीम को सोमवार को दिल का दौरा पड़ा था जिसके बाद एंजियोप्लास्टी के लिये उन्हे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। शुक्रवार को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद उन्होने फेसबुक पर शुभचिंतकों का आभार व्यक्त किया। जनवरी 2025 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बावजूद तमीम घरेलू क्रिकेट खेलना जारी रखे हुए हैं। वह ढाका प्रीमियर डिवीजन क्रिकेट लीग के मैच में शिनेपुकुर क्रिकेट क्लब के खिलाफ मोहम्मडन स्पोर्टिंग क्लब की अगुआई कर रहे थे, जब टॉस के तुरंत बाद उन्हें बेचैनी महसूस हुई।

### हरियाणा ने जीता राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग का खिताब

**रांची।** हरियाणा ने शुक्रवार को हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा को करीबी मुकाबले में हराकर राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग 2024-2025 का खिताब अपने नाम किया। आज यहां झारखंड के रांची में मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रो टर्फ पर खेले गये फाइनल मुकाबले में हरियाण ने हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा को 3-2 से हराया। हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा के लिए अहल्या लाकड़ा ने (आठवें) मिनट में गोलकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। लेकिन चैंपियन हरियाणा की आज अलग ही योजना थी। हरियाण की काजल ने(12वें) मिनट में गोलकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। इसके बाद काजल ने एक बार फिर (22वें) मिनट में गोल दागकर अपनी टीम को बढ़त दिला दी। हरियाणा के लिए सावी ने (44वें) मिनट में विजयी गोल किया।

## जोकोविच मियामी ओपन के फाइनल में, 100वें खिताब के करीब

- दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी जोकोविच ने पहला सेट जीतने के लिए लगातार पांच गेम जीते

**फ्लोरिडा,** 29 मार्च (एजेंसियां)। नोवाक जोकोविच ने ग्रिगोर दिमित्रोव को हराकर 2016 के बाद पहली बार मियामी ओपन के फाइनल में प्रवेश कर लिया है और इसके साथ ही वह अपने 100वें एटीपी खिताब से मात्र एक कदम दूर रह गये हैं। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी 37 वर्षीय जोकोविच ने पहला सेट जीतने के लिए लगातार पांच गेम जीते। दिमित्रोव ने दूसरे सेट में खराब शुरुआत की और 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने इसका फायदा उठाते हुए 6-2, 6-3 से जीत दर्ज की। जोकोविच ने कहा कि पेरिस ओलंपिक में अपना 99वां खिताब जीतने के बाद मैं स्पेशल 100 खिताब जीतने की संभावना के साथ खेल रहा हूं।



मैं टेनिस के उस बेहद जरूरी स्तर को खोजने की कोशिश कर रहा हूं जो मुझे एक बड़ी ट्रॉफी के लिए लड़ने की स्थिति में लाएगा। मैं टूर्नामेंट के लिए जिस तरह से तैयार हुआ हूं और जिस तरह से खेल रहा हूं, उससे मैं बहुत खुश हूं। मैंने एक भी सेट नहीं गंवाया है। उन्होंने कहा कि यह एक शानदार अवसर है। देखते हैं कि दो दिनों में क्या होता है। 14वीं वरीयता प्राप्त 33 वर्षीय दिमित्रोव के लिए हवा की स्थिति खेल की शुरुआत अच्छी रही, जिन्होंने जोकोविच की सर्विस पर पहला गेम जीता, लेकिन इसका फायदा नहीं उठा पाए ।

## आईपीएल 2025: टीम की हार के बावजूद नूर अहमद चमके

**नई दिल्ली,** 29 मार्च (एजेंसियां)। चेपॉक के मैदान पर शुक्रवार को 17 साल बाद चेन्नई सुपर किंग्स को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के हाथों मात मिली। आरसीबी से मिली करारी हार के बावजूद सीएसके के लिए खेल रहे अफगानी मूल के क्रिकेटर नूर अहमद चमक उठे। नूर अहमद ने चार ओवर में 36 रन देकर तीन विकेट लिए और इसके साथ ही वह टूर्नामेंट में पर्पल कैप की रेस में सबसे आगे निकल गए। टूर्नामेंट में नूर अहमद ने कुल दो मैच खेले हैं और उनके नाम 7 विकेट हैं। आरसीबी के खिलाफ उतरने से पहले उनके खाते में चार विकेट थे और वह पर्पल कैप की रेस में दूसरे नंबर पर थे। आरसीबी के खिलाफ नूर ने अच्छी गेंदबाजी की और महज 36 रन खर्च कर तीन कीमती विकेट अपने नाम किए। नूर अहमद के बाद पर्पल कैप की रेस में लखनऊ सुपर जायंट्स के ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर दूसरे नंबर पर बने हुए हैं। शार्दुल ठाकुर के बाद तीसरे नंबर पर आरसीबी के गेंदबाज जोश हेजलवुड हैं, जिनके नाम दो मैच में 5 विकेट हैं। चौथे नंबर पर सीएसके के खलील अहमद हैं, जिनके नाम दो मैच में चार विकेट हैं। चेपॉक के मैदान पर आईपीएल 2025 का 8वां मुकाबला आरसीबी और सीएसके के बीच खेला गया।

## मेरी प्रक्रिया अच्छी रही, तो नतीजे मेरे पक्ष में होंगे : कुलदीप सेन



> मैं अब ठीक हूं। मेरा बस एक ही विचार है- मैं भारत के लिए खेलने के बारे में बहुत ज्यादा नहीं सोचता : कुलदीप सेन

**नई दिल्ली,** 29 मार्च (एजेंसियां)। आईपीएल टीम पंजाब किंग्स के मध्यम तेज गेंदबाज कुलदीप सेन ने कहा है कि वह भारत के लिए खेलने के बारे में बहुत ज्यादा नहीं सोचते । उन्हें अपनी प्रक्रिया पर भरोसा है। अगर उनकी प्रक्रिया अच्छी है, तो नतीजे उनके पक्ष में होंगे। वह बस प्रक्रिया का पालन कर रहे हैं। भारतीय टी20 टीम में वापसी के बारे में पूछे जाने पर कुलदीप सेन ने कहा कि मैं अब ठीक हूं। मेरा बस एक ही विचार है- मैं भारत के लिए खेलने के बारे में बहुत ज्यादा नहीं सोचता। मुझे अपनी प्रक्रिया पर भरोसा है। अगर मेरी प्रक्रिया अच्छी है, तो मेरे नतीजे मेरे पक्ष में होंगे। मैं बस प्रक्रिया का पालन कर रहा हूं। जब भी मुझे मौका मिलेगा, मैं अपना सर्वश्रेष्ठ दूंगा। मैं भारत के लिए खेलने के बारे में नहीं सोचता। अगर मैं अच्छा करता हूं, तो मैं खेलूंगा। यही मेरी सोच है। मैं बस प्रक्रिया पर भरोसा करता हूं और उस पर विश्वास करता हूं। कुलदीप ने टेस्ट क्रिकेट और इस प्रारूप में अपने भविष्य के बारे में कहा कि मैंने किसी खास प्रारूप पर फैसला नहीं किया है। मुझे जो भी मिलेगा, मैं खेलना चाहता हूं। मुझे टी20 पसंद है, मुझे वनडे क्रिकेट पसंद है और मैंने रणजी मैच भी खेले हैं। एक खिलाड़ी के तौर पर आपको किसी भी प्रारूप के लिए तैयार रहना चाहिए और मैं इसके लिए तैयार हूं। उन्होंने कहा कि भारत अब स्पिन पर हावी होने वाली टीम नहीं है। अगर आप जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, शमी को देखें तो वे विश्व स्तरीय गेंदबाज हैं। सबसे तेज गेंदों से लेकर स्विंग तक, हमारे पास सब कुछ है।

# चैपमैन और स्मिथ की बदौलत न्यूजीलैंड की 73 रनों से जीत

**नेपियर,** 29 मार्च (एजेंसियां)। मार्क चैपमैन ने 111 गेंदों पर अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 132 रनों की पारी खेलकर पाकिस्तान पर अपना दबदबा कायम रखा और मैकलीन पार्क में खेले गए पहले वनडे में न्यूजीलैंड को 73 रनों से जीत दिलाई। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज की शानदार पारी, डेरिल मिशेल की 76 रनों की पारी और मोहम्मद अब्बास के रिकॉर्ड-तोड़ डेब्यू फिफ्टी की बदौलत मेजबान टीम ने 344 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की टीम लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ रही थी। बाबर आजम की 78 रनों की पारी और आगा सलमान की विस्फोटक फिफ्टी ने उन्हें शीर्ष स्थान पर पहुंचा दिया, लेकिन नाटकीय ढंग से ढहने के कारण उन्होंने मात्र 22 रनों पर सात विकेट गंवा दिए और 249/3 से 271 पर सिमट गई।

पाकिस्तान के लिए शुरुआती संकेत तब अच्छे रहे जब कप्तान मोहम्मद रिजवान ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। नसीम शाह और आकिफ जावेद ने जीवंत पिच का पूरा फायदा उठाया और न्यूजीलैंड को 3 विकेट पर 64 रन पर समेट दिया। विल यंग जल्दी ही आउट हो गए, डेब्यू करने वाले निक केली ने आकिफ के हाथों कैच आउट होने से पहले संघर्ष किया और हेनरी निकोल्स ने हुक करने से पहले काफी संघर्ष किया। लेकिन पाकिस्तान की चार गेंदबाजों की रणनीति उल्टी पड़ गई क्योंकि चैपमैन और मिशेल ने सलमान आगा की पार्ट-टाइम स्पिन का फायदा उठाते हुए मैच को परिभाषित करने वाली 199 रनों की साझेदारी की। चैपमैन अपने बेहतरीन खेल में थे और उन्होंने शानदार स्ट्रोक खेलकर पाकिस्तान की गेंदबाजी को तहस-नहस कर दिया। एक बार जब उन्होंने नींव रख दी, तो डेब्यू करने वाले अब्बास ने बेहतरीन फिनिशिंग टच दिया और सिर्फ 24 गेंदों पर डेब्यू करने वाले किसी खिलाड़ी द्वारा सबसे तेज वनडे अर्द्धशतक जड़ा। डैथ ओवर में शाहीन अफरीदी पर उनके शानदार हमले ने न्यूजीलैंड को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया। पाकिस्तान की शुरुआत में जवाबी पारी में उस्मान खान और अब्दुल्ला शफीक संघर्ष करते नजर आए। हालांकि, बाबर और रिजवान की 76 रनों की साझेदारी के बाद वे स्थिर हो गए, लेकिन अब्बास ने रिजवान को आउट कर दिया।



- चैपमैन अपने बेहतरीन खेल में थे और उन्होंने शानदार स्ट्रोक खेलकर पाकिस्तान की गेंदबाजी को तहस-नहस कर दिया
- डैथ ओवर में शाहीन अफरीदी पर उनके शानदार हमले ने न्यूजीलैंड को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया

## स्टुअर्ट लॉ को दो साल के लिए नेपाल पुरुष टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया

**नई दिल्ली,** 29 मार्च (एजेंसियां)। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्टुअर्ट लॉ को अगले दो साल के लिए नेपाल की पुरुष क्रिकेट टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। वह मोंटी देसाई की जगह लेंगे, जिनका कार्यकाल दो साल तक इस पद पर रहने के बाद फरवरी में समाप्त हो गया था। नेपाल क्रिकेट एसोसिएशन ने 'एक्स' पर इसकी जानकारी दी। पोस्ट में लिखा, कि ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज स्टुअर्ट लॉ अगले दो वर्षों के लिए नेपाल पुरुष राष्ट्रीय क्रिकेट टीम की कमान संभालेंगे। लॉ के पास कोचिंग का बहुत अनुभव है; उन्होंने कई अंतरराष्ट्रीय टीमों के साथ काम किया है। उनकी सबसे हालिया भूमिका यूएसए पुरुष टीम के साथ थी, जहां उन्होंने बांग्लादेश पर ऐतिहासिक टी20 सीरीज जीत और 2024 टी20 विश्व कप के सुपर आठ में जगह बनाने में सफलता प्राप्त की। हालांकि, उनका कार्यकाल ज्यादा नहीं रहा। सात महीने से अधिक चले इस कार्यकाल में उन्हें अक्टूबर 2024 में कोचिंग की जिम्मेदारी से मुक्त कर दिया गया। लॉ बांग्लादेश और वेस्टइंडीज के मुख्य कोच के साथ-साथ श्रीलंका और अफगानिस्तान के अंतरिम कोच भी रह चुके हैं।




## नर्मदा नियरे

### सार-समाचार

### राम मंदिर में भागवत कथा आज से

**भैंसदेही, देशबन्धु।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर प्रति वर्ष अनुसार राम मंदिर संस्थापक स्वर्गीय विठ्ठल राव मुजे नानाजी की प्रेरणा से प्रतिवर्ष अनेकों वर्षों से कथा सत्संग का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। इस वर्ष भी आज 30 मार्च से राम मंदिर प्रांगण में श्रीमद् भागवत कथा रस प्रवाह सत्संग का आयोजन किया गया है। इस संबंध में राम मंदिर से प्राप्त जानकारी के मुताबिक 30 मार्च से 6 अप्रैल तक प्रतिदिन सायंकाल 3 बजे से 6 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा रस प्रवाह सत्संग का आयोजन रहेगा, जिसमें भागवत आचार्य पंडित वृंदावन दास के श्री मुख से संगीतमय कथा सत्संग का आयोजन रहेगा



### संवेदनशील मुद्दे को भड़काने की हो रही साजिश: नीता

**बैतूल, देशबन्धु।** राष्ट्रीय ध्वज के अपमान के मामले में फरियादी नीता वराठे ने एसपी को आवेदन सौंपकर अपनी बात रखी है। उन्होंने बताया कि हैरिटेज कॉलोनी के सुपरवाइजर नीतेश बोडखे द्वारा उन पर लगाए गए सभी आरोप बेबुनियाद और निराधार हैं। उन्होंने कहा कि यह सब उनकी छवि धूमिल करने और एक संवेदनशील मुद्दे को भड़काने की साजिश है।

नीता वराठे ने बताया कि इससे पहले भी उन्हें धमकाने, पीछा करने और प्रताड़ित करने की घटनाएं हो चुकी हैं, जिसकी लिखित शिकायत उन्होंने पहले ही कर दी थी। अब उन्होंने पुलिस अधीक्षक से सुरक्षा की मांग की है और आरोप लगाया कि उनके खिलाफ यह झूठे आरोप जमीनी विवाद के कारण लगाए जा रहे हैं। नीता वराठे ने बताया कि शुभारंभ हैरिटेज कॉलोनी के मालिक के साथ पिछले आठ महीनों से कोर्ट में मामला चल रहा है। 17 मार्च को उनके घर की लाइन काट दी गई और जेसीबी से उनकी सड़क पर गड्ढा खोद दिया गया। इसके बाद 14 फीट की टीन लगाकर घर का रास्ता बंद कर दिया गया और लगातार विवादित जमीन पर काम जारी रखा गया।

नीता का कहना है कि उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है और उनकी सामाजिक छवि खराब करने की कोशिश हो रही है। ताकि वे घर छोड़ने को मजबूर हो जाएं। इससे पहले भी नीतेश बोडखे ने रात 9 बजे उनके घर आकर जबरन काम बंद करवाने की धमकी दी थी और उनका पीछा किया जाता है। उन्होंने एसपी से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करने और सुरक्षा देने की मांग की है।

### खुले में बिक रहा मांस, लिखा पत्र

**चिचोली शाहपुर , देशबन्धु।** नगर परिषद घोड़ाडोंगरी में खुले में माँस/ मटन की बिक्री हो रही है । इसको लेकर नगर के जागरूक लोगों ने नगर परिषद को पत्र लिखकर इस पर कार्यवाही की मांग की है। मिली जानकारी के मुताबिक घोड़ाडोंगरी के जागरूक नागरिक राकेश अग्रवाल ने इस संबंध में सीएमओ को पत्र लिखा है। राकेश अग्रवाल द्वारा लिखे गए पत्र में बताया गया कि घोड़ाडोंगरी नगर परिषद क्षेत्र में शासन के निर्देशों का खुला उल्लंघन हो रहा है। मध्य प्रदेश सरकार ने निर्देश जारी किए हैं कि खुले में मांस मछली की दुकान नहीं लगेगी । इसके पालन में दुकानदारों ने कुछ दिनों तक तो पर्दा लगा कर रखा और अब स्थिति यह है कि वह दुकान भी बेपर्दा हो गई हैं और खुले में मांस मछली मटन बिक रहा है राकेश अग्रवाल ने लिखे पत्र में बताया कि घोड़ाडोंगरी सारणी मुख्य मार्ग पर, रानीपुर रोड पर, रेलवे गेट के पास, सालीढाना मार्ग पर ,कान्हावाडी मार्ग पर नगर में और चारों तरफ खुले में मांस मटन की बिक्री हो रही है । नगर में लगने वाले साप्ताहिक बाजार मंगलवार और शनिवार को भी खुले में मांस मछली मटन बेचा जा रहा है। उन्होंने इस पर संज्ञान लेने को लेकर सीएमओ को पत्र लिखा है।

### त्रुटि सुधार कर प्रशासन ने सही बकायादारों की सूची जारी की

बैतूल, देशबन्धु। कलेक्टर के निर्देशन में वित्तीय वर्ष के अंतिम दिनों में बकाया राशि की मांग से शेष रहे बकायादारो की बकाया राशि जमा नहीं करने के कारण सम्पत्ति कुर्की की कार्यवाही की जा रही है, जिसमें भूमि / सम्पत्ति में ताला लगाकर शील करने की कार्यवाही की जा रही है

जारी प्रेस विज्ञप्ति के आंशिक भाग पर गौठाना में स्थित घनश्याम मदान की कालोनी को सील एवं कुर्की की कार्यवाही की जाने की प्रेस विज्ञप्ति त्रुटिवश जारी की गई थी। ग्राम गौठाना स्थित घनश्याम मदान की कालोनी के स्थान पर खसरा नम्बर 70/1/1/1/1 सुशील पिता कालूराम, खसरा नम्बर 70/5/1/1/1/1. 70/6/1/1/1/1 आशीष पिता अमरचन्द अंबुलकर, खसरा नम्बर 71/1/1 प्रदीप कुमार पिता कालूराम, खसरा नम्बर 71/10 सुषमा पति घनश्याम मदान, खसरा नम्बर 72/7/1/1/1/1 दीपक पिता कुण्डलीकराव, जिसमें कुल राशि 1,61,538/- एक लाख इक्सठ हजार पाँच सौ अठतीस रूपये बकाया होने से कुर्की की कार्यवाही की गई पढा जावे।

### 31 मार्च के बाद नहीं होगा गेहूं का रजिस्ट्रेशन

**बैतूल, देशबन्धु।** जिला आपूर्ति अधिकारी, बैतूल ने जानकारी दी है कि रबी विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन जारी है। इस प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए जिले की सभी तहसीलों में सहकारी समितियों के 78 पंजीयन केंद्र बनाए गए हैं, जहां किसानों का पंजीयन निःशुल्क किया जा रहा है। किसानों के लिए यह सुनहरा अवसर है कि वे अपनी उपज को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बेचने के लिए पंजीयन करवाएं।

# जंगल मे स्कूल खोलकर शिक्षा की अलख जगाने वाले प्राचार्य हुए सेवानिवृत्त

## चिखलीमाल स्कूल के प्रभारी प्राचार्य के पद पर थे पदस्थ

**बैतूल, देशबन्धु।** घो?ाडोंगरी ब्लाक के चिखलीमाल स्कूल के प्रभारी प्राचार्य आनंद साहू शनिवार 29 मार्च को सेवानिवृत हो गए। इस मौके पर स्कूल परिवार के माध्यम से एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

श्री साहू ने 1988 में शिक्षक जीवन की शुरुआत की। वे ट्राइबल विभाग में सहायक शिक्षक रहे और 37 साल तक अलग-अलग जगहो पर रहकर अपनी सेवाएं दी और प्रभारी प्राचार्य के पद तक पहुचे। उन्होंने शिक्षकीय कार्य के साथ सदैव कमजोर वर्ग के छात्र छात्राओं की मदद की। उनके सहयोग की बदौलत मध्यमवर्गीय परिवार के बच्चे कई प्रतियोगिता में सफल रहे। इसके साथ ही कई बच्चे आईएएस और आईपीएस, इंजीनियरिंग की तैयारी कर रहे हैं। स्कूल में उनके अच्छे कार्य को देखते हुए विभाग ने कई जिम्मेदारी सौंपी और वे इन जिम्मेदारी का निर्वाह करते गए और कई अवसरों पर सम्मानित हुए। उनकी उपलब्धियों में बच्चों को संस्कारवान बनाना के साथ ही बिना सुविधा वाले इलाके में स्कूल का संचालन करना शामिल हैं ।उन्होंने वर्ष 1991 में आमला ब्लाक के खि?कीकला के दूरस्थ अंचल के एक कच्चे मकान में स्कूल की शुरुआत की, आसपास के बच्चों और निरक्षर बच्चों को जो?ा और 60 प्रतिशत रिजल्ट लाकर दिखाया। 37 साल की सेवा में ऐसी कई उपलब्धि उन्होंने हासिल की, जो एक याद के रूप में बच्चों और शिक्षक साथियों के बीच रहेगी।



प्राचार्य श्री साहू ने बताया कि निर्धन बच्चो के बीच जगाई शिक्षा की अलख जगाने का परिणाम ईश्वर से ये मिला की उनका बेटा किसी परीक्षा में नहीं हुआ फेल और ब? स्तर पर अच्छे मुकाम पर कार्य कर रहा है। प्रभारी प्राचार्य आनंद साहू ने कई छात्र छात्राओं की मदद की। उन्होंने ब्लाइंड छात्र: के लिए राइटर भोपाल भेजा । इससे ब्लाइंड छात्र प्रतियोगिता परीक्षा पास कर सका। जीन गांव में बेटियां इंजीनियरिंग नहीं करती थी। उनके प्रयास से दीपिका राठौर ने पहली बार इंजीनियरिंग की F 15 छात्र: छात्राएं ज्ञानोदय परीक्षा पास हुएद्ब प्रांजल धुर्वे आइएएस की तैयारी इंदौर से कर रही है। कई छात्र ने उनके सहयोग से परीक्षा में टॉप टेन में जगह बनाई। बैतूल जिले के घो?ाडोंगरी ब्लाक के चिखलीमाल स्कूल के प्रभारी प्राचार्य आनंद साहू का विदाई समारोह स्कूल में होगा। इसके अलावा सामाजिक स्तर पर उनका सम्मान कार्यक्रम 30 मार्च को उनके निवास स्थान गोठी कालोनी में होगा।

## महेश्वर में कल होगा देवी अहिल्याबाई की पुण्य गाथा नाट्य मंचन का समापन

**बैतूल, देशबन्धु।** अखिल भारतीय महिला जन संगठन विश्वमांगल्यसभा द्वारा लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जन्म त्रिशताब्दी समारोह के उपलक्ष्य में संकल्पित महानाट्य %राष्ट्रसमर्था अहिल्याबाई की पुण्य गाथा% का समापन 31 मार्च को महेश्वर के नर्मदा तट पर अहिल्या घाट में होगा। यह महानाट्य 17 दिसंबर 2024 को उत्तर प्रदेश के काशी प्रांत स्थित नमो घाट से शुरू हुआ था और देशभर के 51 शहरों में मंचित किया गया। मध्य प्रदेश के 15 जिलों में भव्य मंचन के पश्चात यह आयोजन महेश्वर में अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंचेगा।



इस भव्य समापन समारोह में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर कार्यवाह दत्तात्रेय होसबले, मध्य प्रदेश शासन के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र सिंह लोधी, होलकर स्टेट के युवराज यशवंतराव होलकर (द्वितीय), विश्वमांगल्यसभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष रेखादेवी खंडेलवाल और राष्ट्रीय संगठन मंत्री डॉ. वृशाली जोशी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर नागपुर के 40 कलाकारों द्वारा लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन पर आधारित भव्य नाट्य प्रस्तुति की जाएगी। नर्मदा घाट पर लाइट एंड साउंड शो का भी आयोजन होगा, जिसमें अहिल्याबाई की पुण्य गाथा को रोशनी और ध्वनि के माध्यम से जीवंत किया जाएगा। विश्वमांगल्यसभा मध्यप्रदेश ने सभी श्रद्धालुओं, भक्तों और नागरिकों से आग्रह किया है कि वे अहिल्या माता की कर्मस्थली महेश्वर में पधारें और इन ऐतिहासिक पलों के साक्षी बनें। यह आयोजन भारतीय संस्कृति और परंपराओं को सम्मानित करने का अवसर होगा।

## बैतूल में मटमैले पानी की आपूर्ति और जलकर में बढ़ोतरी

### शिवसेना ने नगर पालिका पर लगाया तानाशाही का आरोप

**बैतूल, देशबन्धु।** नगर पालिका की मनमानी के खिलाफ शिवसेना ने विरोध जताया है। शिवसेना जिला अध्यक्ष विजेंद्र गोले ने आरोप लगाते हुए कहा कि नगर पालिका द्वारा शहर में पीला और मटमैला पानी सप्लाई किया जा रहा है, जिससे जनता की सेहत पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। इसके बावजूद नगर पालिका ने जलकर में लगातार वृद्धि कर दी है, जिससे लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ भी पड़ रहा है। पिछले वर्ष भी शिवसेना ने जलकर में बढ़ोतरी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया था और ज्ञापन सौंपा था, लेकिन नगर पालिका ने जनता की आवाज को अनसुना कर दिया। इस वर्ष फिर से जलकर को 100 रुपये से बढ़ाकर पहले 120 रुपये और अब 150 रुपये कर दिया गया है। विजेंद्र गोले ने इसे तानाशाही करार देते हुए कहा कि जनता को गंदा पानी सप्लाई करना और फिर जलकर में वृद्धि करना बेहद अन्यायपूर्ण है।



शहर में स्वच्छ पानी की कमी के चलते नगर पालिका ने कुछ स्थानों पर फिल्टर वाटर टैंक स्थापित किए हैं, जहां से 1 रुपये प्रति लीटर की दर से पानी बेचा जा रहा है। शिवसेना ने इस पर भी नाराजगी जताते हुए कहा कि यह व्यवस्था गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के साथ अन्याय है। शिवसेना ने मांग की है कि जो पानी फिल्टर वाटर टैंक से बेचा जा रहा है, वही पानी घर-घर तक नलों के माध्यम से सप्लाई किया जाए। साथ ही जलकर की बढ़ी हुई दरों को तत्काल प्रभाव से कम किया जाए।

## किसी के काम आना श्रेष्ठ ईश्वर भक्ति है: शिवरामदास

**आमला, देशबन्धु।** सांसारिक यात्रा के साथ मन की यात्रा भी जरूरी है। मंजिल को पाना है तो चलना ही होगा। किसी के काम आना श्रेष्ठ ईश्वर भक्ति है। उक्त उद्गार कलानौर (हरियाणा) से पधारे गुरु श्री शिवरामदास जी ने सत्संग आयोजन में व्यक्त किए,यह सत्संग सती भाई सांई दास सेवा दल ,आमला के सेवादार हेमंत विक्की गुगनानी के निवास पर आयोजित किया गया था। सत्संग के पूर्व गुरुजी ने सभी सेवादारों से उनके निवास पर जाकर उनसे और परिवार जनों से भेंट की,इसके पश्चात सत्संग प्रारम्भ हुआ।



गुरुजी नेमानव जीवन के उद्देश्य और परमार्थ पर समझाते हुए कहा कि ईश्वर भक्ति भावपूर्ण हो ना कि कुछ मांगने के लिए हो। मांगने के भाव से की गई भक्ति वास्तविक भक्ति नहीं कही जा सकती है। भक्ति का भाव यही है कि ईश्वर की इच्छाओं का सम्मान करें और अपने आचरण का मूल्यांकण करते रहें! सेवा को परम लक्ष्य बना कर उस पर अपना ध्यान करें लेकिन स्वयं का और परिवार का भी ध्यान रखना प्राथमिकता हो !अपने संस्कारों और संस्कृति को महत्व दें ,माता पिता का सम्मान उच्च आदर्श है!सांसारिक यात्रा में सकारात्मकता , आदर्श और सिद्धांत को साथ रखें और अपने भीतर की भी यात्रा अवश्य करें! कांटो के बीच रह कर भी गुलाब अपनी खूबसूरती और खुशबू बांटता रहता है,उसी प्रकार संसार की कांटो रूपी बुराइयों के बीच रह कर भी आप अपने किरदार और कर्म से महकते रहें। इस आयोजन में शवरामदास ने अपने मधुर स्वर में पंजाबी भजन लोकाँ दे सहारे, बड़े होनगें,मेरा ता सहारा हिक तू, लोकाँ दे नजारे बड़े होनगे,मेरा ता सहारा हिक तू...(लोगों के सहारे बहुत होंगे,मेरा सहारा सिर्फ तू,लोगों के नजारे बहुत होंगे मेरा नजारा सिर्फ तू) गाकर उपस्थित भक्तों की आंखे नम का दी।

इस सत्संग आयोजन में समाज के सर्वश्री ओमप्रकाश गुगनानी,दाताराम गुगनानी,मदनलाल गुगनानी,कालीचरण गिरधर,किशोरीलाल अरोरा,सुभाष बत्रा,अनिल बत्रा,खेमचंद मदान,चरणजीत गुगनानी,विक्की गुगनानी,महेंद्र गुगनानी, डॉ शिशिर गुगनानी,अनिल बत्रा,शिवम बत्रा,नवीन गुगनानी,राजीव मदान,संजीव मदान,दीपक मदान,यश गुगनानी,अमित बत्रा,अंकित बत्रा,सक्षम मदान, तनय गुगनानी,मुदित गुगनानी,विदित गुगनानी,राजेश गुगनानी,दीपक गुगनानी,यथार्थ गुगनानी,समर्थ गुगनानी,आरव गुगनानी, प्रकाश छतवाणी,नरेश भावसार,निर्मल धनकानी,महेश गुजरे,संजय साहू,प्रदीप ठाकुर,मुकेश राठौर,बबलू मांनधाता और समाज की महिलाएं, बच्चे बड़ी संख्या में सम्मिलित थे।

# कलश यात्रा के साथ आज शुरू होगा मां अंबाजी धाम का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव

**बैतूल, देशबन्धु।** चैत्र नवरात्रि के पहले दिन 30 मार्च को मां आदिशक्ति अंबाजी धाम, सदर बाजार में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की शुरुआत भव्य कलश यात्रा से होगी। यह आयोजन 7 अप्रैल तक चलेगा, जिसमें विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा। पूरे नौ दिनों तक पूजन, हवन, आरती, प्रवचन और महायज्ञ के माध्यम से श्रद्धालु मां की भक्ति में लीन रहेंगे। 7 अप्रैल को मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा और विशाल भंडारे के साथ इस ऐतिहासिक आयोजन का समापन होगा।

आयोजन में उत्तर प्रदेश के मथुरा से आए आचार्य सुजीत वैष्णव (पाण्डेय जी) विशेष पूजा-अर्चना करवा रहे हैं। आयोजन समिति ने बताया कि 30 मार्च को सुबह 9 बजे भव्य कलश यात्रा निकलेगी, जिसमें वरुण देव एवं सर्व तीर्थ पूजन के साथ माता शैलपुत्री की पूजा होगी। 31 मार्च को पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश एवं माता ब्रह्मचारिणी पूजन किया जाएगा। 1 अप्रैल को सर्व देव पूजन, माता चंद्रघंटा और कुष्मांडा पूजन के साथ हवन एवं जलाधिवास/अन्नाधिवास की विधि होगी। 2 अप्रैल को माता स्कंदमाता पूजन, हवन एवं पुष्पाधिवास, वस्त्राधिवास का आयोजन होगा। 3 अप्रैल को माता कात्यायनी पूजन, हवन एवं फलाधिवास किया जाएगा। 4 अप्रैल को माता कालरात्रि पूजन, हवन एवं शयाधिवास होगा। 5 अप्रैल को शुभ मुहूर्त में सर्व देव पंचामृत स्नान, शिखर पूजन, कलश पूजन एवं प्राण प्रतिष्ठा पूजन संपन्न किया जाएगा। इसी दिन प्रथम दर्शन, महाश्रृंगार एवं महाआरती रात्रि 8 बजे होगी। 6 अप्रैल को माता सिद्धिदात्री पूजन, हवन एवं पूर्णाहुति के बाद रात्रि 9 बजे भजन संध्या का आयोजन होगा। 7 अप्रैल को भगवान शिवशंकर का रुद्राभिषेक, महाभोग एवं विशाल भंडारे का आयोजन दोपहर 1 बजे से होगा। आयोजन स्थल मां आदिशक्ति अंबाजी धाम, तलैया मोहल्ला, बड़ी ग्वाल टोली, सदर, जिला बैतूल में श्रद्धालुओं के स्वागत की पूरी तैयारी कर ली गई है।

## खंडारा किले में आज विराजेंगी माता महाकाली की प्रतिमा

चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर आज ग्यारसपुर किला खंडारा में माता महाकाली की 7 फीट ऊंची दिव्य प्रतिमा की स्थापना की जाएगी। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी चैत्र नवरात्रि में माता महाकाली की भव्य स्थापना होगी, जिसके लिए जिले के प्रतिष्ठित मूर्तिकार सुनील प्रजापति ने विशेष रूप से प्रतिमा का निर्माण किया है।



मूर्तिकार सुनील प्रजापति ने माता महाकाली की प्रतिमा को दिव्य स्वरूप प्रदान किया है। उन्होंने प्रतिमा में माता के सौम्य और रौद्र रूप को बड़े ही कलात्मक ढंग से उकेरा है। उनकी कला में माता की भव्यता और शक्ति स्पष्ट रूप से प्रकट होती है। प्रतिमा को तैयार करने में महीनों की मेहनत लगी है, जिसमें पारंपरिक शैली और आधुनिक तकनीक का समावेश किया गया है। हर वर्ष की तरह इस बार भी नवरात्रि के दौरान खंडारा किले में विशेष धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया जाएगा। भक्तजनों के लिए पूजा-अर्चना और भंडारे की भी व्यवस्था की जाएगी। ग्यारसपुर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोग इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में शामिल होते हैं। ।माता महाकाली की यह प्रतिमा स्थानीय संस्कृति और परंपरा का भी एक सुंदर उदाहरण है। मूर्तिकार सुनील प्रजापति ने कहा कि माता की प्रतिमा का निर्माण करना उनके लिए एक आध्यात्मिक अनुभव रहा है और वे स्वयं को भाग्यशाली मानते हैं कि उन्हें यह अवसर मिला।

### शिकारियों की मनमानी

## जल मुर्गियों का हो रहा खुलेआम शिकार, गायें भी हो रहीं घायल

### वन विभाग बेखबर

**सारणी, देशबन्धु।** शिकारियों का आतंक बढ़ता ही जा रहा है। वार्ड क्रमांक 12 में जल मुर्गी का शिकार प्रतिबंधित होने के बाद भी जमकर शिकार हो रहा है, लेकिन वन विभाग कुंभकर्णी नींद में सोया हुआ है।

जल मुर्गी के शिकार के लिए लगाए गए जाल से अब तक 15 गायें और बछड़े जख्मी हो चुके हैं, जिनका उपचार गौ सेवकों द्वारा जारी है। वन विभाग की लचर कार्यप्रणाली के चलते शिकारी विभाग से एक नहीं दस कदम आगे हैं। शांति नगर के तरफ नाले में जंगली मुर्गियों को मारने के लिए शिकारियों ने नायाब तरीका खोजा है। शिकारी मुर्गियों को जाल में फसाने के लिए एक धुन का इस्तेमाल कर रहे हैं, जो धुन सुनकर जल मुर्गी उनके जाल में आकर आसानी से फंस रही है। वार्ड 12 सहित आसपास इलाकों में आजकल जमकर जंगली मुर्गियों की दावत उड़ाई जा रही है। वन विभाग शिकारियों की नए तौर तरीके से अभी बेखबर है। तो वहीं दूसरी ओर इस इलाके में हरा चारा चरने जाने वाली गायें और बछड़ों के पैर और मुंह पतले धागा नुमा मजबूत जाल में फंस रहा है। जिसे निकालने में गायों को कड़ी मशक्कत करने के साथ वह गंभीर रूप से घायल हो रही है।



शिकारियों की इस हरकत से अब तक 10 गायों का पैर कट चुका है और 5 का पैर और मुंह गंभीर रूप से घायल होने के चलते उनका उपचार जारी है। जिसको लेकर नगर के गौ सेवकों में जाल लगाने वालों के प्रति भारी आक्रोश है। इस संबंध में चर्चा करने के लिए वन विभाग के एसडीओ से उनके सरकारी नंबर पर संपर्क किया गया लेकिन उनका नंबर बंद था।

## कृषि ग्रामीण मजदूर संघ की बैठक में उमड़ा जनसैलाब

### किसानों ने बताई परेशानियां, विधायक ने दिया आश्वासन!

**सारनी, देशबन्धु।** कृषि ग्रामीण मजदूर संघ संबंध भारतीय मजदूर संघ चोपना क्षेत्र की बैठक हाल ही में संपन्न हुई। इस बैठक में चोपना क्षेत्र में निवास करने वाले किसानों की प्रमुख समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में घोड़ाडोंगरी विधानसभा क्षेत्र की विधायक श्रीमती गंगा उईके ने भी शिरकत की। उन्होंने ग्राम निश्चिंतपुर में ग्राम चौपाल लगाकर सभी किसानों एवं आम नागरिकों की समस्याओं को सुना। भारतीय मजदूर संघ के कार्यकारी जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश प्रभारी नगरीय निकाय हरिओम कुशवाहा के द्वारा प्रमुख समस्याओं पर बिंदुवार चर्चा कर बताया गया। उन्होंने चोपना क्षेत्र के प्रमाण पत्र धारी किसानों को उनके आवंटित भूमि का पट्टा शीघ्र प्रदान करने की मांग रखी, ताकि किसान शासन की सभी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सके। कुशवाहा ने कहा कि प्रमाण पत्र धारकों की भूमि अभी तक शासन के भू अभिलेख में दर्ज नहीं है और किसान सभी लाभ से वंचित हैं। 1978 में पुनर्वास क्षेत्र में हुई भू अभिलेख सर्वे में काफी त्रुटियां हुई हैं, जिसका खामियाजा कुछ किसान आज तक भुगत रहे हैं, उसकी जांच की जाए।

कुछ ग्रामों में बिजली वोल्टेज एवं ट्रांसफार्मर की समस्या बताई गई, जिस पर विधायक द्वारा बिजली विभाग से बात कर तुरंत समाधान हेतु विभाग से आश्वाशन प्राप्त हुआ। ग्रामों में सड़क निर्माण निश्चिंतपुर एवं अन्य कई ग्रामों में जलाशय एवं स्टॉप डेम निर्माण करने की मांग की गई। सरपंच राधेश्याम उईके द्वारा क्षेत्र के कुछ विद्यालयों में नए शिक्षकों की पदस्थापना की मांग की गई। चोपना विद्यालय में एक अतिरिक्त विषय बंगला भाषा प्रारंभ करने की मांग की गई ताकि इच्छुक बंगाली विद्यार्थी अपनी मातृभाषा का अध्ययन कर सके। विधायक मैडम द्वारा उपस्थित जन समूह को भरोसा दिलाया गया कि संगठन की सभी मांगे जायज हैं। आप सभी के सहयोग से इन सभी समस्याओं पर शासन से चर्चा कर समाधान करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष विप्लव समझदार, डेहरी आमढाना सरपंच राधेश्याम उईके, कृषि ग्रामीण मजदूर संघ के पदाधिकारी आजादीलाल, अनिल चंद्र साना, अमल मंडल, रणजीत सिंह, अवधेश सहित सैकड़ों की संख्या में संघ के पदाधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## जिला स्तरीय सूर्य उपासना कार्यक्रम आज, ब्रम्ह ध्वज का होगा वंदना

**बैतूल, देशबन्धु।** विक्रमोत्सव 2025 के अंतर्गत 30 मार्च को शासकीय जयवंती हॉक्सर महाविद्यालय में प्रात: 10 बजे से जिला स्तरीय सूर्य उपासना कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। अपर कलेक्टर श्री राजीव नंदन श्रीवास्तव ने बताया कि कार्यक्रम में जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक, विद्यार्थी एवं युवा सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम में ब्रम्ह ध्वज की स्थापना और वंदना की जाएगी। साथ ही महाराज विक्रमादित्य पर केंद्रित नाटक का मंचन भी किया जाएगा।

## प्रशिक्षणार्थियों को पोषण भी पढ़ाई भी योजना की दी जानकारी

**बैतूल, देशबन्धु।** महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत भीमपुर परियोजना द्वारा सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण योजना द्वितीय चरण के तहत आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन शनिवार को किया गया। यह प्रशिक्षण 27 मार्च से 29 मार्च 2024 तक सामुदायिक मंगल भवन भीमपुर में आयोजित किया गया, जिसमें आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को सुपरवाइजर्स द्वारा पोषण, शिक्षा, स्वास्थ्य, कुपोषण प्रबंधन एवं पंचायत व शिक्षा विभाग की योजनाओं की जानकारी दी गई।



प्रशिक्षण के प्रथम दिन महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी गौतम अधिकारी के मार्गदर्शन में प्रशिक्षणार्थियों को आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ईसीसीई हैंडबुक पोषण भी पढ़ाई भी बुक्स वितरित की गई। मास्टर ट्रेनर इंदु पंडोल एवं रूपा बोबडे द्वारा प्रशिक्षणार्थियों का ऑनलाइन पंजीयन, उपस्थिति दर्ज कराई गई एवं प्री-टेस्ट लिया गया। इसके अलावा नव चेतना का परिचय दिया गया, जो बच्चों में स्वस्थ मानसिकता और सामाजिक विकास पर केंद्रित था। प्रथम दिवस सभी छात्रों को विस्तृत रूप से बताया गया। प्रशिक्षण में परियोजना अधिकारी श्रीमती रामबाई गुबरेले ने पोषण भी पढ़ाई भी योजना की संक्षिप्त जानकारी दी।प्रशिक्षणार्थियों को भविष्य में कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना न करने के लिए सभी सवाल खुलकर पूछने एवं बच्चों के पोषण एवं शिक्षा के प्रति गंभीरता से कार्य करने की सलाह दी। प्रशिक्षण में 3 से 6 वर्ष के बच्चों के विकासात्मक पहलुओं पर चर्चा की गई, जिसमें खेल आधारित शिक्षण गतिविधियां, ईसीसीई गतिविधियां एवं साप्ताहिक खेल कैलेंडर को समझाया गया।

**प्रशिक्षण के दूसरे दिन की गतिविधियां**- दूसरे दिन प्रशिक्षण का संचालन करते हुए पर्यवेक्षकों द्वारा बच्चों में कुपोषण प्रबंधन के लिए सीसैम प्रोटोकॉल पर चर्चा की गई। सूक्ष्म पोषण तत्वों की कमी और मानव जीवन चक्र में पोषण की भूमिका को वीडियो प्रस्तुति के माध्यम से समझाया गया। महत्वपूर्ण 1000 दिवस के महत्व पर चर्चा की गई। दिव्यांगजन अधिनियम 2016 के अंतर्गत प्रधानमंत्री द्वारा दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष पहल और उन्हें मुख्य धारा में शामिल करने के प्रयासों की जानकारी दी गई। इसके अलावा दिव्यांगता के 21 प्रकारों की जानकारी दी गई, जिससे कार्यकर्ता ऐसे बच्चों की सही पहचान कर सकें और उनकी देखभाल में मदद कर सकें।

प्रशिक्षण के अंतिम दिन प्रतिदिन की तरह ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराई गई। इसके बाद पिछले दो दिनों की गतिविधियों की समीक्षा की गई और समूह में व्यावहारिक गतिविधियां कराई गईं। इस दौरान पंचायत इंस्पेक्टर श्री सोनी ने ग्राम पंचायत एवं ग्रामीण योजनाओं की जानकारी दी। कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भीमपुर के प्राचार्य आरएस ठाकुर ने नि:शुल्क शिक्षा एवं शैक्षणिक संस्थाओं के बारे में विस्तार से बताया। समापन अवसर पर प्रशिक्षणार्थियों को हिंदी-अंग्रेज़ी वर्णमाला चार्ट वितरित किए गए।

गुड़ी पड़वा के एक दिन पहले मुख्यमंत्री निवास में हुआ कार्यक्रम

# नव संवत्सर सभी के जीवन में सुख समृद्धि का भाव लाए : डॉ. यादव



मुख्यमंत्री को भेंट की गई चार गुड़ी, वृहद मराठी समाज के साथ मनाई गुड़ी पड़वा

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारतीय संस्कृति के अंतर्गत पर्व और त्योहारों का निर्धारण मंगल तिथियां के आधार पर होता है। खगोलीय गतिविधियों की दृष्टि से गुड़ी पड़वा अर्थात प्रतिपदा, वर्ष की पहली मंगल तिथि है। इसी आधार पर होली, दीपावली जैसे त्योहारों की तिथियों का निर्धारण होता है। इस मंगल तिथि का अभिवादन कहीं चेटीचंड, कहीं वर्ष प्रतिपदा और कहीं गुड़ी पड़वा सहित अन्य अनेक नाम से किया जाता है। यह प्राचीन सनातन संस्कृति की अनुपम परंपरा है, इसी तिथि पर चंहुओर खुशियों, समृद्धि और हर्षोल्लास का वातावरण होता है। गुड़ी पड़वा पर घर-घर स्थापित होने वाला कलश हमारी पवित्र आत्मा को अभिव्यक्त करता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि समृद्धि और विकास का नव संवत्सर सभी के जीवन में सुख- समृद्धि और आनंद का भाव लाए, ईश्वर से यही कामना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव, प्रदेश के वृहद मराठी समाज द्वारा गुड़ी पड़वा के संदर्भ में मुख्यमंत्री निवास के सभागार में आयोजित कार्यक्रम को संबांधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव का समाज बंधुओं ने मंत्रोच्चार के बीच तिलक कर स्वागत किया और अंगवस्त्र एवं श्रीफल भेंट कर उनका अभिवादन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को मराठी साहित्य अकादमी, श्री संत सेवा संघ पुणे, पिपलानी गणेश मंडल भोपाल और कोलार महाराष्ट्र मंडल भोपाल की ओर से परम्परागत गुड़ी भेंट की गई। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने मध्यप्रदेश मराठी साहित्य संघ, भोपाल द्वारा प्रकाशित पत्रिका भोजपत्र का विमोचन भी किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विक्रम उत्सव के माध्यम से सम्राट विक्रमादित्य के जीवन के विभिन्न पहलुओं को जन सामान्य के सामने लाने का प्रयास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने त्योहार और पर्व का अंतर बताते हुए कहा कि जन्माष्टमी, राम नवमी, नवरात्रि, एकादशी, द्वादशी आदि जिन अवसरों पर उपवास रखा जाए वह पर्व हैं। कार्यक्रम में जबलपुर के पूर्व महापौर तथा निर्देशक मराठी साहित्य अकादमी संतोष गोडबोले, डॉ. अभिजीत देशमुख, श्रीमती नीलिमा देशपांडे सहित रीवा, इंदौर, भोपाल, मंडल, जबलपुर और विदिशा से पधारे समाज बंधु उपस्थित थे।

## उज्जैन में विक्रमोत्सव में शामिल होंगे राज्यपाल, मुख्यमंत्री और केन्द्रीय मंत्री

**भोपाल, देशबन्धु।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केन्द्रीय विधि एवं न्याय राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अर्जुनराम मेघवाल 30 मार्च को उज्जैन में विक्रमोत्सव-2025 में शामिल होंगे। उज्जैन में आयोजित होने वाले प्रदेश स्तर पर ब्रह्मध्वज स्थापना एवं सम्राट विक्रमादित्य पर केन्द्रित नाट्य प्रस्तुति होगी। साथ ही वीर भारत संग्रहालय का भूमि-पूजन, रूद्र सागर में लाइट एंड साउंड शो का शुभारंभ और सम्राट विक्रमादित्य हैरिटेज होटल का लोकार्पण भी किया जायेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के द्वारा कार्यक्रम में विक्रम पंचाग-2082 का विमोचन किया जाएगा। साथ ही सार्वभौम सम्राट विक्रमादित्य पद्मश्री डॉ. भगवतीलाल राजपुरोहित, शिप्रा लोक संस्कृति का कैलेण्डर, लोक कथाओं का कीर्तिपुरुष विक्रमादित्य डॉ. पूरन सहगल, कालकाचार्य कथा की परंपरा- विनोद कुमार सुनार, जल स्त्रोत एवं जल संवर्धन डॉ. प्रभा श्रीनिवासुलु, मंदिरों की छाया में बसे शहर डॉ. आभा सेन, भारत विक्रम श्रीराम तिवारी, राजेश्वर त्रिवेदी, प्रवीण पाटोद, दत्तात्रेय गीता, अवधूत गीता, भृगु गीता, उज्जैन का रंगों से भरा इतिहास, महर्षि पतंजलि का जन्म स्थान भोपाल, नर्मदापुरम में स्वाधीनता संग्राम, रायसेन जिले में स्वाधीनता संग्राम पुस्तकों का भी विमोचन भी होगा। कार्यक्रम में ड्रोन-शो की प्रस्तुति दी जाएगी। तत्पश्चात सुप्रसिद्ध पार्श्व गायिका सुश्री श्रेया घोषाल के द्वारा सांगीतिक प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम में नववर्ष चैत्र प्रतिपदा की संध्या पर भव्य आतिशबाजी भी की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के द्वारा कार्यक्रम में पुस्तक रचनाकार विद्वानों का सम्मान किया जाएगा।

पार्श्व गायिका श्रेया घोषाल की होगी संस्कृतिक प्रस्तुति

राज्यपाल ने 42 साल पहले की सिकलसेल प्रभावितों की बताई करुण कहानी, किया आव्हान

# समाज का हर वर्ग बीमारी उन्मूलन के लिए दे अपना योगदान



**भोपाल, देशबन्धु।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने समाज में प्रत्येक व्यक्ति सिकलसेल उन्मूलन मे योगदान की अपील की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक सिकलसेल एनीमिया के उन्मूलन का लक्ष्य रखा है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए समाज के हर वर्ग का सहयोग आवश्यक है। मध्यप्रदेश, ओडिशा और छत्तीसगढ़ के बाद देश का तीसरा ऐसा राज्य है जहाँ सिकलसेल एनीमिया के सर्वाधिक प्रभावित मरीज़ हैं। उन्होंने कहा कि प्रभावित क्षेत्रों में जागरूकता और शिक्षा के द्वारा इस बीमारी की रोकथाम संभव है। राज्यपाल श्री पटेल महात्मा गांधी स्मृति मेडिकल कॉलेज इंदौर में राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन के तहत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री द्वय श्रीमती सावित्री ठाकुर और दुर्गादास उइके, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, विधायक राकेश शुक्ला, मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया, सिकलसेल मिशन की डिप्टी डायरेक्टर मध्यप्रदेश श्रीमती रूही ख़ान, एम वाई हॉस्पिटल के अधीक्षक डॉ. अशोक यादव एवं पूर्व डीन डॉ. शरद थोरा मंचासीन थे। सांसद श्री शंकर लालवानी ने इस अवसर पर एमवाय हास्पिटल की ब्लड बैंक टीम को एक वाहन अपनी सांसद निधि से दिए जाने की घोषणा की।

राज्यपाल श्री पटेल ने अपने उद्बोधन में 42 साल पहले की पीड़ा और करुणा की कहानी बतायी। उन्होंने कहा कि जब वे गुजरात में कॉरपोरेटर थे, तब उन्होंने पहली बार सिकलसेल एनीमिया की त्रासदी को देखा था। पड़ोस के सिकल सेल एनीमिया से प्रभावित एक बच्चे को वे बम्बई में डॉ. ढोलकिया के पास में इलाज के लिए ले गए थे, किन्तु उस बच्चे को बचाया नहीं जा सका था। इसी तरह उन्होंने मार्मिक ढंग से बताया कि किस तरह पड़ोस की छोटी बच्ची जो उनके गोद में खेला करती थी, इसी बीमारी की वजह से महज़ 4 दिनों में मृत्यु को प्राप्त हो गई।

राज्यपाल श्री पटेल ने बताया कि नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे, तब उन्होने राज्य सरकार के मंथन शिविर में सिकल सेल का मुद्दा रखा गया और तब से वे इस कार्य में लगे हुए हैं। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि जिस तरह भगवान राम के लंका जाने के दौरान राम सेतु निर्माण में गिलहरी ने भी अपनी भूमिका निभायी थी, उसी तरह समाज के प्रत्येक व्यक्ति को सिकलसेल एनीमिया के उन्मूलन में अपना योगदान देना चाहिए। राज्यपाल श्री पटेल ने उपस्थित सभी को इस अवसर पर शपथ भी दिलायी।

केंद्रीय राज्यमंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर ने कहा कि सिकलसेल के लिए अधिकतम जागरूकता और शिक्षा ज़रूरी है। उन्होंने उम्मीद ज़ाहिर की कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प वर्ष 2047 तक अवश्य पूरा होगा। केंद्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उइके ने अपने संबोधन में राज्यपाल मंगुभाई पटेल को समाज के प्रति समर्पित और संवेदनशील राज्यपाल बताया। उन्होंने कहा कि राज्यपाल महोदय राजभवन तक कभी सीमित नहीं रहे, उन्होंने मध्य प्रदेश के प्रत्येक ज़िले में जाकर सिकल सेल एनीमिया के लिए जन चेतना को जागृत किया है।

जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि मालवा के जनजातीय अंचल में सिकल सेल एनीमिया के रोगियों को एमवाय हॉस्पिटल से महत्वपूर्ण मदद मिल रही है। ये हर्ष का विषय हैं कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की दूरदर्शिता से सरकार ने अस्पताल के लिए साढ़े 700 करोड़ रूपये की राशि स्वीकृत की है। कार्यक्रम के प्रारम्भ में डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया। अधीक्षक डॉ. अशोक यादव ने बताया कि एमवाय हॉस्पिटल में ब्लड बैंक से सिकल सेल एनीमिया के रोगियों को जीवन रक्षक मदद मिल रही है। मिशन की डिप्टी डायरेक्टर श्रीमती रूही ख़ान ने कहा कि मध्य प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा एक जुलाई 2023 को यह मिशन लाँच किया गया था। राज्यपाल श्री पटेल की संवेदनशीलता के कारण मिशन मध्य प्रदेश में सफल सिद्ध हुआ है।

# राणा सांगा पर आपत्तिजनक टिप्पणी गलत



टिप्पणी करने वाले व्यक्ति पर हमला करने का किसी को अधिकार नहीं

**ग्वालियर, एजेंसी।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने राणा सांगा पर की गई टिप्पणी का विरोध करते हुए कहा कि उन पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी गलत है, टिप्पणी करने वाले व्यक्ति पर हमला करने का किसी को अधिकार नहीं है।

मध्य प्रदेश के ग्वालियर में राष्ट्रीय मजदूर इंटक के कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचे राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह ने संवाददाताओं से चर्चा करते हुए कहा कि राणा सांगा जैसे वीर हमारे इतिहास में कम हुए हैं, जिसके अंग-अंग पर चोट थी, सौ से ज्यादा घाव थे। उन पर अगर आपत्तिजनक टिप्पणी की जाती है, तो गलत है और अगर किसी ने टिप्पणी की है तो उसके घर पर हमला करने का किसी को अधिकार नहीं है। पिछले दिनों सपा सांसद रामजी लाल सुमन ने राणा सांगा को लेकर टिप्पणी की थी, उसके बाद कुछ लोगों ने उनके आवास पर भी हमला किया था। उसी पर सिंह ने अपनी राय जाहिर की। देश और प्रदेश में मजदूरों के हितों का संरक्षण नहीं हो रहा है। गांव के मनरेगा के मजदूरों का भुगतान नहीं हो रहा है, उन्हें काम नहीं मिल रहा है, पलायन हो रहा है और कोई सुनने वाला नहीं है। मजदूरों के जो कानून थे, वह इन्होंने बदल दिए गए हैं और राष्ट्रीय मजदूर की जो नीति होनी चाहिए थी, वह जिनेवा इंटरनेशनल कन्वेंशन के अनुरूप होना चाहिए।

उसका पालन नहीं हो रहा है, 2015 के बाद से समिति की कोई भी बैठक नहीं हुई। भाजपा की ओर से परिवारवाद के आरोपों पर दिग्विजय सिंह ने कहा, लोकतंत्र में जनता जिसको भेजती है, उसका वह अधिकार होता है। भाजपा के अनेक उदाहरण मेरे पास हैं, इसलिए लोकतंत्र में वही चुनकर जाता है, जिसको जनता चाहती है। परिवारवाद तो सामंती प्रवृत्ति का सूचक है, इसलिए आज के लोकतंत्र में कहीं कोई सामंत नहीं है। सामंत वह है, जिसके पास लोकतंत्र में वोट का हक है, यानी आज के दौर में देश का हर नागरिक सामंत है। वक्फ बोर्ड विधेयक में संशोधन के सवाल पर पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि जो संशोधन बिल लाया जा रहा है, हम उसके खिलाफ हैं, क्योंकि यह बुनियादी तौर पर भारतीय संविधान में अल्पसंख्यकों को जो अधिकार है, उन्हें छीनने का प्रयास है। इस देश में पिछले 10-11 साल से यह पूरी सरकार केवल हिंदू-मुसलमान के अलावा दूसरा कोई काम नहीं कर रही है। राज्य में बेरोजगार युवाओं को आकांक्षी युवा का नाम दिए जाने पर पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, युवाओं को रोजगार नहीं देना, उन्हें नए-नए नाम दिए जा रहे हैं। हालात यह है कि न युवाओं को रोजगार मिल रहा है, जितना इम्तिहान हो जाता है, उसका नतीजा नहीं आता, नर्सिंग घोटाला सामने आया, मगर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।







































पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमिटेड फौजदार गैरेज पवारखेड़ा इटारसी रोड नर्मदापुरम से मुद्रित एवं 45, वार्ड नं. 6, कसेरा मुहल्ला नर्मदापुरम म.प्र. से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** फोन 422297। ई-मेल deshbandhuhbd1@gmail.com समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।